पौष मास, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष 11, अंक 318, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, सोमवार, 26 दिसम्बर, 2022

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अंदर - जलियांवाला की चिंगारी से निकला एक क्रान्तिकारी



अन्दर : क्रिसमस के जश्न में डूबी काशी, कैरोल गीत से गूंजे चर्च

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# पीएम ने दी कोरोना से सतर्क रहने की हिदायत

## बोले-नमामि गंगे अभियान में गंगा प्रहरियों और गंगा दूतों की भी बड़ी भूमिका

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार (25 दिसंबर) को साल 2022 के आखिरी मन की बात को संबोधित किया। प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 96वां संस्करण आज सुबह 11 बजे प्रसारित हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 98वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच लोगों को सचेत करते हुए कहा, आप भी देख रहे हैं कि दुनिया के कई देशों में कोरोना बढ़ रहा है, इसलिए हमें मास्क और हाथ धुलने जैसी सावधानियों का और ज्यादा ध्यान रखना है।

हम सावधान रहेंगे तो सुरक्षित भी रहेंगे और हमारे उल्लास में कोई रूकावट भी नहीं पड़ेगी। प्रधानमंत्री ने मन की बात के 100वें एपिसोड के लिए सुझाव भी मांगे। उन्होंने कहा कि 100वें एपिसोड में हम क्या बात करें, उसे कैसे खास बनायें, इसके लिए आप मुझे अपने सुझाव भेजेंगे तो मुझे बहुत अच्छा

**मन की बात**

**पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने शिक्षा, विदेश नीति और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित हर क्षेत्र में भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया**

**भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया : पीएम**

लगेगा।

मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने शिक्षा, विदेश नीति और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित हर क्षेत्र में भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि साल 2022 अद्भुत रहा। भारत ने आजादी के 75 साल पूरे किए जबकि अमृत काल शुरू हुआ। भारत ने तेजी से प्रगति की और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। हम सभी के



लिए यह गौरव की बात है कि भारत की इस पहल को आज दुनियाभर की सराहना मिल रही है । यूनाइटेड नेशन ने नमामि गंगे मिशन को इकोसिस्टम को रीस्टोर करने वाले दुनिया के टॉप टेन इनीसिएटिव में शामिल किया है। ये और भी खुशी की बात है कि पूरे विश्व के 160 ऐसे इनीसिएटिव में नमामि गंगे को यह सम्मान मिला है।

प्रधानमंत्री ने जलज आजीविका मॉडल की चर्चा करते हुए कहा कि इस बायोडाइवर्सिटी को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। इस टूरिज्म-बेस्ड बोट सफारी को 26 लोकेशन पर लांच किया गया है। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे अभियान की सबसे बड़ी ऊर्जा, लोगों की निरंतर सहभागिता है। नमामि गंगे अभियान में गंगा प्रहरियों और गंगा दूतों की भी बड़ी भूमिका है। नमामि गंगे मिशन का विस्तार, उसका दायरा, नदी की सफाई से कहीं ज्यादा बढ़ा है` ये जहां हमारी इच्छाशक्ति और अथक प्रयासों का एक प्रत्यक्ष प्रमाण है। वहीं, ये पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विश्व को भी एक नया रास्ता दिखाने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2022 में देशवासियों ने एक और अमर इतिहास लिखा है। अगस्त के महीने में चला ह्यहर घर तिरंगाह्ण अभियान भला कौन भूल सकता है। वो पल थे हर देशवासी के रौंगटे खड़े हो जाते थे। आजादी के 75 वर्ष के इस अभियान में पूरा देश तिरंगामय हो गया।

आजादी के 75 वर्ष के इस अभियान में पूरा देश तिरंगामय हो गया। 6 करोड़ से ज्यादा लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फी भी भेजी। इस साल भारत को जी20 समूह की अध्यक्षता की ज़िम्मेदारी भी मिली है। साल 2023 को जी20 के उत्साह को नई ऊंचाई पर लेकर जाना है।

मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साल 2022 एक और कारण से हमेशा याद किया जाएगा। ये है, एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना का विस्तार। देश के लोगों ने एकता और एकजुटता को सेलिब्रेट करने के लिए भी कई अद्भुत आयोजन किए। इस साल देश ने नई रफ्तर पकड़ी और सभी देशवासियों ने एक से बढ़कर एक काम किए।

क्रिसमस के मौके पर देशवासियों को मन की बात कार्यक्रम के जरिए संबोधित करने से पहले पीएम मोदी ने देशवासियों से पिछले हफ्ते अपने विचारों को भेजने के लिए आमंत्रित किया था। पीएम मोदी ने 13 दिसंबर को ट्वीट कर कहा था कि इस साल 2022 की आखिरी मन की बात इस महीने की 25 तारीख को होगी। इस कार्यक्रम के लिए मैं आपके विचार प्राप्त करने के लिए बेहद उत्सुक हूं। मन की बात कार्यक्रम ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूसोनायर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया गया। यह हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होता है।


# चीन से लौटा युवक कोरोना पॉजिटिव

**आगरा।** ओमिक्रान बीएफ-7 के खतरे के बीच आगरा में एक कोविड संक्रमित मिला है। संक्रिमत युवक 23 दिसंबर को चीन से लौटा था। उसने एक प्राइवेट लैब में अपनी जांच कराई थी। रविवार सुबह मिली रिपोर्ट पॉजिटिव निकली। जानकारी होते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम युवक के घर पहुंच गई है। युवक के संपर्क में आने वाले लोगों की सूची बनाई जा रही है। सीएमओ डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि संक्रिमित का सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए लखनऊ लैब भेजा गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शाहगंज क्षेत्र के रहने वाला 40 वर्ष का युवक चीन गया था। वह 23 दिसंबर को आगरा लौटा है। यहां उन्होंने निजी लैब पर कोरोना की जांच कराई। रविवार को कोरोना की रिपोर्ट पाजिटिव आने पर निजी लैब ने स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। रैपिड रेस्पोंस टीम को युवक के घर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि युवक के संपर्क में आने वाले लोगों की सूची बनाई जा रही है। सभी की जांच कराई जाएगी। सीएमओ ने बताया कि आगरा में टीका उपलब्ध नहीं है। इसके लिए

**आफत**

**23 दिसंबर को आगरा लौटा युवक, आगरा में नहीं उपलब्ध है वैक्सीन**



उन्होंने शासन को अवगत करा दिया है। इधर कोरोना का खतरा बढने.की आशंका पर लोगों में बूस्टर डोज लगवाने की संख्या बढ़ रही है। वही तमाम ऐसे लोग भी जिन्होंने कोविड की एक भी डोज नहीं लगवाई है। इसके अलावा पहली डोज लगवाने वाले भी दूसरी डोज लगवाने के लिए अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन वैक्सीन नहीं होने पर लोग लौट रहे हैं। सीएमओ ने बताया कि आगरा में 39 लाख लोगों ने कोविड में सिंगल डोज लगवाई है। 35 लाख लोग ऐसे हैं जिन्होंने कोविड की दोनों डोज लगवा ली हैं। जबकि बूस्टर डोज लगवाने वालों की संख्या 9 लाख है।




# तिहाड़ जेल में बंद सत्येंद्र जैन की सुविधाओं में कटौती

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में मनी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की सुविधाओं में कटौती की गई है। जेल से उनके ऐशो आराम के वीडियो वायरल होने के बाद जेल प्रशासन ने उनकी सेल से कुर्सी, टेबल और दरी हटा दी है। 15 दिनों के लिए उनसे किसी आगंतुकों को मिलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एलजी वीके सक्सेना की ओर से गठित उच्चाधिकार समिति की रिपोर्ट आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। अब सत्येंद्र जैन की सेल में सिर्फ टेलीविजन है। जेल प्रशासन ने बैरक में बंद अन्य कैदियों को भी निर्देश दिए हैं कि कोई भी मदद के लिए जैन की सेल में नहीं जाएगा। सत्येंद्र जैन को अब जेल की ओर से ही सजा दी गई है।

**15 दिन तक नहीं मिल पाएगा कोई**

दरअसल इसे जेल की भाषा में पनिशमेंट कहा जाता है। जानकारी एक अनुसार, एलजी द्वारा गठित कमेटी की सिफारिश पर सतेंद्र जैन को जेल में मिलने वाली सुविधाएं भी अब घटाई गईं। दरअसल उन पर आरोप है कि सत्येंद्र जैन ने जेल मैनुअल का उल्लंघन किया था।

# देशभर में धूमधाम से मना क्रिसमस

**नई दिल्ली।** क्रिसमस का त्योहार पूरी दुनिया के साथ ही देश में भी 25 दिसंबर को मनाया जा रहा है। भारत में भी इस त्योहार की रौनक हर राज्य में दिखती है क्योंकि तमाम राज्यों में ईसाई धर्म के लोग बसते हैं। नागालैंड, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, गोवा और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में बड़ी संख्या में ईसाई रहते हैं। वाराणसी के विभिन्न चर्चों में भी खूब चहल-पहल रही।

इन राज्यों के अलावा, मुंबई और दिल्ली में भी भारतीय ईसाई और उनके कई चर्च हैं। हर जगह लोग अलग-अलग तरीके और अंदाज से क्रिसमस का त्योहार मनाते हैं। चर्चों को खास तरीके से सजाया गया है, जिसमें

**त्योहार**

**वाराणसी के चर्चों में भी रही चहल-पहल**

पोइनसेटिया फूल, सुगंधित मोमबत्तियां और चमकदार रोशनी होती है। वहीं लोग अपने घरों में भी क्रिसमस ट्री को सजाया। गोवा में चर्चों के अलावा क्रिसमस के समय घरों को दीपक और रोशनी से सजाने की परंपरा बहुत लोकप्रिय है। गोवा में ईसाई घरों के बीच कागज से बने विशाल लालटेन लटकाते हैं। दक्षिण भारत में ईसाई अक्सर अपने पड़ोसियों को यह दिखाने के लिए कि यीशु दुनिया की रोशनी हैं, अपने घरों की सपाट छतों पर तेल से जलने वाले छोटे दीए जलाते हैं।



वाराणसी में रविवार को क्रिसमस के अवसर पर कैंटोमेंट स्थित चर्च में उमड़ी भीड़

## रेलवे बोर्ड के नये अध्यक्ष होंगे अनिल लाहोटी

**नई दिल्ली।** 1984 बैच के आईआरईएस अधिकारी अनिल कुमार लाहोटी रेलवे बोर्ड के नये चेयरमैन व सीईओ होंगे। 31 दिसंबर को वीके त्रिपाठी का कार्यकाल पूरा होने पर कैबिनेट ने नए अध्यक्ष के नाम पर स्वीकृति दे दी है।



सेंट्रल रेलवे के निवर्तमान महाप्रबंधक व बोर्ड में सदस्य (इंफ्रा) अनिल कुमार लाहोटी ने रेलवे के ढांचागत विकास में योगदान दिया। इसके पूर्व उत्तर रेलवे में प्रमुख मुख्य अभियंता ( निर्माण) रहे श्री लाहोटी की अगुवाई में मालवीय ब्रिज के समांतर प्रस्तावित सिग्नेचर ब्रिज की कार्ययोजना तैयार हुई। वाराणसी में दोहरीकरण और बाईपास लाईन जैसी योजनाएं इनकी ही निगरानी में मूर्तरूप ले चुकी है। अनिल कुमार लाहोटी के रेलवे प्रमुख होने से वाराणसी में प्रस्तावित विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# सीएम योगी ने अटल जी को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का ऋषितुल्य जीवन सभी राष्ट्र भक्तों के लिए प्रेरणा है। योगी ने ट्वीट किया, मूल्यों व आदर्शों की राजनीति के साधक, प्रखर वक्ता, उत्कृष्ट कवि, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने आगे लिखा, आपका (अटल बिहारी वाजपेयी) ऋषितुल्य जीवन सभी राष्ट्र आराधकों के लिए प्रेरणा है। योगी ने सभी देशवासियों को सुशासन दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। अटल जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

वहीं, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ह्लबहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, प्रखर राजनेता, हमारे प्रेरणा स्त्रोत, भाजपा के पितामह, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। उनकी जयंती पर समस्त देशवासियों को सुशासन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ट्वीट कर कहा, भारतीय

**जयंती**

**बोले- राष्ट्र के लिए उनका योगदान हमारे लिए प्रेरणा**

**देशवासियों को सुशासन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं: मौर्य**

**अटल जी का त्यागमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत**



जनता पार्टी (भाजपा) के पितृ पुरुष, मां भारती के सच्चे सपूत, हमारे पथ प्रदर्शक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ट्वीट किया, ऋषि मन की सात्विकता, पर्वत समान दृढ़ता और उत्कृष्ट लोकतांत्रिक परंपराओं के जीवंत प्रतिमान, असंख्य कार्यकताओं के प्रेरणास्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जयंती पर कोटिशः नमन। श्रद्धेय अटल जी का त्यागमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने के करीब पहुंचे अश्विन

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज में दूसरे मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले रविचंद्रन अश्विन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार मिलने के बाद अश्विन सचिन तेंदुलकर के खास रिकॉर्ड के पास पहुंच गए हैं। रविचंद्रन अश्विन ने दूसरे मैच में नाबाद 42 रनों की पारी खेली, जिसके बदौलत भारतीय टीम को 3 विकेट से जीत मिली। अश्विन ने इस मैच में 54 रन बनाए और 6 विकेट लिए। अश्विन ने जीत के बाद कहा कि हमें अपने डिफेंस पर भरोसा जताना चाहिए। अश्विन को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच बने। वह यह अवॉर्ड हासिल करते ही महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रेकार्ड तोड़ने से दो कदम दूर है। भारत की ओर से सबसे ज्यादा से मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने वाले सचिन तेंदुलकर पहले स्थान पर हैं।

# 'खर्च का ब्योरा नहीं देने वाले टीएमसी नेताओं को पेड़ से बांधें'

**कोलकाता।** भाजपा नेता दिलीप घोष के इस बयान के बाद बवाल मच गया है जिसमें उन्होंने पार्टी के नेताओं का आह्वान किया था कि खर्च का ब्योरा न देने वाले टीएमसी नेताओं को पेड़ से बांध दें। टीएमसी के राज्यसभा सांसद शांतनु सेन ने कहा कि दिलीप घोष इस तरह की टिप्पणी इसलिए कर रहे हैं कि वह भाजपा में अपना वजन साबित करना चाहते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि घोष को भाजपा के अन्य राज्य नेताओं द्वारा दरकिनार कर दिया गया है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी और भाजपा के बीच बयानबाजी जारी है। वहीं, अपने बयानों के कारण अक्सर चर्चा में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है।

**दिलीप घोष का बयान**

**बंगाल के भाजपा नेता के बयान के बाद सियासी वार-पलटवार**

उन्होंने रविवार को भाजपा समर्थकों से कहा कि अगर टीएमसी के पंचायत सदस्य खर्च का ब्योरा नहीं दे पाते हैं तो उन्हें हमारा सामना करना पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने रविवार को अपने पार्टी समर्थकों से कहा कि अगर टीएमसी के पंचायत सदस्य विकास के लिए दिए गए धन का हिसाब देने में फेल साबित होते हैं तो उन्हें पेड़ों से बांध देना चाहिए। उन्होंने यह बयान पुरबा बर्धमान के शक्तिगढ़ में पार्टी की एक बैठक में दिया।

# को-स्टार शीजान खान पुलिस हिरासत में

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। एक्ट्रेस ने महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई में एक टीवी शो के सेट पर शनिवार को कथित रूप से आत्महत्या कर ली है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि एक्ट्रेस की मां ने को-स्टार शीजान खान के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की शिकायत दर्ज कराई है।

परिजनों की शिकायत के बाद तुनिशा के को-स्टार और यूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड शीजान मोहम्मद खान को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद एक्टर को मुंबई के वसई कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। 28 दिसंबर तक शीजान खान पुलिस कस्टडी में रहेंगे और उनसे पूछताछ की

**बड़ा खुलासा**

**15 दिन पहले तुनिशा शर्मा का शीजान से हुआ था ब्रेकअप**



जाएगी। इससे पहले शीजान खान के वकील शरद राय ने कहा था कि पुलिस और कोर्ट काम कर रही है। शीजान खान को कोर्ट में पेश किया गया है। उनके खिलाफ निराधार आरोप लगाए गए हैं। एसीपी चंद्रकांत जाधव ने कहा है कि तुनिषा शर्मा एक टीवी शो में बतौर एक्ट्रेस काम करती थीं।

## छपरा में पकड़ा गया जहरीली शराब का डिलीवरी ब्वॉय

**छपरा।** बिहार के छपरा में जहरीली शराबकांड के बाद लगातार गिरफ्तारी का दौर जारी है। इस बार जहरीली शराब का डिलीवरी ब्वॉय पकड़ा गया है। मढ़ौरा थाना के असोइया से अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जो जहरीली शराबकांड में शराब वितरण में संलिप्त पाया गया था। दूसरी ओर सीतामढ़ी में खाकी वर्दी वाले सिर्फ और सिर्फ शराब जब्त करने और शराबियों को पकड़ने में विशेष दिलचस्पी दिखा रहे हैं। पिछले तीन-चार दिनों से परिवहन विभाग की ओर से भी वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। जगह-जगह सड़कों पर खासकर चार पहिए वाले वाहनों को रोककर उसके यात्रियों की ब्रेथेलाइजर से जांच की जा रही है। वहीं, थाना पुलिस एवं उत्पाद विभाग से जुड़े पुलिस वाले वाहनों में शराब और शराबी, दोनों की खोज रहे हैं। इसमें पुलिस को सफलता भी मिल रही है। एसपी संतोष कुमार ने बताया कि मढ़ौरा थाना के असोइया से अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

# नेपाल में 'प्रचंड' बने नए प्रधानमंत्री

## पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' को राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने नियुक्त किया

**काठमांडू।** नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने देश की प्रतिनिधि सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी सीपीएन-माओवादी सेंटर के अध्यक्ष पुष्प कमल दाहाल को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। रविवार शाम राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है, राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के तहत प्रतिनिधि सभा के पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' को नेपाल के प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त किया है। संविधान के इस अनुच्छेद में ये प्रावधान है कि प्रतिनिधि सभा का सदस्य जो दो या दो से अधिक पार्टियों के समर्थन से बहुमत प्राप्त कर सकता है को प्रतिनिधि सभा में प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। प्रचंड ने रविवार को

**सियासत**

**नए गठबंधन को 275 सदस्यों वाली प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों का समर्थन हासिल**

**प्रचंड और ओली बारी-बारी से सरकार का करेंगे नेतृत्व**

राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास 'शीतलनिवास' पहुंचकर अपना दावा पेश किया कि प्रधानमंत्री पद के लिए 170 से ज्यादा सांसदों ने उनका समर्थन किया है।

इससे पहले नेपाल में राजनीतिक घटनाक्रम ने उस वक़्त नाटकीय मोड़ ले लिया जब विपक्षी सीपीएन (यूएमएल) और अन्य छोटी पार्टियों ने कम्युनिस्ट



पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) के चेयरमैन पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' को प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देने का एलान कर दिया। इसके साथ ही प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली विपक्षी सीपीएन (यूएमएल), सीपीएन (माओवादी सेंटर), राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और अन्य छोटी पार्टियां प्रचंड के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के लिए सहमत हो गई हैं। सीपीएन (माओवादी सेंटर) के महासचिव देब गुरुंग ने कुछ देर पहले ये बताया था कि, सीपीएन (यूएमएल), सीपीएन (माओवादी सेंटर) और अन्य पार्टियां राष्ट्रपति के कार्यालय 'शीतल निवास' जाएंगी जहां देश के संविधान के अनुच्छेद 76(2) के तहत 165 सांसदों के दस्तखत के साथ प्रचंड के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के लिए दावा पेश किया जाएगा.देब गुरुंग ने बताया कि सत्ता में साझेदारी के समझौते की चिट्ठी राष्ट्रपति को सौंपे जाने के लिए तैयार की जा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री ओली के बालकोट स्थित निवास स्थल पर हुई इस मीटिंग में उनके अलावा प्रचंड, आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के प्रमुख राजेंद्र लिंग्देन, जनता समानवादी पार्टी के अध्यक्ष अशोक राय समेत अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया।

## संक्षेप

### सोएपुर का लाल बना सेना में लेफ्टिनेंट



**वाराणसी।** भारतीय संघ लोक सेवा आयोग की सम्मिलित रक्षा सेवा (सीडीएस) की परीक्षा में राहुल पाल (23) ने सफलता प्राप्त कर लेफ्टिनेंट बने। उनके चयन से जिल में उत्साह का माहौल हैं वहीं राहुल के शिवविहार कालोनी हासिमपुर सोयेपुर निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। राहुल अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी के सदस्य होंगे जो भारतीय सेना में सेलेक्ट होकर सैन्य अधिकारी के रूप में देश की सेवा करेंगे। इनके पिता रविंद्रनाथ पाल सेना से सूबेदार मेजर पद से सेवानिवृत्त हैं तथा इनके दादा स्व0 जगन्नाथ भी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त थे। ग्राम बघाव( देइपुर), विकासखंड सादात जिला गाजीपुर के मूल निवासी रविन्द्र नाथ पाल के छोटे राहुल पाल ने दिल्ली विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर आनर्स में बीएससी की। साल के अगले सप्ताह से प्रशिक्षण के लिए वह भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में ज्वाइन करेंगे।

### रेप के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**बड़ागांव।** बड़ागांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को रविवार को दोपहर बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। निरीक्षक अपराध अवधेश तिवारी ने उपरोक्त सूचना के आधार पर अपने हमराहियों के साथ चोलापुर थानाक्षेत्र के आयर (बनियावापार) निवासी संतोष पटेल को उसके घर से हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासिनी नाबालिग किशोरी की मां ने शनिवार को स्थानीय थाने में दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कर शारिरिक शोषण करता रहा और मना करने एवं किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने लगा।

### नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुटा अपना दल

**वाराणसी।** नगर निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर रविवार को अपना दल कमेरावादी के पदाधिकारियों ने वार्ड नंबर 14 गनेशपुर के परमानंदपुर व वार्ड नंबर 56 लालपुर मीरापुर बसही के बनवारीपुर में बैठक की और मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजेश पटेल ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के सवाल पर लड़ा जाएगा। बैठक को प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, मण्डल अध्यक्ष उमेशचंद्र मौर्य, हंसराज हर्षित, प्रमोद पटेल, राजेन्द्र प्रधान, सिकंदर पटेल, रविशंकर पटेल, सुरेश पटेल आदि लोगों ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष कृष्णगोपाल पटेल व संचालन महासचिव रामकेश पटेल ने किया।

### विजेता पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

**बाबतपुर।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और पिंडरा तहसील के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का बड़ागांव विकास खण्ड के खरावन ग्रामसभा में अधिवक्ता सुमंत दुबे के नेतृत्व में सम्मानित किया गया। सम्मानित हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में मुख्य रूप से सेंट्रल बार के अध्यक्ष प्रभुनारायण पांडेय और महामंत्री शशिकांत दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरजेश सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष बनारस बार और प्रबंध समिति सदस्य कृष्णमोहन पांडे गुड्डू व तहसील पिंडरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश पटेल, महामंत्री श्याममोहन उपाध्याय समेत अन्य पदाधिकारी रहे। इस दौरान नरेंद्र दुबे, हेमंत दुबे,लक्ष्मीकांत त्रिपाठी,विनोद तिवारी,विनीत शुक्ला,कल्पेश तिवारी,अवनीश मिश्रा,राहुल मिश्रा,विनोद तिवारी महाराज,मनीष दुबे,हितेश तिवारी नीतीश दुबे सहित अन्य मौजूद रहे।

### कुएं में गिरने से महिला की मौत

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के बिहड़ा गांव स्थित कुएं में गिरने से महिला की मौत हो गई। बिहड़ा गांव निवासिनी उर्मिला देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार गौड़ की मौत हो गयी वह रविवार को भोर में घर से गयी थी। जब नही लौटी तो परिजन उसकी खोजबीन की तो घर के समीप कुएं के पास उसकी चप्पल व लाइट पड़ी थी। जब अंदर झांककर देखा तो उसमें उकसा शव उतराया था। पुलिस को सूचना दिए बिना उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**लोहता।** लोहता थाना क्षेत्र के एक गांव से एक माह पूर्व गायब हुई किशोरी को शनिवार की शाम पुलिस ने मूढ़ेला तिराहे के समीप से बरामद करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसे पाक्सो एक्ट में जेल भेज दिया। लोहता थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि किशोरी के पिता लोहता के कोटवा पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले है जो दिनांक 25 नवंबर को लोहता थाने में अनिकेत कुमार 19 वर्ष पुत्र लाल बहादुर निवासी ग्राम कोरौती थाना लोहता जिला वाराणसी नामक युवक के खिलाफ तहरीर दी थी।

# विवाहिता ने प्रेमी संग खाया विषाक्त, मौत

**ये दीवानगी**

**13 दिसंबर को हुई थी शादी**
**19 दिसंबर को आयी थी मायके**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** शादी के महज 11 दिन बाद ही शादीशुदा प्रेमिका और उसके प्रेमी ने एक साथ विषाक्त का सेवन किया और जान दे दी। इस घटना के बाद दोनों के परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया और हालांकि इसके पूर्व ही दोनों के परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया था।

घटना शनिवार देर रात की है जब प्रेमी ने प्रेमिका को घर के पास बुलाया। दोनों ने साथ-साथ जहर खाया। फिर वापस अपने-अपने घर चले गए और रविवार को दोनों की तबीयत खराब हुई लेकिन जान बचाया नहीं जा सका। मामले की जानकारी होने पर एसीपी राजातालाब अंजनी कुमार राय घटनास्थल पर पहुंचे और घटना संबन्धित जानकारी इकट्ठा की।

जानकारी के अनुसार मृतक दोनों पड़ोसी हैं और एक दूसरे से प्यार करते थे। ये सिलसिला एक साल से चल रहा था। बीते 13 दिसंबर को युवती की शादी मिर्जामुराद अदमा गांव के रहने वाले एक युवक से हो गयी। यहां युवती करीब एक सप्ताह तक पति के साथ रही और 19 दिसंबर वापस अपने मायके आ गई। इस शादी से युवती और उसका प्रेमी दोनों खुश नहीं थे। ऐसे में दोनों ने विषाक्त का सेवन कर खुदखुशी कर ली। पुलिस को मामले की जानकारी गांव वालों से मिली। परिजनों से पूछताछ हुई। फिलहाल दोनों के परिजनों ने तहरीर देने से मना कर दिया है। बावजूद इसके पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

### मारपीट कर स्कूटी ले उड़े मनबढ़

**वाराणसी।** महावीर मंदिर के पास रविवार को अपने एक मित्र से मिलने गए युवक को कुछ मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस बीच युवक कुछ समझ पाता मनबढ़ उसकी स्कूटी छीनकर चंपत हो गए। पीड़ित ने अर्दलीबाजार चौकी पर पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित युवक उत्तम सिंह शिवपुर का रहने वाला है। उसने तहरीर के माध्यम से बताया कि दिन में लगभग तीन बजे के करीब वह महावीर मंदीर के समीप एक ढाबे के पास पहुंचा, जहां बुलेट से आए दो मनमढ़ अज्ञात गाली देते हुए रुके और मेरे विरोध करने पर मारा पीटा। जिसके बाद स्कूटी छीनकर साथ ले गए। पुलिस तहरीर के आधार पर छानबीन कर आसपास के सीसी कैमरे खंगालने में जुटी रही।

## मारपीट की दो घटनाओं में छह पर मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के दल्लीपुर एवं करमपुर गांव में शनिवार को घटित मारपीट की दो घटनाओं में दो युवक घायल हो गये जिसमें दल्लीपुर निवासी युवक की हालत गंभीर बनी हुई है उसे वाराणसी स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायल दोनों पक्षों ने विपक्ष के छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मारपीट की पहली घटना करमपुर गांव में घटित हुई जिसमें पुरानी रंजिश को लेकर संतोष कुमार नामक युवक को उसी गांव के मोहित, सोहित नामक युवकों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया है। वहीं दूसरी घटना दल्लीपुर गांव में घटित हुई जिसमें जमीन विवाद को लेकर विपक्ष के सुनील, शिवांश, किरण और अंजू देवी लाठी डंडा और फावड़ा लेकर विपक्षी प्रदीप पांडेय को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## रेस के चक्कर में गयी जान, ट्रक ने कुचला

जनसंदेश न्यूज

**चोलापुर।** रिंग रोड हरीबल्लमपुर गांव के सामने रविवार की सुबह ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल को उसके साथियों ने अस्पताल में भर्ती कराया। ट्रेलर के पहिये के नीचे दबे शव को चोलापुर पुलिस ने बाहर निकाला और कब्जे में लिया। वहीं, ट्रेलर छोड़कर चालक फरार हो गया। चोलापुर पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया। बाइक पर रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर युवक की पहचान औसानगंज जैतपुरा के रूप में हुई है। चोलापुर पुलिस के अनुसार बाइक का रजिस्ट्रेशन औसानगंज निवासी सविता सोनी के नाम से है।



मृतक की फाइल फोटो

आसपास के लोगों के अनुसार चोलापुर थाना अंतर्गत हरीबल्लमपुर गांव के सामने रिंग रोड पर चार से पांच बाइक पर सवार युवक आपस में बाइक रेस लगा रहे थे। अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और उस पर सवार दो युवक सड़क पर आ गिरे।

पीछे से आए ट्रेलर के पहिये के नीचे आते ही जैतपुरा के दिगिया निवासी रजत वर्मा (32) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल युवक को उसके कुछ दोस्त उठाकर अस्पताल ले गए। पुलिस के अनुसार ट्रेलर को कब्जे में लिया गया है। शव को शिवपुर स्थित मोर्चरी हाउस में रखवाया गया है।

हादसे के कारण रिंग रोड पर जाम लग गया था। चोलापुर और लालपुर पांडेयपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और ट्रक को सड़क से किनारे करा कर आवागमन सामान्य कराया।

## बेगमपुरा एक्सप्रेस आठ घंटे देरी से पहुंची कैंट



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कोहरे की मार अब रोजाना ट्रेनों पर पड़ने लगी है। इससे ना सिर्फ यात्रियों की परेशानी बढ़ी है बल्कि लोको पायलट भी परेशान होने लगे हैं। भारत में सेमी हाई स्पीड संचालित वंदे भारत के पहिये भी कोहरे की मार से थमने लगे हैं। वंदे भारत रविवार को पूरे एक घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची।

रविवार को कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर आने वाली ट्रेनों में सर्वाधिक देरी से जम्मूतवी से आने वाली ट्रेन बेगमपुरा एक्सप्रेस रही, यह ट्रेन आठ घंटे देरी से कैंट स्टेशन पर पहुंची। इसके अलावा पंजाब मेल ढाई घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटा, दानापुर सिन्कदराबाद एक्सप्रेस सवा दो घंटे, गोदिया बरौनी एक्सप्रेस पांच घंटे, श्रमिक एक्स्प्रेस दो घंटे, गोरखपुर दादर स्पेशल दो घंटे लेट आई इसके अलावा एक दर्जन से अधिक ट्रेनें देरी से कैंट स्टेशन पहुंची। ट्रेनों के इंतजार में प्लेटफार्म पर बैठे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा इसके साथ ही लोको पायलट भी ट्रेनों के लेट होने से परेशान हो रहें हैं।

# जाम से बिलबिलाया छावनी क्षेत्र, रेंगते रहे वाहन

**क्रिसमस की क्राइसिस**

**राहगीर परेशान, रूट डायवर्जन भी नहीं आया काम**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** क्रिसमस पर रविवार की शाम वाराणसी में यातायात व्यवस्था ध्वस्त नजर आई। अंधरापुल, नदेसर से लेकर पूरा छावनी क्षेत्र जाम की चपेट में रहा। जाम में डीसीपी वरुणा जोन का वाहन भी फंस गया। वाहन से उतरकर डीसीपी आरती सिंह ने जाम छुड़ाया। रात तक वरुणा जोन का इलाका जाम की चपेट में रहा। उधर, गोदौलिया से लेकर गिरजाघर तक जाम में पर्यटक फंस गए। छावनी स्थित महा गिरजाघर में उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हुए रूट डायवर्जन से पूरा इलाका जाम की चपेट में रहा।

अंधरापुल से लेकर नदेसर तक वाहनों की लंबी लाइन देर शाम तक रही। अंधरापुल से नदेसर पहुंचने में लोगों को आधे घंटे से अधिक का समय लगा। छावनी क्षेत्र में बाहरी भीड़ आने के चलते यातायात व्यवस्था चरमरा गई। हाल यह रहा कि गलियों में भी बाइक और ई-रिक्शा ने काफी देर तक जाम लगाए रखा।



छावनी इलाके में शाम को जाम के चलते लोग रहे परेशान

चौकाघाट-घौसाबाद मार्ग पर भी वाहनों के अधिक दबाव से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यातायात पुलिस और स्थानीय थाने के पुलिसकर्मियों ने यातायात संचालन सुगम बनाने को लेकर कड़ी मशक्कत की।

उधर, रामापुरा चौराहा, गोदौलिया और गिरजाघर चौराहे पर भी शाम से लेकर रात तक यातायात जाम लगा रहा। क्रिसमस पर त्योहार मनाने लोग सड़कों पर उतरे तो क्राइसिस का आलम छा गया। जाम ने सबका मजा किरकिरा कर दिया।

## अटल ने देखा था सुशासन का सपना

### सुशासन दिवस पर याद किये गये पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी



रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यकताओं ने सुशासन दिवस मनाया

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** 'सुशासन दिवस' के अवसर पर रविवार को जनपद में विभिन्न आयोजन हुए। केंद्रीय संचार ब्यूरो की जिला इकाई ने चांदपुर स्थित एक कॉलेज में आजादी का अमृत महोत्सव जनजागरूकता कार्यक्रम किया। इस मौके पर वक्ताओं ने पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी के योगदान, उनके विशाल उदारवा दी व्यक्तित्व, राजनैतिक कौशल हिंदी प्रेम, विदेश नीति, सुशासन के लिए उनके कार्यों पर चर्चा की। साथ ही विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता और क्विज कंपटीशन का आयोजन किया।

कार्यक्रम में लखनऊ स्थित ब्यूरो के अपर महानिदेशक विजय कुमार ने डिजिटल इंडिया को सुशासन के लिए वरदान बताया। मुख्य अतिथि सामजिक कार्यकर्ता हेमंत सिंह भी विचार व्यक्त किये। रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय क्षेत्र स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में जिला-महानगर इकाई की ओर से हुई संगोष्ठी के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी सुशील त्रिपाठी थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक क नई दिशा देने वाले अटलजी सादगी की प्रतिमूर्ति थे। उनका सपना था कि रामराज्य की तरह वर्तमान में भारत में सुशासन हो। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, वरिष्ठ प्रचारक नागेश्वर, उदय प्रताप सिंह पप्पू एवं रामप्रकाश दुबे आदि ने भी विचार व्यक्त किये। चौबेपुर प्रतिनिधि के अनुसार कैथी स्थित मार्कंडेय महादेव मंदिर के निकट हुए आयोजन में भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री पवन चौबे की मुख्य उपस्थिति रही। रामनगर प्रतिनिधि के मुताबिक रामनगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम में लोगों ने अटलजी को याद किया। साथ ही साहित्य नाका स्थित बाल सुधार गृह में बच्चों को फल बांटे।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 3338981 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र खो गया है। अमरजीत सिंह पुत्र प्रभुनाथ सिंह, ग्राम+पोस्ट-बकवा, जिला-बलिया, उप्र।

Rani Devi Wife of No. 3017461H Lens Nayak Satish Kumar Singh Village Post-Dokti, Tehsil-Bairiya, District-Ballia UP The name is not Rani Kumari. Actually Rani Devi is.

## गांजा तस्कर गिरफ्तार

**लोहता।** लोहता थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने चेकिंग के दौरान गांजा तस्कर को केराकतपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। अभियुक्त की पहचान अकरम निवासी रहीमपुर लोहता के तौर पर हुई। लोहता थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि वाहन चेकिंग गस्त के दौरान जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि एक व्यक्ति झोले में गांजा की पुड़िया लेकर जा रहा है। सूचना को गम्भीरता से लेते हुए उपनिरीक्षक श्याम लाल सरोज,उपनिरीक्षक संदीप सिंह कांस्टेबल विनय कुमार, उपेंद्र कुमार उसे केराकतपुर देशी शराब की दुकान के से दबोचा।

# सीपी ने सारनाथ थाने का किया निरीक्षण

**लिया हाल**

**कई आवश्यक निर्देश दिये**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट मुथा अशोक जैन ने रविवार को थाना सारनाथ, पर्यटक थाना व सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने थाना सारनाथ कार्यालय के रजिस्टरों/अभिलेखों का अवलोकन किया।

उन्होंने आगंतुक रजिस्टर को चेक किया तथा जनसुनवाई को प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश दिए। महिला हेल्प डेस्क, एण्टी रोमियो, मिशन शक्ति, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, विवेचना कक्ष आदि की समीक्षा की गई। थाना सारनाथ परिसर, आवास, बैरक आदि के साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस आयुक्त ने थाना सारनाथ परिसर में रखे पुराने वाहनों की नीलामी/निस्तारण को लेकर निर्देशित किया।



सीपी ने सारनाथ थाने का किया निरीक्षण

साथ ही प्रभारी निरीक्षक सारनाथ को यह भी निर्देशित किया गया कि बिना किसी कानूनी अड़चन वाले वाहनों/गाड़ियों को चिन्हित कर उनके मालिकों को बुलाकर उनका निस्तारण 15 दिवस के अन्दर करायी जाय। पोर्टल पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किये जाने का निर्देश दिया। साथ ही असामाजिक तत्वों पर निगरानी तेज करने के निर्देश दिए गए।पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा थाना क्षेत्र में होने वाली वाहन चोरी / नकबजनी व पुराने चोरों एवं उनके गिरोह पर निगरानी व रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही किये जाने के लिए प्रभारी निरीक्षक सारनाथ को निर्देशित किया गया ।

## विजेता पदाधिकारियों का गिया गया सम्मान

**बाबतपुर।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और पिंडरा तहसील के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का बड़ागांव विकास खण्ड के खरावन ग्रामसभा में अधिवक्ता सुमंत दुबे के नेतृत्व में सम्मानित किया गया। सम्मानित हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में मुख्य रूप से सेंट्रल बार के अध्यक्ष प्रभुनारायण पांडेय और महामंत्री शशिकांत दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरजेश सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष बनारस बार और प्रबंध समिति सदस्य कृष्णमोहन पांडे गुड्डू व तहसील पिंडरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश पटेल, महामंत्री श्याममोहन उपाध्याय समेत अन्य पदाधिकारी रहे। इस दौरान नरेंद्र दुबे, हेमंत दुबे,लक्ष्मीकांत त्रिपाठी,विनोद तिवारी,विनीत शुक्ला,कल्पेश तिवारी,अवनीश मिश्रा,राहुल मिश्रा,विनोद तिवारी महाराज,मनीष दुबे,हितेश तिवारी नीतीश दुबे सहित अन्य मौजूद रहे।

### डिवाइडर से टकराकर डंपर गिरा खाई में

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत रिंग रोड फेज 2 से शाम लगभग 7 बजे हरहुआ से राजातालाब की तरफ जा रही तेज रफ्तार डंपर वरुणा नदी पुल से पहले अचानक डिवाइडर को तोड़ते हुए 10 फीट खाई में गिर गयी। क्षेत्रीय लोगों की मदद से डंपर चालक सोमनाथ निवासी कन्नौज को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए भिजवाया गया। घायल की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

[illegible] गंगा प्रदूषण निवारण इकाई उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), [illegible], वाराणसी-[illegible]
Letter No.-4302/[illegible]/344
Dated - 17/12/2022
अल्पकालीन ई- निविदा सूचना
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) की ओर से [illegible] Disposal of Sludge from [illegible] STP [illegible] Sludge bed to suitable place कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा दिनांक 21.12.2022 से 06.01.2023 तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी। [illegible] P.N. [illegible] परियोजना प्रबन्धक, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) [illegible] में [illegible]।

**यू0 पी0 स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कॉरपोरेशन लि0**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र

पत्रांक: 419/डी0ई0मी0/वाटर रिचार्जिंग कार्य/टेण्डर/2022-23 दिनांक: 24.12.2022

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 2022-23**

यू0 पी0 स्टेट एग्रो इण्टस्ट्रियल कॉरपोरेशन लि0 सोनभद्र द्वारा वर्ष 2022-23 में विन्ध्याचल मण्डल मिर्जापुर के जनपद सोनभद्र में भू-गर्भ जल एवं अन्य जल स्रोत के प्रदूषण निवारण हेतु वाटर रिचार्जिंग कार्य हेतु विभागीय पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से ई-टेण्डर निम्न विवरण के अनुसार जनपद सोनभद्र में दिनांक 26.12.2022 से दिनांक 02.01.2023 अपरान्ह 11:00 बजे तक ई-टेण्डर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (एफ0डी0आर0) | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | तकनीकी निविदा खोलने की समय |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | भू-गर्भ जल एवं अन्य जल स्रोत के प्रदूषण निवारण हेतु वाटर रिचार्जिंग का कार्य हेतु | 2.00 लाख एफ0डी0आर0 | 02.01.2023 | 12:00 |

तकनीकी एवं वित्तीय निविदायें निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 02.01.2023 को अपरान्ह 12:00 बजे तक वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड करना अनिवार्य होगा एवं निविदा फार्म का मूल्य (मु0 3000.00 एवं जी0एस0टी0 18 प्रतिशत की दर से) एवं धरोहर धनराशि जनपद सोनभद्र में उक्त कार्य के लिए मु0 2.00 लाख (अनु0 जाति/जनजाति को नियमानुसार छूट दी जायेगी) का एफ0डी0आर0, जो "यू0 पी0 स्टेट एग्रो इण्टस्ट्रियल कॉरपोरेशन लि0, पेयबुल एट सोनभद्र" के पक्ष में देय हो, को मूलरूप में मण्डलीय कार्यालय/सेवा केन्द्र सोनभद्र पर दिनांक 02.01.2023 को अपरान्ह 11:00 बजे तक जमा करना होगा तथा अन्य जानकारी हेतु मण्डलीय कार्यालय/सेवा केन्द्र पर किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। निविदादाताओं हेतु किसी प्रकार की निविदा सम्बन्धी संशोधन सूचना वेबसाइट पर ही डाली जायेगी, पृथक से प्रकाशन नहीं किया जायेगा। तकनीकी निविदा पूर्ण पाये जाने पर ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

समिति को यह अधिकार होगा कि वह कोई अथवा समस्त निविदाएं बिना कारण बताये निरस्त कर दें।

(राकेश दत्ता)
मंडलीय अभियंता
विन्ध्याचल मण्डल मिर्जापुर

पत्रांक: 418/डी0ई0मी0/वाटर रिचार्जिंग कार्य/टेण्डर/2022-23
दिनांक: 24.12.2022

# गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाशोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

**त्योहार**

**पंच प्यारे ने की शोभायात्रा की अगुवाई**

**वाराणसी।** खालसा पंथ के संस्थापक, गुरू गोविन्द सिंह महाराज के 356वें प्रकाशोत्सव गुरू पर्व पर रविवार को विशाल शोभायात्रा नगर कीर्तन, जुगो-जुग अटल श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी की अगुवाई में गुरूद्वारा बड़ीसंगत, नीचीबाग (आसभैरव) से निकाली गई। शोभायात्रा चौक, गोदौलिया, गिरजाघर चौराहा, नईसड़क, लहुराबीर, कबीरचौरा, मैदागिन होते हुए वापस गुरूद्वारा बड़ीसंगत, नीचीबाग (आसभैरव) आकर समाप्त हुई।



शोभायात्रा के आगे चलते पंच प्यारे

शोभायात्रा में परम्परा अनुसार गुरू ग्रंथ साहिब जी की सवारी गाड़ी को फूल-मालाओं एवं बिजली के झालरों द्वारा भव्य तरीके से सजाया गया था। इस धार्मिक शोभायात्रा के साथ पंज प्यारे पैदल एवं पंज प्यारे घोड़े पर चल रहे थे। महिलायें/पुरूष गुरूवाणी शबद कीर्तन करते हुए चल रहीं थी। बाबा दीप सिंह गतका पार्टी मार्शल आर्ट चंडीगढ़ ने भिन्न-भिन्न मार्गो पर शस्त्र-कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए काशी की संगत को निहाल किया। गुरूनानक खालसा बालिका इण्टर कालेज गुरूबाग, गुरूनानक इंग्लिश मीडियम स्कूल, गुरूबाग एवं गुरूनानक इंग्लिश स्कूल, शिवपुर के बच्चे विशेष परिधान पहनकर शबद गायन एवं जयकारा बोलते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में पंजाब से आये आर्मी बैन्ड एवं स्थानीय कई बैंड-बाजे विभिन्न पोशाकों में भक्तिमय धुनों पर चल रहे थे। साथ में रंग बिरंगे रोडलाइट, हाथी-घोड़े भी शामिल होकर नगर कीर्तन की शोभा बढ़ायी। शोभायात्रा के पवित्रता के लिये, संगत सड़क की सफाई झाड़ू लगाकर एवं पानी छिड़ककर रास्ते को पवित्र किया। बच्चे भी जिनके हाथो में "स्वच्छ काशी, सुन्दर काशी" का बैनर एवं पीठ पर स्वच्छता स्टीकर लगाकर सड़क की सफाई करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा जिस मार्ग से गुजरी, वहाँ लोग श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के ऊपर पुष्प वर्षा करते हुये चल रहे थे। शोभायात्रा समापन के समय गुरूद्वारा, नीचीबाग पहुँचने पर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब की आरती एवं अरदास करके सुखासन स्थान ले जाया गया। शबद कीर्तन, भाई जगतार सिंह जी ने सभी संगत का धन्यवाद किया। उपरान्त गुरू का अटूट लंगर बरताया गया।



# वाराणसी

# कोर्ट के निर्णय पर टिकी उम्मीदवारों की उम्मीद

राघवेन्द्र केशरी

**निकाय चुनाव**

### ओबीसी आरक्षण को लेकर स्थिति साफ न होने पर राजनीतिक दल भी अभी नहीं कर पा रहे उम्मीदवारों का चयन

**वाराणसी।** निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में हाईकोर्ट के प्रवेश के बाद अब उम्मीदवारों की निगाहें निर्वाचन आयोग के बजाय कोर्ट के निर्णय पर टिक गई हैं। हालांकि मामले में बीते शनिवार को सुनवाई पूरी कर ली गई है, जिसका फैसला मंगलवार 27 दिसंबर को आना है। वहीं दूसरी ओर इसे लेकर स्थिति साफ न होने की वजह से राजनीतिक दल भी अभी तक उम्मीदवारों का चयन नहीं कर पा रहे हैं।

ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में शनिवार को भी सुनवाई हुई। इस दौरान याची व सरकारी पक्ष के वकील ने दलीलें दी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। जिसके बाद अब निर्णय 27 दिसंबर को सुनाया जाएगा। शुक्रवार को समय की कमी के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी थी। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और



न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ में बीते बुधवार को सुनवाई के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है। वहीं, राज्य सरकार ने हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए ओबीसी के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। इन सभी दाव पेंच में चुनाव की तिथि घोषित नहीं हो पाई है। वहीं वार्डों सेहित महापौर और नगर पंचायत अध्यक्ष की सीटों के आरक्षण पर भी अंतिम सूची जारी नहीं हो सकी है।

भाजपा सहित सपा, बसपा और कांग्रेस की कोर कमेटी जो चुनाव संबंधी निर्णय लेने पर विचार कर रही थी, उसमें भी ब्रेक लग गई है। देखा जाए तो मामले की स्टेयरिंग अब न्यायलय के पास चली गई है। जनाकारों की मानें तो 27 को आने वाले फैसले के बाद संभव है कि चुनाव की तिथियां जारी हों, इससे चुनाव जनवरी माह में होने के आसार भी तेज हो गए हैं।

#### अभी तक नहीं आ सकी अंतिम सूची

ओबीसी आरक्षण का मामला कोर्ट में जाने के बाद शासन की ओर से दिसंबर माह के पहले सप्ताह में जारी की गई वार्डों के आरक्षण और महापौर व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की अंतिम सूची अभी तक जारी नहीं की जा सकी है। जिसके लिए आपत्ति और दावे भी लिए जा चुके हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों में भी उहापोह की स्थिति भी बनी हुई है। जिसके चलते उम्मीदवारों का चयन भी अटका हुआ है। उधर तैयारी में लगे उम्मीदवारों की भी आरक्षण को लेकर सांस अटकी पड़ी है। बैरहाल चुनाव की स्थिति पर से पर्दा 27 को ही उठने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। जिसके बाद चुनाव की तस्वीर साफ हो सकेगी।

#### चुनाव में देरी से बढ़ रहा खर्च

निकाय चुनाव के ओबीसी आरक्षण का मामला कोर्ट में जाने के बाद क्षेत्र में प्रचार प्रसार में जुटे उम्मीदवारों की जेब खाली हो रही है। क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखने के लिए कई माह से तैयारी में लगे उम्मीदवारों को त्योहार की बधाई और शुभकामनाएं देने में तमाम हटकंदे अपनाने पड़ते हैं। बीते त्योहार दशहरा, दीपावली वाले होर्डिंग और प्लैक्स उतरवाकर उन्हें नए वर्ष और मकर संक्रांति के होर्डिंग और प्लैक्स बनवाने के लिए पिंटिंग के आर्डर देने पड़ रहे हैं। जिससे उनका खर्च और बढ़ गया है। इनमें कई ऐसे उम्मीदवार भी हैं, जो आरक्षण की अनंतिम सूची जारी होने के बाद से ही डोर टू डोर प्रचार में लगे हैं।

## काशी स्टेशन के लिए 323 करोड़ की निविदा जारी

**वाराणसी।** गंगा तट स्थित प्राचीन काशी स्टेशन के दिन बहुरने वाले हैं। मेजर अपग्रेडेशन (पुनर्निर्माण) कार्य के बाद यहां पूरा नजारा ही बदल जाएगा। इस कार्य के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से निविदा जारी कर दिया गया। करीब 323 करोड़ रूपए की इस परियोजना से पूरे परिसर का कायाकल्प किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के दौरे के बाद इस महत्वाकांक्षी परियोजना में तेजी आ गई है। यहां टेक्नो फिजीबिलिटी सर्वे का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। वर्षांत तक डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) भी तैयार हो जाएगा। निरीक्षण दौरे में रेलमंत्री पहले ही साढ़े तीन सौ करोड़ रूपए बजट स्वीकृति का ऐलान कर चुके हैं। यहां प्रस्तावित इंटर मॉडल स्टेशन (आईएमएस) के तहत रेलवे को अपने हिस्से का काम करना है। काशी स्टेशन पर मेजर अपग्रेडेशन (पुनर्निर्माण) परियोजना में प्रथम और द्वितीय प्रवेश द्वार को जोड़ते हुए एयर कॉनकोर्स (सिटी सेंटर) बनाए जाएंगे।

# बच्चों ने फैंसी ड्रेस से बिखेरा जलवा

**बांग्ला मेला**

### समापन पर विधायक सौरभ ने किया पुरस्कार वितरण

**वाराणसी।** बंगीय समाज की ओर से बंगाली टोला इंटर कालेज परिसर में आयोजित त्रिदिवसीय बांग्ला मेले का रविवार को समापन हो गया। आखिरी दिन मेले में रात्रि तक महिलाओं व पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ी रही। मेले में लगाये गये स्टालों पर महिलाओं व पुरुषों ने जम कर खरीदारी की। आखिरी दिन बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई जिसमें कक्षा पांचवीं के 38 बच्चों ने भाग लिया। इसमें कृष्णा कन्नौजिया प्रथम, नव्या प्रजापति द्वितीय, कृतिका साहा व अध्ययन गुप्ता तृतीय तथा स्वातिक भट्टाचार्य को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव व बंगीय समाज के अध्यक्ष अशोक कांति चक्रवर्ती ने दिया। अंतिम दिन रविवार को स्टालों पर सामानों की खरीदारी के लिए महिलाओं व युवतियों के अलावा पुरुषों की भीड़ उमड़ी रही। महिलाओं की सर्वाधिक भीड़ बंगाल की साड़ियों के अलावा खान पान के स्टॉलों पर देखी गई। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत मां दुर्गा डांस, वंदना डांस, फोक डांस आदि हुआ। इसके साथ ही विविधता में एकता कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम में बंगीय समाज के अध्यक्ष अशोक कांति चक्रवर्ती, महेन्द्र केशरी बनर्जी मेला संयोजक आशीष कुमार दास, दीपक कांति चक्रवर्ती, इंदूभूषण भट्टाचार्य, सैगत भट्टाचार्य, अजय राय, अर्चिता धर, अतनु मुखर्जी, विश्वनाथ भट्टाचार्य, श्यामा प्रसाद आदि मौजूद थे।

# गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना में गूंजा प्रभु का संदेश

**मैरी क्रिसमस**

### फादर ने धरती पर प्रभु यीशु के आगमन का मसीही समुदाय को बताया उदेश्य

### भक्ति गीत संगीत के बीच सभी में दिखा उल्लास, दी मैरी क्रिसमस की बधाई

**वाराणसी।** प्रभु यीशु के जन्म लेने के एक दिन 25 दिसम्बर यानि बड़ा दिन की सुबह रविवार को चर्चो में मसीसी समाज के लोग नये वस्त्र धारण के साथ ही पहुंचने लगे थे, हर तरफ जश्न का माहौल था लोग एक दूसरे को मैरी क्रिसमस की बधाई देते नजर आते रहे।

हाथ में केक व मोमबत्ति लेते नदेसर स्थित लाल गिरजाघर में पहुंचे मसीही समाज के लोगों ने फादर की ओर करायी जाने वाली विशेष प्रार्थना में शामिल हुए। चर्च में क्रिसमस की विशेष आराधना सुबह 9 बजे प्रारंभ हुई, जिसमें भारी संख्या में ईसाई बंधु परिवार सभा में शामिल थे। प्रार्थना सभा में भक्ति के साथ सभी पुरुष युवा बच्चे महिला वर्ग शामिल थे। इस पावन अवसर पर क्रिसमस केक काटा गया। इसके साथ ही सभी ने प्रभु यीशु के आगमन के उद्देश्य को फादर की ओर से सुना। इसके साथ ही संगीत के माध्यम से भजनों की भी प्रस्तुति की गयी।



प्रभु के जन्म के बाद प्रार्थना में भाग लेता मसीही समुदाय



कैरोवल गीत प्रस्तुत करतीं युवतियां

# बुलाया गया था तीन लेकिन पहुंचे तेरह...

राधेश्याम कमल

क्रिसमस की पूर्व संध्या पर एक चर्च में प्रेस वार्ता आयोजित की गई थी। इस प्रेसवार्ता में शहर के प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रानिक मीडिया को आमंत्रित किया गया था। कहावत है कि बुलाया गया तीन को लेकिन पहुंचे तेरह। हुआ यह कि इस प्रेसवार्ता में पहुंचने वालों की संख्या 130 हो गई। इसमें सोशल मीडिया वालों की संख्या कुछ ज्यादा ही थी। सभी ने केक, गाजर का हलुआ, चूड़ा मटर का स्वाद लिया और डायरी तथा कैलेण्डर लेकर चले गये। बहुत सारे लोग ऐसे भी थे जो एक की बजाय दो डायरी व कैलेण्डर का जुगाड़ कर चले गये। किसी भी प्रेसवार्ता में इस सोशल मीडिया वालों का इस तरह पहुंचने को लेकर चर्च के पदाधिकारी भी हैरान थे। उन्हें समझ में नहीं आ रहा था कि ये क्या हो रहा है। प्रेसवार्ता में बहुत सारे ऐसे भी थे जिन्हें बुलाया ही नहीं गया था।




#### जब कंबल भी कम पड़ गया...

शहर में बीएचयू के समीप एक समाज के अधिवेशन को लेकर एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई। आयोजकों ने मीडिया वालों के लिए जलपान के साथ ही गिफ्ट की भी व्यवस्था की थी। गिफ्ट में सभी को कंबल दिया जा रहा था। प्रेसवार्ता में आलम यह था कि सोशल मीडिया वालों में एक की बजाय दो-तीन लोग आये थे। जब कंबल लेने की बात आयी तो सभी कंबल लेने के लिए टूट पड़े। आखिरकार कंबल भी कम पड़ा। आयोजकों ने साफ कहा कि देखिये एक प्रेस से सिर्फ एक ही कंबल दिया जायेगा। लेकिन उनमें से कोई मानने को तैयार नहीं था। आयोजकों ने कई को बैरंग लौटा दिया। किसी ने टिप्पणी की अगर इसी तरह बुलायेंगे तो यही हालत होगी।

#### सब कोई हमरे पर टूट पड़त हव

गोदौलिया चौराहे पर भूले भटके यात्रियों की सुविधा के लिए वहां मौजूद कौशल किशोर मिश्र मयूर तैनात हैं जो लाउडस्पीकर पर उद्घोषणा करते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन करने आये तीर्थयात्रियों के दल में से कोई भटक गया। उन लोगों ने वहां जाकर अपनी बात बतायी तो उद्घोषक ने उनसे कहा कि सब कोई हमरे पर टूट पड़त हव। अगर कोई भटक गयल हव त जाकर अधिकारियों से कहा।

## विधायक सौरभ ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात



पीएम के मन की बात सुनते विधायक सौरभ

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव ने तुलसी उद्यान, महमूरगंज में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी, इस दौरान कार्यकर्ताओं की ओर से पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया। सैकड़ों की संख्या में जुटे तुलसीपुर वार्ड के कार्यकताओं के साथ विधायक ने पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किया, जिसके बाद उनके साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी।

# समाज के मार्ग दर्शक हैं अधिवक्ता : दयालु

**समारोह**

### सूबे के आयुष राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ने भाजपा विधि प्रकोष्ठ के कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं का किया सम्मान

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सूबे आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा है कि अधिवक्ता समाज समग्र मानव समाज का मार्गदर्शक है। अधिवक्ता समाज को समाज में सर्वाधिक जिम्मेदार माना जाता है। बदलते परिवेश में हमारे सामाजिक न्याय और आर्थिक, न्यायिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने में अधिवक्ताओं कि बड़ी भूमिका है। यह समाज गरीबों, दीनदुखियों और पीड़ितों को न्याय दिलाने में हमेशा आगे रहता है। अधिवक्ता वर्ग समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

सर्किट हाउस सभागार में रविवार को भाजपा काशी क्षेत्र विधि प्रकोष्ठ की ओर से बार के नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं के सम्मान समारोह में दयालु मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता राधेमोहन त्रिपाठी ने की। आयोजन में सेंट्रल बार एसोशिएसन अध्यक्ष प्रभुनारायण पांडेय, महामंत्री शशिकांत दुबे, बनारस बार एसोशिएसन अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, निर्वतमान अध्यक्ष धीरेंद्रनाथ शर्मा, तहसील बार पिंडरा के अध्यक्ष के राजेश पटेल, महामंत्री श्याम मोहन उपाध्याय, अशोक पांडेय पूर्व अध्यक्ष तहसील बार पिंडरा, अंकेश गिरी, संदीप श्रीवास्तव, सूर्यकांत मिश्र अध्यक्ष प्रतापगढ़ राजस्व बनारस बार एशोसिएन, कलेक्ट्रेट बार एसोसियेशन अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, महामंत्री जीतेंद्र कुमार तिवारी अध्यक्ष कमिशनरी बार एशोसिएन वाराणसी के अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय व महामंत्री अजय कुमार श्रीवास्तव व बनारस बार के उपाध्यक्ष अरविंद पाण्डेय आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एडवोकेट कौशल मिश्र राजेंद्र प्रताप पांडेय, शशांक त्रिपाठी एवं संजीव चौरसिया एडवोकेट की भी उपस्थिति रही।



भाजपा काशी क्षेत्र विधि प्रकोष्ठ की ओर से बार के नवनिर्वाचित अधिवक्ताओं के सम्मान समारोह में प्रदेश के राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे






#### ठंड में बढ़ोतरी

**वाराणसी।** जनपद में लगातार दूसरे दिन रविवार को भी आसामान पर बादल छाये रहे। सुबह हल्का कोहरा था लेकिन पुरवा हवा के कारण तापमान में गिरावट आयी। फलस्वरूप ठंड में इजाफा हुआ। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक आगे भी कुछ दिनों पर पुरवाई जारी रहेगी। सो, ठंड और बढ़ने की उम्मीद है। रविवार को ठंड का असर बढ़ने के चलते घर से बाहर निकले लोग अपेक्षाकृत अधिक गर्म कपड़ों में दिखे। अवकाश का दिन समेत क्रिसमस मनाने के निकले बच्चे, युवा और बुर्जुग स्वेटर आदि पहने और तमाम लोग मफलर का प्रयोग करते दिखे। पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण बीते कुछ दिनों से ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। रविवार को बहुत कम समय के लिए धूप निकली। दोपहर बाद तो धूप बादलों से आकाश का घेर लिया।

# चमकी प्रतिभा, सम्मानित हुए प्रतिभागी

**वार्षिक समारोह**

### कुशवाहा मित्र मंडल की ओर से इस वर्ष भी आयोजित हुआ समारोह

**वाराणासी।** बरेका में कार्यरत सामाजिक संगठन कुशवाहा मित्र मंडल द्वारा वार्षिक समारोह का आयोजन रविवार को कादीपुर स्थित महात्मा जेएफ स्कूल के प्रांगण में किया गया।

वार्षिक समारोह में आयोजित सांस्कृतिक खेलकूद व सम्मान समारोह हर वर्ष की भांति इस बार भी 25 दिसंबर को धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में बरेका के कर्मचारियों के बच्चों के अलावा उनके परिवार वालों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कुशवाहा मित्र मंडल एक सामाजिक संगठन है जो 1967 से बरेका में कार्यरत है। 55 वर्षों से लगातार यह समारोह हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। समारोह में छोटे बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाएं भी आयोजित की गई।और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता आरपी कुशवाहा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मोर्या ने सभी को शुभकामना दी। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। और बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर कुशवाहा मित्र मंडल द्वारा नए वर्ष 2023 के कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मिजार्पुर से कमांडेंट होमगार्ड वीके मौर्या ने शिक्षा के महत्व को विस्तार से बताया।समारोह की अध्यक्षता सतीश कुमार महतो, संचालन राजेश कुशवाहा व धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार सिंह ने दिया।



प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित







# पुलिस योग्य होती तो नहीं बढ़ता अपराध

**विरोध प्रदर्शन**

### चोलापुर व चौबेपुर क्षेत्र में चोरी व लूट की घटनाओं से खफा सराफा व्यवसायियों ने चोलापुर थाने पर दिया धरना

**जनसंदेश न्यूज**



लूट और चोरी की घटनाओं में धर-पकड़ न होने से नाराज सराफा कारोबारियों ने चोलापुर थाने के सामने धरना दिया

**चोलापुर।** स्थानीय क्षेत्र और चौबेपुर में सराफा कारबारियों ने गत दिनों हुई लूट व चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश न होने से नाराज होकर रविवार को चोलापुर थाने के सामने शहीद स्मारक पर प्रतिकात्मक मौन धरना दिया।

स्वर्णकार व्यापार सभा के बैनर पर उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ के नेतृत्व में सराफा कारोबारियों ने अपनी दुकानें बंद कर यह विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि घटना के छह दिन बाद भी चोर और लुटेरे पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि व्यवसाई हैं और हमें सुरक्षा तथा न्याय चाहिए। चौबेपुर और चोलापुर में तीन व्यवसायियों को असलहे के बल पर लूट लिया गया लेकिन पुलिस चुप्पी साधे हुए है। व्यवसाई भुखमरी के कगार पर हैं उनकी मेहनत की कमाई चोरों और लुटेरों के पास जा रही है। स्वर्णकार समाज सुरक्षित नहीं है। कारोबारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस योग्य होती तो यदि न तो ऐसी घटनाएं नहीं होतीं और न ही अपराध बढ़ता।

उन्होंने कहा कि व्यापारी स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस मौके उन्होंने पुलिस कमिश्नर ने नाम ज्ञापन भी सौंपा। पुलिस के खिलाफ हुए इस विरोध प्रदर्शन में वाराणसी स्वर्णकार व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सेठ, पंचम सेठ, अनिल सेठ, वंशीधर सेठ, शिव कुमार सेठ, बबलू सेठ, संतोष सेठ, जयप्रकाश सेठ, राजन सेठ, राजेश सेठ, बृजेश सेठ, जयप्रकाश सेठ, धर्मेंद्र सेठ, गोपाल सेठ तथा संजय सेठ आदि की हिस्सेदारी थी।

# बुनकरी में सोलर प्लांट के लिए देंगे अनुदान

**जनसंदेश न्यूज**

**अच्छी पहल**

### मुख्यमंत्री बुनकर सौर उर्जा योजना में सामान्य पावरलूम बुनकरों को 50 फीसदी सब्सिडी

**वाराणसी।** शासन ने मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना में सामान्य पावरलूम बुनकरों के लिए 50 फीसदी अनुदान का प्रवधान किया है। पावरलूम बुनकरों, बुनकर समितियों एवं यूनिटों के उत्थान के उद्देश्य से इस स्कीम का प्रस्ताव बनाया गया है।

वाराणसी परिक्षेत्र के सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया है परिक्षेत्र के तहत वाराणसी, चंदौली, भदोही, जौनपुर, मीरजापुर एवं सोनभद्र के संबंधित बुनकरों को इसका लाभ देंगे।

नियमित विद्युत आपूर्ति के अभाव में अधिकांश बुनकर पावरलूम चलाने के लिए डीजल जनरेटर का उपयोग करते हैं। फलस्वरूप वायु प्रदूषण की समस्या संग उत्पादन की लागत बढ़ जाती है।

सो, ऐसी समस्या का समाधान करने के लिए बुनकरों को गैर परंपरागत ऊर्जा या सौर ऊर्जा का लाभ देने के लिए सब्सिडी पर यूपी नेडा के जरिये सोलकर एनर्जी प्लांट मुहैया कराने का प्रपोजल है। इस योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित बुनकर या समिति आदि आवेदन के उद्देश्य से विभागीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि स्कीम में सामान्य पावरलूम बुनकर के लिए 50 प्रतिशत सरकारी अनुदान मिलेगा जबकि अवशेष 50 फीसदी धनराशि बुनकर या संबंधित समिति आदि को स्वयं जमा करनी होगी। अनुसूचित जाति या जनजाति के हथकरघा बुनकरों के लिए योजना में 75% अनुदान का प्रावधान किया गया है।

## संक्षेप

### राजेन्द्र दुबे अध्यक्ष, आनंद महामंत्री



**वाराणसी।** यूपी जर्नलिस्ट एसोसियेशन उपजा वाराणसी इकाई का आगामी सत्र 2023-25 का कार्यकाल के लिए रविवार को पिशाचमोचन स्थित प्लानर हाउस में निर्वाचन अधिकारी व प्रदेश महामंत्री अनिल अग्रवाल की देखरेख में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद को छोड़ कर अन्य पदों पर पूर्व में ही सहमति बन गई थी लेकिन अंत तक अध्यक्ष पद पर श्री राजेन्द्र कुमार दुबे व डा. मनोरमा चित्रांशी के बीच सहमति न बनने पर निर्वाचन प्रक्रिया में रविवार को मतदान कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र कुमार दुबे विजयी घोषित किये गये। जबकि महामंत्री पद पर आनंद मिश्र चौथी बार निर्वाचित किये गये। उपजा की नई कमेटी में उपाध्यक्ष धीरेन्द्रनाथ शर्मा व ह्रदयनारायण पांडेय तथा मंत्री पद पर संतोष अग्रवाल, डा. लियाकत अली, फरान अहमद कोषाध्यक्ष आरके अग्रवाल चुने गये।

### आयर में 150 विधवा महिलाओं को बांटा गया कंबल



**चांदमारी।** गरीब, असहाय, विधवा की सेवा करना पुनीत कार्य है। समाज के हर व्यक्ति को सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए। उक्त बातें आयर बाजार में गुंजन यादव के आवास पर विधवा महिलाओं को कंबल वितरण करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने कहा। ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश मौर्य ने कहा कि हर ग्राम प्रधान की नैतिक जिम्मेदारी है कि उनके गांव में जरूरतमंद लोगों का सहयोग किया जाय। कंबल वितरण के अध्यक्ष गुज्जन यादव ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर किया। उन्होंने बताया कि गांव के सौ गरीब विधवा महिलाओं को कंबल दिलीप खरवार ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सीओ पिंडरा अमित कुमार, सुभाष जैलाशल, छोटेलाल, नागेश केशरी, अर्जुन गुप्ता, सोनखर प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, महेश प्रसाद, दिलीप कुमार, रमेश पटेल आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन महेश प्रसाद ने किया। अध्यक्षता गुज्जन यादव ने की।

### बिजलीकर्मी आज देंगे धरना

**वाराणसी।** संदिवा कर्मचारियों का पूरे माह का वेतन काटे जाने के विरोध में नगरीय विद्युत वितरण खंड-षष्टम के कर्मचारी सोमवार को पहड़िया स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय के सामने धरना देंगे। विद्युत मजदूर पंचायत के बैनर पर यह प्रदर्शन होगा। संगठन के मंडल मंत्री अंकुर पांडेय ने यह जानकारी दी।

### जरूरतमंदों की मदद को आएं आगे

**वाराणसी।** अग्रसेन युवा मंच काशी परिवार ने रविवार को जरुरतमंदों की मदद में उपयोगी वस्त्रों का वितरण किया। मंच के सदस्य दशाश्वमेध क्षेत्र के जरूरतमंदों के बीच पहुंचें और उन्हें बढ़ती ठंड में ऊनी कपड़ों का वितरण किया। कार्यक्रम संयोजक गौरव अग्रवाल ने बताया कि समाज सेवा के क्रम में वस्त्र वितरण कार्यक्रम निरंतर रूप से चलाया जायेगा। इस दौरान सह संयोजक पीयूष अग्रवाल के साथ शुभम अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, गौरव भरतीया, सचिन गोयल, रजत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### परिषदीय विद्यालयों में मना क्रिसमस डे, बांटे गए उपहार

**पिंडरा।** क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर परिषदीय विद्यालयों में सेंट क्लाज की झांकी सजाई गई। झांकी के माध्यम से प्रभु ईशु के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय जमापुर, धरसौना व फूलपुर में भी क्रिसमस डे पर बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की झांकी सजाई गई। इस बीच बच्चों में काफी उत्सुकता दिखी गई। जमापुर में विद्यालय के छात्रों ने सांता क्लॉज के रूप में बच्चों में टॉफी का वितरण किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक विनोद कश्यप, शिक्षक संकुल अरविंद वर्मा, डॉ. राजीव गौतम, मेनका पटेल, तेजबहादुर, सरिता देवी समेत अनेक लोग रहे।

### इंटरमीडिएट कॉलेज में मना वार्षिकोत्सव



**रोहनिया।** मातलदेई पयागपुर स्थित श्रीप्रकाश इंटरमीडिएट कॉलेज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में रविवार को बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्य, गायन व कविता पाठ का आयोजन हुआ। बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि एबीएसए शशीकांत श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि सीबीएसई बोर्ड दिल्ली के जॉइंट सेक्रेटरी अखिलेश सिंह, माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी के उप सचिव साहब सिंह यादव को स्कूल प्रबंधन रामअवतार सिंह यादव ने माला पहनाकर अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के पश्चात हाईस्कूल व इंटर में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर उनके उच्चवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया गया।

### काशी आर्य समाज ने मनाया श्रद्धानंद बलिदान दिवस

**वाराणसी।** काशी आर्य समाज की ओर से बुलानाला में रविवार को श्रद्धानंद का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाह प्रधान रामाशंकर ने कहा कि इसाईयत व इस्लाम में चले गये हिंदुओं को वापस हिंदू समाज में लाने के कार्य को हमारे आधुनिक मनीषियों ने महत्वपूर्ण बताया था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शुद्धि आंदोलन में स्वामी श्रद्धानंद पूर्व नाम मुंशी राम का स्थान अमर है। उनकी ही उपस्थिति में भारतीय हिंदू शुद्धि सभा का गठन हुआ था। मौके पर गायत्री देवी का भजन हुआ। कार्यक्रम में अजीत कुमार आर्य, वैभव कुमार, मनीष कुमार, अश्विनी जायसवाल, राहुल यादव, अजय कुमार आर्य आदि ने विचार व्यक्त किये। संचालन सरस्वती देवी ने किया। प्रातःकालीन वैदिक यज्ञ में आचार्य रामदेव शास्त्री के आचार्यत्व में सामूहिक यज्ञ आहुति दी गई।

### बाबा बटुक भैरव का त्रिगुणात्मक श्रृंगार



**वाराणसी।** कमच्छा स्थित बाबा बटुक भैरव का रविवार को त्रिगुणात्मक शृंगार किया गया। बाबा का सात्विक, राजसी व तामसी शृंगार किया गया था। बाबा का भव्य शृंगार का दर्शन करने के लिए भक्तों की मंदिर के बाहर लंबी कतारें लगी रही। भोर में बाबा बटुक भैरव का पंचामृत स्नान कराया गया। इसके बाद सात्विक शृंगार किया गया। सायंकाल चार बजे बाबा का राजसी शृंगार किया गया। इसके साथ ही छप्पन भोग अर्पित किया गया। तत्पश्चात बटुक रूद्र महायज्ञ हुआ। रात्रि आठ बजे महाआरती हुई। मंदिर के व्यवस्थापक जितेन्द्र मोहन पुरी (विजय गुरु) ने की। रात्रि में दस बजे तामसी शृंगार व पूजन हुआ। इसके बाद पंचमकार चक्रासन पूजन किया गया।

### जिन्हें दिल में बसाएंगे, वही दिल तोड़ जाएंगे...

**वाराणसी।** हिंदी साहित्य दास कबीरा मंच की ओर से आयोजित कवि सम्मेलन में रविवार को बनारस व आसपास के कवियों का जमावड़ा लगा। कवि आर्यन उपाध्याय के जन्मदिवस पर भोजूबीर के एक लॉन में आयोजित कवि सम्मेलन में सभी कवियों ने अपने कविता व गजलों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत कवयित्री पूनम श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना से की। जिसके बाद सभी कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी। हिंदी साहित्य दास कबीरा मंच की संस्थापिका डॉ अनीता सिंह ने कहा कि आर्यन उपाध्याय ने वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश के कई मंचों पर अपनी कविताओं से समा बांधा है। जिसके लिए वे काफी काबिलेतारीफ है। कार्यक्रम में आए सभी कवियों का स्वागत आर्यन उपाध्याय ने माल्यार्पण व अंगवस्त्र प्रदान कर किया। इस दौरान सभी कवियों ने आर्यन को जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम में पूनम श्रीवास्तव, सुष्मा जौनपुरी, फहमी जगतवी, डॉ सुभाषचन्द्र, सिद्धनाथ शर्मा, बदरी विशाल, बदरी गुरु, श्वेताभ सिंह एवं अनिकेत सेठ की उपस्थिति प्रमुख रही। संचालन डॉ अनीता व धन्यवाद ज्ञापन आर्यन ने दिया।



# सेंट्रल बार और पिंडरा के पदाधिकारियों का सम्मान



**बाबतपुर।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के और पिंडरा तहसील के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का बड़ागांव विकास खण्ड के खरावन ग्रामसभा में रविवार को अधिवक्ता सुमंत दुबे के नेतृत्व में सम्मानित किया गया।

सम्मानित हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में मुख्य रूप से सेंट्रल बार के अध्यक्ष प्रभुनारायण और महामंत्री शशिकांत दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरजेश सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष बनारस बार और प्रबंध समिति सदस्य कृष्णमोहन पांडे गुड्डू व तहसील पिंडरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश पटेल महामंत्री श्याममोहन उपाध्याय, 10 वर्ष से अधिक कनिष्ठ उपाध्यक्ष विपुल मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार पांडेय, पूर्व अध्यक्ष अशोक पांडे और पूर्व महामंत्री प्रीतराज माथुर और ब्लाक प्रमुख संरक्षक दीपक सिंह को मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नरेंद्र दुबे, हेमंत दुबे, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी,विनोद तिवारी, विनीत शुक्ला, कल्पेश, अवनीश मिश्रा, राहुल, विनोद, मनीष दुबे, हितेश तिवारी नीतीश दुबे सहित अन्य मौजूद रहे।

## युवाओं की वाक शैली बेहतर बनाएगा 'अटल डिबेटिंग क्लब'

**वाराणसी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा वाराणसी महानगर के अध्यक्ष रजत जायसवाल ने बताया है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर संगठन की ओर से 'अटल डिबेटिंग क्लब' की शुरुआत होगी। रविवार को गुलाबबाग में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्हों ने यह जानकारी दी। श्री जायसवाल ने बताया कि इस क्लब के माध्यम से युवाओं की वाक शैली को बेहतर बनाएंगे। साथ ही हमारे पीएम नरेंद्र मोदी के संकल्प 'स्वस्थ युवा स्वस्थ भारत' को साकार करते हुए आगामी 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर मिनी मैराथन रेस का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि क्लब के जरिये प्रदेश स्तर पर भाषण प्रतियोगिता भी होगी। जिसके विषयों में मोदी का डिजिटल इंडिया गुड गवर्नेंस पर जोर देता है, भारत पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की ओर, मुफ्तखोरी की राजनीति से विकास की राजनीति की ओर स्थानांतरण समय की मांग है और मोदी सरकार युवाओं को सशक्त बनाने की ओर केंद्रित है विषय शामिल हैं।

# समाज और देश के प्रगति में युवा सहायक

**बोले डॉ. दयाशंकर मिश्र**

### संस्कृति की झलक दिखाती निकली भारत एकता रैली



**वाराणसी।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा नरिया स्थित रामनाथ चौधरी शोध संस्थान में चल रहे चार दिवसीय चतुर्दशम 14वां राष्ट्रीय अधिवेशन के अंतिम दिन रविवार को अखंड भारत व समृद्ध भारतीय संस्कृति की झलक दिखाती एक भव्य विशाल 'भारत एकता रैली' निकाली गई। रैली का शुभारंभ जवाहर नगर-गुरुधाम पार्क से प्रदेश के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने किया।

कहा कि भारत युवाओं का देश है जहां सबसे अधिक युवा रहते हैं युवा समाज और देश के प्रगति में बहुत ही सहायक है। रैली में सबसे आगे राष्ट्रीय ध्वज, मारवाड़ी युवा मंच का बैनर व मशाल, इसके बाद भारतीय संस्कृति की एकता में अनेकता की झलक दिखाती देश की अलग-अलग प्रांतों की पारंपरिक वेशभूषा धारण किए मारवाड़ी समाज की सैकड़ों महिला-पुरुष सदस्य चल रहे थे।

डीजे धुन पर बम बम बोल रहा है काशी जैसे गीतों व डमरू दल के नाद पर झूमते नाचते चल रहे थे। रैली गुरुधाम चौराहा से रविंद्रपुरी लंका नरिया तिराहे होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। इस अवसर पर कपिल लाखोटिया प्रशांत खंडेलिया अनिल के जाजोदिया, महेश चौधरी उमेश जोगाई श्यामसुंदर गाड़ोदिया अजय खेमका सुरेश तुलस्यान कृष्ण कुमार काबरा अनिल अग्रवाल यदु देव अग्रवाल आनंद लड़िया अमित अग्रवाल पंकज जयपुरिया अशोक कनोडिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यशा मोदी प्रांतीय उपाध्यक्ष स्मिता लोहिया, गौरव राठी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### संपूर्णानंद में 29 को कवि सम्मेलन

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में 31 को दीक्षांत का आयोजन किया जा रहा है। जिसे इस बार तीन दिवसीय के रूप में मनाया जाना निर्धारित हुआ है। इसके पहले दिन 29 को कवि सम्मेलन, दूसरे दिन नाट्य मंचन और तीसरे दिन कुलाधिपति राज्यपाल की उपस्थिति में शास्त्रार्थ का अयोजन होगा। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने दीक्षांत समारोह के 18 समितियों के संयोजकों एवं सहसंयोजकों की समीक्षा करते हुए बीते दिनों संपूर्ण तैयारियों में ज्ञात कमियों को दूर करने और दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम (कवि सम्मलेन, नाट्य मंचन, शास्त्रार्थ) कराने की धोषणा की थी। इसके निमित्त तीन दिवसीय दिनांक 29,30 एवं 31 दिसंबर को क्रमशः नाट्य मंचन, कवि सम्मेलन एवं शास्त्रार्थ का आयोजन किया जायेगा।

# महामना की मनस्विता लोकोन्मुखी थी

**स्मरण**

### पं. मदन मोहन मालवीय की जयंजी पर 'पुलिया प्रसंग' संस्था का आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय का परिसर मालवीयजी के स्वप्न और संघर्ष का संघनित रूप है। महामना में जो मना है उसमें मनस्विता स्वाभाविक है। उन्होंने सामासिक ज्ञान के ज्ञानकोश के रूप में बीएचयू की परिकल्पना की। जब हम उनकी मनस्विता की बात करते हैं तो पता चलता है कि उनकी मनस्विता लोकोन्मुखी थी। उनकी मनस्विता केवल शिष्ट और मध्यवर्ग के लिए नहीं बल्कि वह जानते थे कि निचले पायदान पर खड़े लोगों को जब तक शिक्षा नहीं दी जाएगी तब तक पूर्ण स्वाधीनता का सपना पूरा नहीं होगा।

पं. मदन मोहन मालवीय 161वीं जयंती अवसर पर रविवार को पुलिया प्रसंग संस्था की ओर से 'महामना की मनस्विता' विषयक कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक और वरिष्ठ कवि प्रो. श्रीप्रकाश शुक्ल ने यह बात कही। इस अवसर पर महामना के बहुआयामी व्यक्तित्व में शुमार राजनीतिक, पत्रकार, कानूनविद, शिक्षाविद और समाज सुधारक जैसे पहलुओं को याद किया गया।

साथ ही राष्ट्र और समाज निर्माण में उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर कहा गया कि मालवीयजी जानते थे कि जातीय, देशज और लोकोन्मुखी शिक्षा के बगैर स्वाधीनता की अवधारणा पूर्ण नहीं हो सकती। इस अवसर पर महामना के दौर के तीन महत्वपूर्ण व्यक्तित्व स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी को भी याद किया गया। आयोजन में डॉ. अमरजीत राम, उमेश गोस्वामी, उदय पाल, नीलेश देशमुख, अक्षत पांडेय, शुभम चतुर्वेदी, राकेश गुप्ता, निखिल द्विवेदी, अमित कुमार एवं आर्यपुत्र दीपक ने भी विचार व्यक्त किये।

### आर्य समाज का चुनाव सम्पन्न

**वाराणसी।** आर्य समाज काशी शास्त्रार्थ स्मृति स्थल की साधारण सभा की बैठक अशोक त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई जिसमें नागेश सिंह ने चुनाव अधिकारी के रूप में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की। चुनाव में प्रधान पद पर अशोक कुमार त्रिपाठी, उपप्रधान मीनाक्षी आर्या, मंत्री डा. शंभूनाथ शास्त्री, उपमंत्री मनोज कुमार आर्य, कोषाध्यक्ष सन्नी आर्य, प्रचारमंत्री रवि व अंतरंग में मनोज कुमार, नागेश आर्य, योगेश, सुभाष, नरेन्द्र, किरण आर्या, सुशील आर्य सर्वसम्मति से चुने गये।

### राष्ट्र निर्माता के रूप में याद किए जाते हैं महामना : प्रो. अनुराग

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान और हिंदी व आधुनिक भारतीय भाषा विभाग ने रविवार को संयुक्त तत्वावधान में महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाई। पत्रकारिता संस्थान के निदेशक प्रो. अनुराग कुमार ने बताया कि मालवीय को परतंत्र भारत में भारतीय शिक्षा नीति की नींव रखने वाले महान चिंतक और राष्ट्र निमार्ता के रूप में याद किया जाता है। उन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया। वे पत्रकारिता, वकालत, समाज सुधार, मातृ भाषा तथा राष्ट्र सेवा में अपना जीवन अर्पण करने वाले इस महानायक थे। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. निरंजन सहाय ने कहा कि वे हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता तो थे ही साथ ही युग पुरुष के रूप में अपनी ऐतिहासिक और सामाजिक भूमिका को भी उन्होंने बखूबी निभाया। डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वे महज उपदेश ही नहीं थे अपितु अपने कथन और सिद्धांतों का जीवन में पालन करने वाले महापुरुष थे। शोध छात्र मोहम्मद जावेद ने मालवीय की सत्य प्रियता, ब्रह्मचर्य, देशभक्ति तथा त्याग पूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला।

# रेत पर मालवीय जी की बनायी आकृति



**वाराणसी।** सोसायटी की ओर से महामना पं. मदन मोहन मालवीय के आदर्शों पर काम करने वाली शैक्षणिक संस्था की ओर से प्रोजेक्टीज सोसायटी की ओर से मालवीय जयंती पर गंगा पार रेती में पं. मदन मोहन मालवीय की आकृति बनायी गई। जिसमें संस्थान के सभी सदस्यों, शिक्षक व छात्रों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक विशाल जायसवाल ने बताया कि भारतरत्न पं. मदन मोहन मालवीय राष्ट्रवाद के प्रखर समर्थक, बीएचयू के संस्थापक, महान सुधारक व बहुमुखी प्रतिमा के धनी थे। उन्होंने देश भर में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया।

कार्यक्रम में विशाल जायसवाल, अर्चना जायसवाल, मनीष रंजन, आशीष कुमार, अंशु, रूबी, प्रमिलारानी, प्रिया व कलाकार इन्द्रजीत आदि मौजूद थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में शिवपुर ने मारी बाजी



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के खोचवां (रूपापुर) गांव स्थित जनता इंटरमीडिएट कालेज के मैदान पर रविवार को शिवपुर क्रिकेट एकेडमी वाराणसी और भदोही एकादश के बीच उद्घघाटन मैच का आयोजन हुआ। जिसमें शिवपुर ने आठ रनों से जीत हांसिल की।

टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए शिवपुर ने 20 ओवर में 156 रन बनाएं। जिसमें सत्यम यादव ने 39 रन और अभिषेक यादव 27 रन बनाए। जबाब में भदोही 19.2 ओवर में 148 रन ही बना सकी। इस तरह शिवपुर ने मैच 8 रन से जीत लिया। भदोही एकादश के तरफ से सौरभ कुमार ने 60 और सचिन ने 31 रन बनाए, जबकि शिवपुर के तरफ से रूद्र ने 14 रन देकर 2 विकेट लिए। उद्घघाटन भाजपा नेता डॉ. अशोक राय ने किया। मैच के अंपायर विधान सिंह और माकिर अली थे।

## परिवार नियोजन की सेवाओं में केमिस्ट समिति

**वाराणसी।** परिवार कल्याण में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समुदाय स्तर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति जागरूकता, स्वीकार्यता व पहुंच बढ़ाने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। रविवार को एक स्थानीय होटल में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआई) इंडिया के सहयोग से एक दिवसीय फामेर्सी उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। ड्रग इंस्पेक्टर एके बंसल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में गर्भनिरोधक साधनों को जनसमुदाय तक पहुंचाने में केमिस्ट एसोसिएशन से सहयोग की अपेक्षा की गयी। उन्होने कहा कि केमिस्ट के जरिये गर्भ निरोधक साधनों के लिए ग्राहकों को परामर्श देने और साधनों के प्रति समझ बढ़ाने के लिए यह अच्छी पहल है। इस तरह की कार्यशाला युवाओं को जागरूक करने के लिए कॉलेजों, विश्व विद्यालयों व अन्य शिक्षण संस्थान में भी होनी चाहिए जिससे युवा वर्ग गर्भनिरोधक साधनों के प्रति जागरूक हो सके। उन्होने संस्था के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि केमिस्ट समिति और उसके सभी सदस्यों से हर तरह का सहयोग मिलेगा।

# डीआईजी फायर ने उद्यमियों, बिल्डरों और चिकित्सकों के साथ की बैठक

**मीटिंग**

### मुख्य अग्निशन केंद्र का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश, लिया फीडबैक

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश लखनऊ अग्निशन मुख्यालय के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी फायर) जुगुल किशोर रविवार को काशी पहुंचे। जहां उन्होंने लहुराबीर स्थित आईएमए में शहर के उद्यमियों, बिल्डरों और चिकित्सकों आदि के साथ बैठक कर अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक बाते बताईं। साथ ही चेतगंज स्थित मुख्य अग्निशन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा कर कर्मियों को निर्देशित किया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बैठक के दौरान उपस्थित उद्यमियों, बिल्डरों और चिकित्सकों आदि के प्रश्नों का बेबाकी उत्तर दिया। उन्हें अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में भी बताया। अग्निशमन केंद्र चेतगंज के निरीक्षण में कर्मियों को अग्निशमन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये और मेस, बैरिक, शौचालय व कैंपस की साफ-सफाई भी देखी, फायर स्टेशन के कंट्रोल रूम में उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया और पूर्व में अग्निकांड की सूचना देने वाले कॉलर से बात कर एवं टर्न आउअ कराकर विभाग के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। आरटीसी कमिश्नरेट का भी निरीक्षण कर विभाग के 320 प्रशिक्षुओं को निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत, अग्निशमन अधिकारी चेतगंज रामलखन चौहान, अग्निशमन अधिकारी भेलूपुर इंद्रजीत वर्मा, और अग्निशमन द्वितीय अधिकारी भरत राम मौजूद रहे।

# पीएम-श्री योजना से मार्डन बनेंगे स्कूल

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** देश के भविष्य यानी स्कूली बच्चों की बुनियाद को पहले से ज्यादा मजबूत बनाने की दिशा में केन्द्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बाद देशभर के 14500 स्कूलों को पीएम-श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फार राइजिंग इंडिया) योजना के तहत अपग्रेड किया जाएगा। पीएम-श्री स्कूलों का चयन चैलेंज मोड के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें स्कूल अनुकरणीय स्कूल बनने के लिए समर्थन के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। स्कूलों को आनलाइन पोर्टल पर स्वयं आवेदन करना होगा, जिसकी प्रक्रिया शुरु हो चुकी है।

पीएम-श्री स्कूल के लिए आनलाइन पोर्टल पर आवेदन के लिए बलिया जनपद के 643 परिषदीय स्कूलों को चयनित किया गया है। इनमें अब तक 412 स्कूलों ने आवेदन कम्पलीट कर लिया है। शेष स्कूलों को तत्काल अपना आवेदन (ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापक के प्रमाण पत्र के साथ) कम्पलीट करने को कहा गया है, ताकि ससमय स्कूलों का चयन किया जा सकें। पीएम-श्री स्कूलों को उच्चकोटि का विद्यालय बनाया जायेगा। बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात जिला समन्वयक (निर्माण) सत्येन्द्र राय के मुताबिक, पीएम-श्री योजना के तहत सरकारी स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर बदलेगा। स्कूलों को पूरी तरह से मार्डन बनाया जाएगा। बिल्डिंग अपग्रेड की जाएगी। क्लास रूम स्मार्ट होंगे। कंप्यूटर लैब से लेकर लैबोरेटरी, लाइब्रेरी को टेक फ्रेंडली बनाया जाएगा। एनईपी के तहत प्ले स्कूल तैयार किए जाएंगे। चयनित स्कूलों को अपग्रेड करने में करीब दो करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह योजना प्रधानमंत्री की अति महत्वाकांक्षी योजना है।

जिला समन्वयक सत्येन्द्र राय ने बताया कि आवेदन करने वाले स्कूलों का चयन अंकों के आधार पर किया जायेगा। इसके लिए 57 प्रश्न पूछे गये हैं, जिसका जवाब आवेदन के समय ही देना है।

**पहल**

**जिले के 643 में से 412 परिषदीय स्कूलों ने किया आवेदन**

**चयनित स्कूलों को अपग्रेड करने में खर्च होंगे दो करोड़ रुपया**

### बदलेगा पढ़ने और पढ़ाने का तरीका

**बलिया।** पीएम-श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों में पढ़ने-पढ़ाने के तरीकों में बदलाव किया जाएगा। पीएम-श्री एक समान, समावेशी और आनंदमय स्कूल वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करेगा, जो बच्चों की विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी जरूरतों और विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं का ख्याल रखेगा। साथ ही उन्हें अपनी स्वयं की सीखने की प्रक्रिया में भी भागीदार बनाएगा। ट्रांसफार्मेशनल और होलिस्टिक यानी आलराउंड डेवलपमेंट/इंटीग्रेटेड मेथड और एक्सपेरिमेंटल पर ध्यान दिया जाएगा। स्कूलों में बच्चों को इस तरह से अध्ययन कराया जाएगा, ताकि उन्हें नई-नई चीजें सीखने को मिले। बच्चों में रिसर्च करने की क्षमता विकसित की जा सके। स्कूलों में डिस्कवरी ओरिएंटेड और लर्निंग सेंट्रिक टीचिंग मेथड लागू की जाएगी। खेल-खेल में सीखने और टाय बेस्ड टीचिंग होगी, ताकि बच्चों को याद रखने के लिए रटना ना पड़े।

### ग्रीन स्कूल के रूप में होंगे विकसित

**बलिया।** पीएम-श्री स्कूलों को ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें सौर पैनल एवं एलईडी लाइट, प्राकृतिक खेती के साथ पोषण उद्यान, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त, जल संरक्षण और संचयन, पर्यावरण की सुरक्षा से संबंधित परंपराओं/प्रथाओं का अध्ययन जैसे पर्यावरण के अनुकूल पहलुओं को शामिल किया जाएगा।

### इस तरह चुने जाएंगे स्कूल

**बलिया।** देश भर में पीएम-श्री योजना के तहत 14,597 स्कूलों का आदर्श स्कूलों के रूप में चयन तीन चरणों वाली प्रक्रिया के जरिए किया जाएगा। इसके तहत सहायता प्राप्त करने के लिए स्कूल प्रतिस्पर्धा करेंगे। पूरे देश में कुल स्कूलों की संख्या की ऊपरी सीमा के साथ प्रति ब्लाक अधिकतम दो स्कूलों (एक प्राथमिक और एक माध्यमिक/उच्च माध्यमिक) का चयन किया जाएगा। पीएम-श्री स्कूलों के चयन और निगरानी के लिए स्कूलों की जियो-टैगिंग की जाएगी।

# सड़कों को क्षतिग्रस्त कर रहे ओवरलोड ट्रक



बैरिया से बिहार की तरफ जा रहा ओवरलोड ट्रक

**बैरिया।** ओवरलोड ट्रक सड़कों की दुश्मन बनी हुई है, जो रोजाना ही सड़कों की कमर तोड़ रही हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर जयप्रभा सेतु के रास्ते बिहार से ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही जारी रहने से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ आयेदिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

परिवहन विभाग के अधिकारी जान-बूझकर इस गैर कानूनी कार्य की अनदेखी कर रहे हैं। यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि देश-प्रदेश के विभिन्न स्थानों से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ट्रक सामान लेकर विभिन्न स्थानों पर आते-जाते हैं। इन ट्रकों का ओवरलोड देखकर लोगों को ऐसा लगता है कि ट्रक ओवरलोड के चलते कहीं भी और कभी भी असंतुलित होकर पलट सकती है। इस मार्ग पर ट्रकों के ओवरलोड परिचालन के चलते हाल ही में बने राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के जल्द ही क्षतिग्रस्त होने की आशंका प्रबल हो गई है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से आग्रह किया है कि बिहार से ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही पर रोक लगाते हुए कार्रवाई की जाय।

**मनमानी**

**आयेदिन दुर्घटना की भी बनी रहती है आशंका**

## संक्षेप

### आग से झुलसे दंपति, पत्नी की मौत

**बांसडीह।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में आग की चपेट में आने से पत्नी की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि उसका पति झुलस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, झुलसे पति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। बिहार राज्य के नवादा के केंदुआ निवासी कुमार सानू (25) अपनी पत्नी रेशमा कुमारी (22) के साथ बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के नारायणपुर में स्थित ईंट-भट्ठ पर काम करता है। रविवार को तड़के रेशमा संदिग्ध रुप से आग की चपेट में आ गयी। पति को आग की जद में देख बचाव में पहुंचा पति भी आग की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे पति-पत्नी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान रेशमा की मौत हो गयी। इस सम्बंध में बांसडीह कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पंचनामा कर महिला की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गयी है।

### धर्म परिवर्तन कराने का आरोपी गिरफ्तार

**सिकन्दरपुर।** तहसील क्षेत्र के तिलौली गांव के दर्जनों लोगों ने गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा जबरन कराए जा रहे धर्म परिवर्तन के खिलाफ प्रधान प्रतिनिधि धुप नारायण सिंह की अगुवाई में रविवार को माल्दह पुलिस चौकी पर पहुंच कर शिकायती पत्र सौंपा। लोगों ने धर्म परिवर्तन के खिलाफ शिकायत पत्र देकर इस कृत्य को रोकने की गुहार लगाई। चौकी प्रभारी माल्दह शिवमूर्ति तिवारी ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया है। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है।

### सिख समाज ने धूमधाम से निकाली प्रभातफेरी



**बलिया।** सिख समुदाय द्वारा रविवार को प्रभातफेरी बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। इसमें साध संगत जी का बहुत ही अच्छा सहयोग रहा। इस दौरान सिख समाज के लोग शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। प्रभातफेरी में सरदार रणजीत सिंह राजू, सरदार सुरजीत सिंह, हरजिंदर सिंह, जगजीत सिंह बाबू, तरनजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, सागर सिंह, विशाल सिंह, अमन सिंह, चरणजीत सिंह, मनजीत सिंह, रंजीत सिंह, मुन्ना, सरदार भूपेंद्र सिंह चावला आदि मौजूद रहे। कमेटी के जनरल सेक्रेटरी इंद्रपाल सिंह ने बताया कि सोमवार को बड़ी प्रभातफेरी वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में साथ संगत जी के सहयोग से निकाली जाएगी।

### शराब की दुकान से लाखों की चोरी

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र स्थित एक शराब की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने 10 लाख नगद और 20 पेटी शराब पर हाथ साफ कर दिया। मनियर में चोरी की इस घटना से चारों तरफ चर्चाओं का बाजार गर्म है। चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा और सभी उपकरण भी अपने साथ ले गये। चोरी की जानकारी लोगों को सुबह हुई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। शनिवार की रात मनियर स्थित शराब की दुकान पर चोरों ने दुकान का ताला तोड़ 20 पेटी शराब सहित 10 लाख 36 हजार कैश पर भी हाथ साफ कर दिया। पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह चोरी की घटना की चर्चा पूरे बाजार में थी। थाना प्रभारी का कहना था कि चोरी का मामला संज्ञान में हैं। उचित कार्रवाई की जा रही है।

### अपना दल ने मनाया बिजली पासी का जन्मोत्सव



**बलिया।** अपना दल-एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के निर्देशानुसार महाराजा बिजली पासी महाराज का जन्मोत्सव नगर के कैम्प कार्यालय पर श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आकाश पटेल ने कहा कि बिजली पासी द्वारा समाजोत्थान के लिए किये गये त्याग और बलिदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। कहा कि उनके विचारों और बताये गये रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर वक्ताओं ने उनक व्यक्तित्व और कृतित्व पर व्यापक प्रकाश डाला। मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज पटेल, राहुल गुप्ता, रविंदर पटेल, गोपाल सिंदुरिया, सुदामा भाई पटेल, नंदलाल वर्मा, शिबू वर्मा, परमहंस गोंड, चुनमुन पांडेय, सुनील, रवि पासी आदि मौजूद रहे।

# असंतुलित होकर आलू लदा ट्रक पलटा



असंतुलित होकर पलटा आलू लदा ट्रक

जनसंदेश न्यूज

**बेरुआरबारी।** बांसडीह-सुखपुरा मार्ग पर मैरिटार चौराहे से 100 मीटर दूर आलू लदा ट्रक शनिवार की मध्य रात्रि में पलट गया।

जानकारी के अनुसार ट्रक फरुखाबाद से आलू लादकर दरभंगा जा रहा था।

अभी वह कैथवली और मैरिटार चौराहे के बीच पहुंचा था कि किसी बाहन को बचाने के प्रयास में असंतुलित होकर पलट गया। बताया जा रहा है कि ट्रक पर तीस टन आलू लदा था। घटना में चालक एवं खलासी बाल-बाल बच गए।

# आठ को रेलवे स्टेशन पर होगी चेतावनी सभा

**बैठक**

**रेलवे स्टेशन बचाओ संघर्ष समिति ने लिया निर्णय**

**रेवती को पूर्ण रेलवे स्टेशन बरकरार रखने की मांग**

जनसंदेश न्यूज

**रेवती।** स्थानीय रेलवे स्टेशन को हाल्ट किए जाने के विरोध में रेलवे स्टेशन बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले नगर पंचायत के बड़ी मठिया प्रांगण में लोगों ने सर्वदलीय सभा किया। इस दौरान संयोजक मंडल के सदस्यों ने निर्णय लिया कि आगामी आठ जनवरी को रेलवे स्टेशन पर चेतावनी सभा की जाएगी।

वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन का मूक गवाह रेवती रेलवे स्टेशन को रेल विभाग ने हाल्ट बनाकर क्षेत्रवासियों के साथ छल किया है। रेवती का आंदोलन से चोली दामन का साथ रहा है। हमने रेवती रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए 74 पत्रक दिए। दो दर्जन से अधिक बार धरना प्रदर्शन तथा दो बार रेल चक्का जाम भी किया। जिस समय हम लोगों ने 13 घंटे रेल चक्का जाम किया, उस समय रेल विभाग को खुद ट्रेनों का संचालन बंद करना पड़ा था।

वक्ताओं ने कहा कि रेवती रेलवे स्टेशन को पूर्ण रेलवे स्टेशन बरकरार रखने के लिए विभिन्न संगठनों के माध्यम से 14 पत्रक दिया जा चुका है। तीन बार धरना प्रदर्शन भी किया जा चुका है, लेकिन रेल विभाग के कानों पर जूं नहीं रेंग रहा है। ऐसी परिस्थिति में अब समय आ गया है कि अपने रेलवे स्टेशन को बचाने के लिए हम बड़ा आंदोलन करे। स्थानीय नगर पंचायत सहित करीब तीन दर्जन गांवों की लगभग तीन लाख की आबादी का सीधा जुड़ाव रेवती रेलवे स्टेशन से है। वक्ताओं ने कहा कि हम रेलवे स्टेशन को बचाने के लिए दिल्ली रेल मंत्रालय के लिए भी कूच करेंगे और वही अंबेडकर प्रतिमा के सामने धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय शंकर पांडेय कनक, समाजसेवी राणा योगेंद्र विक्रम सिंह मांडलू, महावीर तिवारी, वीरेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश कुंवर मुन्नू, अरुण पांडेय लोहिया, कर्मवीर तिवारी, शांतिल गुप्ता, उमेश तिवारी, शिवम तिवारी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता लक्ष्मण पांडेय तथा संचालन एडवोकेट महेश तिवारी ने किया।



सर्वदलीय सभा को संबोधित करते वक्ता

# पूर्व पीएम के बताये रास्तों पर चलने का लें संकल्प : कामेश्वर



भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का चित्र भेंट करते कार्यकर्ता

**आयोजन**

**सुशासन दिवस के रूप में मनी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती**

**बलिया।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयन्ती रविवार को भाजपा कार्यालय हनुमानगंज पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश कामेश्वर सिंह का जनपद बलिया आगमन पर कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों रसड़ा, चिलकहर, सागरपाली, नसीराबाद में भव्य स्वागत किया।

भाजपा कार्यालय हनुमानगंज पर जनपद के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू द्वारा अध्यक्षता एवं संचालन प्रदीप सिंह द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि कामेश्वर सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गए कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही परमाणु परीक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड, गठबंधन की राजनीति एवं उनके विचारों पर चलने का संकल्प दिलाया।

### जीवन प्रेरणादायी: अमरजीत

**चितबड़ागांव।** स्थानीय नगर पंचायत के भाजपा नेता अमरजीत सिंह के कैम्प कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनायी गयी। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता अमरजीत सिंह ने कहा कि अटल जी का पूरा जीवन प्रेरणादायी है। प्रधानमंत्री रहते हुए अटल जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश को सुशासन व विकास की नई ऊंचाई तक पहुंचाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मोती चन्द्र गुप्ता, संयोजक सुमन सिंह, गोपाल सिंह, अभिषेक तिवारी, दशरथ कन्नौजिया, दीपक केशरी, रविप्रकाश पांडेय, राजेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**बलिया।** सागरपाली चट्टी पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कामेश्वर सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि भारत देश के किसानों के लिये गांवों में पानी, बिजली की व्यवस्था जरूरी है। ग्रामीण नदियों को आपस में जोड़कर किसानों के लिये पानी की समुचित व्यवस्था की जा सकती है। पूर्व प्रधानमंत्री के इस सपनों को पूरा करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुट गये है। इस अवसर पर जेपी गुप्ता, लालजी गुप्ता, उदय सिंह, टुनटुन सिंह, तारकेश्वर यादव, राजन सिंह, धनंजय सिंह, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता चंद्रमा सिंह तथा संचालन भैया रंजय सिंह ने किया।

जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने सभी का स्वागत-अभिनन्दन और अटल बिहारी बाजपेयी जी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सुशासन दिवस पर चर्चा किया। भाजपा किसान मोर्चा बलिया के अध्यक्ष सन्तोष कुमार पाण्डेय द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्रम एवं मोमेंटम देकर साथ स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, रामजी सिंह, संजय मिश्रा, संजीव कुमार डम्पू, नकुल चौबे, नीतू पाण्डेय, अरूण सिंह वन्टू, राकेश ठाकुर, अखिलेश वर्मा, संतोष सिंह, विनोद सिंह, जावेद कमर खां, रेयाज, प्रतिभा सिंह, संत कुमार, प्रभाकर पाण्डेय, दीपक शर्मा, मंगल सिंह, अभिजीत तिवारी, बेहाल जी आदि उपस्थित रहे।

### देश के पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री रहे अटल : जयप्रकाश साहू



**सहतवार।** स्थानीय नगर पंचायत में स्थित पंच मंदिर प्रांगण में रविवार को भाजपा मंडल सहतवार के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी। सर्वप्रथम उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी न केवल एक राजनेता और कवि थे, बल्कि पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री रहे। वह भाजपा के सह संस्थापक थे। 1930 में एक स्वयंसेवक के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हुए। वह अपने उत्कृष्ट व्यक्तित्व कौशल के लिए जाने जाते थे। प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने 1998 में परमाणु परीक्षण को हरी झंडी दी थी। उनके नेतृत्व में ही भारत ने कारगिल युद्ध में पाकिस्तान को हराया था। विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि अटल जी प्रख्यात हिंदी कवि के साथ पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी नेता विद्या शंकर प्रसाद, सर्वेश्वर सिंह, नीतू सिंह, अजय सिंह, मिथिलेश तिवारी, शशिकांत सिंह, रंजन सिंह, दिलीप गुप्ता, अजीत वर्मा, सुनील शाह, अजय पांडे, अभय सिंह, बलदेव राजभर, संजय सिंह, विनोद सिंह, जय यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश तिवारी तथा संचालन शंभू शरण बेहाल ने किया।

### अटल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर डाला प्रकाश



**बैरिया।** स्थानीय डाक बंगले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा अटल जैसा नेता ना हुआ है और ना होगा। भारत में वह एक राजनीतिक संत थे। कार्यकर्ताओं ने उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विजय बहादुर सिंह, तेज नारायण मिश्रा, हरि कंचन सिंह, अरविंद सिंह सेंगर, प्रेम मिश्रा, मारकंडेय सिंह, दीनानाथ सिंह, तारकेश्वर गोंड, राजीव सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता रत्नेश सिंह तथा संचालन जितेंद्र मिश्रा ने किया।

### अटल के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**नगरा।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनने के पश्चात मनाया गया। इस दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर छठ्ठू राम, आलोक शुक्ला, देवनारायण प्रजापति देवा भाई, प्रमोद पाठक, देवेन्द्र सिंह, लाल बहादुर सिंह, राजू सोनी, दीपक गुप्ता, काशीनाथ जायसवाल, रामायण ठाकुर, जयप्रकाश जायसवाल, मुन्ना गणपति, अमरेंद्र सोनी, वशिष्ठ राम, सन्तोष पांडे, योगेंद्र पांडे, मंगल पांडे, राजेश कुशवाहा, रामायण ठाकुर आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अरविन्द नारायण सिंह ने किया।

### शिक्षामित्रों ने मनायी भारत रत्न अटल की जयंती

**बलिया।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती रविवार को उप्र प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में बीएसए कार्यालय परिसर में मनाया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि अटल जी एक जननेता ही नहीं, बल्कि कवि भी थे। इस दौरान वक्ताओं ने शिक्षामित्रों की पीड़ा को भी उठाया। इस अवसर पर वेद प्रकाश पांडे, अजय मिश्रा, कनक चक्रधर, पंकज सिंह, अमृत सिंह, अखिलेश पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, संजीव कुमार सिंह, श्याम नन्दन मिश्र मंटू, दिलीप प्रसाद, अमित सिंह चुन्नू, परवेज अहमद, अमित चेला मिश्र, सत्येंद्र सिंह, मंजूर हुसैन, अभिषेक पाल, मनोज कुमार शर्मा, रमेश कुमार चौबे, स्वतंत्र कुमार सिंह, मोहम्मद अली, संजय कुमार प्रसाद, डिंपल सिंह, नीतू श्रीवास्तव, रंजू मिश्रा, वीणा देवी, गीता मिश्रा, नंदा उपाध्याय, प्रियंका सिंह, ममता वर्मा, आशुतोष कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार सिंह, रिंकू सिंह, अवधेश सिंह, वीरेंद्र कुमार चौधरी, नीरज कुमार सिंह, अखिलेश तिवारी, आनंद कुमार पाण्डेय, अवधेश कुमार, मनीष कुमार, अवधेश कुमार, अजय भारद्वाज, मृत्युंजय कुमार सिंह, हरगोविंद शर्मा, सूर्यभान सिंह, सुमन देवी, रघुनाथ शर्मा, बादशाह राम, राजेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना, गुड्डू राम, जय प्रकाश सिंह, सुजीत चौबे, मुन्ना सिंह, अवधेश कुमार, नरेंद्र कुमार वर्मा, शशि भूषण यादव, दिलीप कुमार, सुनीता देवी, बृजेश कुमार, राकेश कुमार चौहान, योगेंद्र राम, श्रीभगवान प्रसाद, अखिलेश कुमार वर्मा, कृपाशंकर राम, धर्मशाला सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अजय कुमार त्रिपाठी, जयप्रकाश तिवारी, राजेश प्रसाद, राजकुमार राम, सुग्रीव साहनी, प्रकाश नारायण, विक्रम, मधु श्रीवास्तव, विनोद चौबे, लालू प्रसाद, विनोद कुमार शुक्ल, श्याम बहादुर यादव, अनिल कन्नौजिया, अजय सिंह, जयप्रकाश तिवारी, मनोज शर्मा, अवधेश भारती, विनोद शुक्ला, आनंद कुमार पाण्डेय, राजेंद्र सिंह, मुकेश राय, तेज नारायण सिंह, इंद्रकेश चौहान, संजय प्रसाद, रजनीश प्रसाद, सत्येंद्र कुमार सिंह, मोहम्मद अली, अभिषेक शर्मा, सुखदेव सैनी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रमेश चौबे और संचालन निर्भय नरायण राय गुड्डू ने किया।

### जयंती पर जगह-जगह हुए विभिन्न कार्यक्रम

**बेल्थरारोड।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयन्ती पर स्थानीय देवेंद्र पीजी कालेज के भूगोल विभाग के प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र सिंह ने अपने कुछ मित्रों के साथ बेल्थरारोड नगर स्थित चंद्रशेखर उद्यान में पूर्व में रोपित किए गए शिवशंकरी के पौधों की गुड़ाई की। तत्पश्चात खाद-पानी देकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। कहा कि हम सबकी पर्यावरण के प्रति भी महती जिम्मेदारी है। सृष्टि के सभी जीवधारियों का अस्तित्व पर्यावरण के संतुलन पर ही निर्भर और आधारित है। इस अवसर पर रामप्रताप चौरसिया, कैलाश यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, बुद्धिराम यादव, मुन्ना ने सहयोग दिया। वहीं, पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर देश में हो शिक्षा एक सामान के बैनर तले शायर अरशद हिंदुस्तानी के निर्देशन में क्षेत्र के बहोरवा खुर्द में स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान शेख ग्यास, हरिकेश प्रसाद, मो. जफर, राहुल लाल भारती, देव नारायण प्रसाद, रजनीश कुमार आदि मौजूद रहे।



### अटल के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बेल्थरारोड।** राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर ने रविवार को पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि हमें गर्व है कि उनके कार्यकाल में पोखरण परमाणु परीक्षण से लेकर कारगिल युद्ध और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास के लिए काम हुआ। राज्य सभा सांसद ने प्राथमिक विद्यालय बिहरा हरपुर के बूथ संख्या 333 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी। तत्पश्चात पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर मिथिलेश पटेल, डा. दयानंद वर्मा, पंकज मिश्रा, अशोक राजभर, भीम गुप्ता, बबलु राजभर, अवध बिहारी यादव, आत्मा राजभर, बिल्लू सिंह, गुड्डू सिंह प्रधान, अजय राम, जेपी राजभर, वीरेंद्र राजभर पूर्व प्रधान, धनजी, सत्यम राजभर, मान सिंह राजभर, पूर्व प्रधान राकेश आदि मौजूद रहे।



# जगह-जगह गूंजा हैप्पी क्रिसमस

## यीशु मसीह के नाम पर मनाया जाता है बड़ा दिन


कैंडिल जलाकर प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाती छात्राएं


बिशुनीपुर स्थित चर्च में विशेष प्रार्थना सभा में शामिल लोग

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** क्रिसमस-डे के अवसर पर शहर के विभिन्न स्कूलों एवं चर्चो पर विविध आयोजन किया गया। सांता क्लाज का रूप धारण कर अध्यापकों ने बच्चों को उपहार दिया। इस मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को मैरी क्रिसमस कहकर बधाई दी। सेन्ट्रल मेथेडिस्ट चर्च विशुनीपुर, बलिया में यीशु मसीह का अर्चन किया गया।

इस दौरान चर्च में क्रिसमस कार्ड, क्रिसमस-ट्री आकर्षण का केंद्र रहे। युवतियों भी एक-दूसरे के साथ सेल्फी लेने में मशगूल दिखी। चर्च के फादर ने बताया कि बड़ा दिन वास्तव में यीशु मसीह के नाम से है। इस अवसर पर हम यीशु नाम की आवश्यकता का अनुभव करते है।

यीशु नाम की हर समय आवश्यकता होनी चाहिए। यदि यीशु नाम नहीं होता तो हमारा जीवन सार्थक नहीं होता। बताया कि यीशु का नाम पैदा होने से पहले ही रखा जा चुका था। क्योंकि यह नाम युसुफ और मरियम की ओर से नहीं रखा गया था। जिब्राइल स्वर्गदुत ने कहा कि इसका नाम यीशु रखना।

इस नाम में विश्व की मुक्ति, शांति और आनन्द है। इस मौके पर सेंता क्लाज ने बच्चों में उपहार बांटा।

## राधाकृष्ण एकेडमी में हर्षोल्लास से मना क्रिसमस-डे


राधाकृष्ण एकेडमी में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

### बच्चों ने सेंटा क्लॉज बनकर वितरित किया उपहार

**बलिया।** क्रिसमस-डे की पूर्व संध्या पर राधाकृष्ण एकेडमी बलिया में प्रभु ईशु का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों ने सेंटा क्लाज बनकर उपहार भी वितरित किए। विद्यालय परिसर में बच्चों ने मनमोहक कलाकृतियां प्रस्तुत की। कक्षा एक से पांच तक के छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगी चित्रकारी कर न सिर्फ कार्ड बनाया, बल्कि अपनी कला से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नर्सरी से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं ने नृत्य-संगीत की मनमोहक मनमोहक प्रस्तुति दी। नौवीं से बारहवीं के छात्र-छात्राओं के बीच क्रिब मेकिंग कम्पटीशन हुआ। कार्यक्रम के बीच सेंटा क्लाज का आगमन हुआ, जिसे देखकर सभी बच्चे खुशी से झूम उठे। सेंटा क्लाज ने बच्चों को उपहार व चकलेट्स दिए। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक निदेशक आदित्य मिश्र ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए समाज में शांति, ईमानदारी व सद्भावना का संदेश दिया। साथ ही प्रभु ईशु द्वारा दिए गए संदेशों को अपने भावी जीवन में चरितार्थ कर छात्र-छात्राओं से प्रेम, शांति व सद्भावना को अपनाने की सलाह दी। उप निदेशक श्रीमती आकांक्षा मिश्रा ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने का आशीर्वाद दिया। बताया कि पूरी दुनिया में मनाया जाने वाला पर्व क्रिसमस शांति एवं प्रेम का संदेश लेकर आता है। प्रधानाचार्या सुश्री नेहा सिंह ने बच्चों की कलाकृतियां को देखते हुए उनका उत्साह बढ़ाने के साथ ही उन्हें अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उप प्रधानाचार्य जीवेश पांडेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप

### विवादित जमीन पर निर्माण होने से तनाव



**बांसडीह।** विवादित जमीन पर निर्माण कार्य करने को लेकर दो समुदायों में तनाव की स्थिति है। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए विवादित निर्माण को रुकवा दिया। मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार ने स्थिति को जस का तस रखने का निर्देश दिया है। कस्बे के बड़ी बाजार स्थित मस्जिद के सामने स्थित विवादित जमीन पर एक समुदाय द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि इस विवादित जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण न्यायालय के आदेश के खिलाफ है। द्वितीय पक्ष ने वर्ष 1982 के न्यायालय बलिया के आदेश का हवाला दिया कि विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का धार्मिक मेला लगाने के अलावा अन्य किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने से स्थाई रूप से दोनों पक्षों को रोका जाता है। किसी भी पक्ष को विवादित भूमि 73ग2 पर किसी भी प्रकार का जागीरात करने एवं भूमि के प्रकृति को बदलने का अधिकार नहीं होगा। इस आदेश के बावजूद एक पक्ष द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं, निर्माणकर्ता पक्ष द्वारा बताया गया कि विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं होगा जा रहा है। जिस जमीन पर निर्माण कार्य हो रहा था, वह मस्जिद की पुराना कुंआ (वजू खाना) है। तनाव की स्थिति को देखते हुए कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने दोनों पक्षों को संयम के साथ मामले को सुलझाने के साथ ही मौके पर पुलिस बल को तैनात कर दिया है।

### स्वयंसेवकों ने मनाया अपनी-अपनी शाखा का वार्षिकोत्सव




**बलिया।** नगर में लगने वाली तिलक शाखा, दीनदयाल शाखा एवं भृगु शाखा द्वारा रविवार को अपनी-अपनी शाखा का वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह से मनाया गया। सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे। प्रारंभ में शाखा की दिनचर्या के अनुसार सभी कार्यक्रम हुए। जहां तिलक शाखा व दीनदयाल शाखा पर सेवा समर्पण संस्थान (वनवासी कल्याण आश्रम) के जिला संगठन मंत्री रामबदन का पाथेय प्राप्त हुआ, वहीं भृगु शाखा पर धर्म जागरण के नगर संयोजक वीरेंद्र का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। दीनदयाल शाखा पर कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवजी सिंह व भृगु शाखा पर आर्य समाज के मंत्री रामनाथ चौरसिया ने किया। रामबदन ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के समय हिन्दू समाज संगठित नहीं था। देश को स्वतंत्र करने के लिए हिन्दू समाज के संगठन की बहुत बड़ी आवश्यकता थी। इसी ध्येय को ध्यान में रखते हुए सन् 1925 में देश भक्त डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने सालों से शोषित, पीड़ित, अपमानित हिंदू समाज को एक करने, भारत मां की सेवा करने तथा भारत माता को गुलामी से मुक्त करने के लिए संघ की स्थापना की थी। वहीं, भृगु शाखा पर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जैसे हम महापुरुषों तथा अपने बच्चों का जन्मोत्सव मनाते हैं, वैसे ही हम अपनी शाखा का भी वार्षिकोत्सव मनाते हैं। संघ को समझना है तो शाखा पर आना होगा। संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है। संघ के प्रशिक्षित स्वयंसेवक विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्य के माध्यम से देश सेवा में संलग्न हैं। मौके पर जिला कार्यवाह हरनाम, जिला व्यवस्था प्रमुख संजय कश्यप, सह नगर कार्यवाह रवि सोनी, सन्तोष, चंदन, पंचानन्द सिंह, विनोद, राजेश, सत्येंद्र, प्रद्युम्न, ओमप्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

### खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए : नीरज सिंह



**सहतवार।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच में स्थित ईश्वरीय ब्रह्म बाबा के समीप शनिवार की देर सायं चैनराम बाबा स्पोर्टिंग क्लब द्वारा संचालित जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बलिया तथा गाजीपुर की टीम के बीच खेला गया। इसमें कई संघर्ष के बाद गाजीपुर की टीम ने लगातार दो सेटों में 21-14 व 21-17 से बलिया की टीम को पराजित कर खिताब पर अपना कब्जा बनाए रखा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि नीरज सिंह गुड्डू ने फीता काटने के बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले की शुरुआत की। कहा कि इन दोनों टीमों ने फाइनल तक पहुंच कर अपनी काबिलियत को सिद्ध कर दिया है। एक खेल ही है, जिसमें हारने-जीतने के बाद खिलाड़ी एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देते है। खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए, न कि ईष्या की भावना से। पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बलिया के खिलाड़ी शिवम गुप्ता को मैन आफ द सीरीज का खिताब तथा फाइनल मैच में बेस्ट परफार्मेंस देने वाले अजय यादव को मैन आफ द मैच दिया गया। फाइनल मैच में निर्णायक की भूमिका बजरंगी पाल तथा लाइसमैन अभिषेक पाठक, विकास सिंह, भीम पाठक, सत्य प्रकाश गुप्ता रहे। मौके पर प्रेम सर्नोरिया, मनोज पाल, विनोद, बिहारी, चंदन वर्मा, अजय, आनंद प्रकाश, मनीष श्रीवास्तव, चंदन, बवाली बाबा, अखिलेश पाठक, समर सिंह, ध्रुव सिंह आदि मौजूद रहे।

### फसलों को नुकसान पहुंचा रहे जंगली जानवर



**बैरिया।** किसानों के लिए जंगली जानवर परेशानी का सबब बने हुए हैं। इसके चलते जाड़े के मौसम में किसानों को अपनी फसलों को बचाने के लिए रतजग्गा करना पड़ रहा है। पहले से घड़रोजों की संख्या अधिक थी। अब हिरन व जंगली सूअर भी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सोनबरसा, टोला शिवन राय, धतूरी टोला, दलन छपरा, सिताब दियारा इलाके में बड़े पैमाने पर कैश क्राप के रूप में किसानों ने मटर की खेती की है। वहीं, डोमन टोला, भोजापुर, बीबी टोला, मिर्जापुर, सुरजन छपरा, रति छपरा, करमानपुर, जमालपुर के इलाके में बड़े पैमाने पर किसानों ने सब्जियों की खेती की है। फसलों को रात में जंगली जानवर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कड़कड़ाती सर्दी में किसान आग जलाकर खेतों की रखवाली कर रहे हैं। वहीं, बिजली की आंख मिचौली भी किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। विभिन्न गांवों के दर्जनों किसानों ने बताया कि रतजग्गा के अलावा कोई माध्यम नहीं है, जिससे फसलों को जंगली जानवरों से बचाया जा सके। किसानों के खून-पसीने की मेहनत को जंगली जानवर नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों ने कहा है कि झटका मशीन लगाने से जानवर खेतों में नहीं जाते हैं, किंतु कितने खेतों में झटका मशीन लगाया जाए। झटका मशीन भी खेतों से चोरी हो जा रहा है। स्थानीय किसानों ने सरकार से आग्रह किया है कि या तो घड़रोजों के आखेट पर से रोक समाप्त कर दिया जाए। अन्यथा इन्हें पकड़वा कर जंगल में छुड़वाया जाए, ताकि किसानों की फसल नष्ट होने से बच सकें।

## पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव, सनसनी

**बलिया।** दुबहर थाना क्षेत्र के खेमन तिवारी छपरा में शनिवार को एक अधेड़ का शव पेड़ से लटकता मिला। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा कर अपने कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त श्रवन निषाद (50) पुत्र जगदीश के रूप में हुई। इस घटना को लोगों ने तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। पुलिस भी मामले की छानबीन में जुट गयी हैं। श्रवण सब्जी की खेती की रखवाली के लिए खेत में रहता था। रात में भी घर से खाना खाने के बाद खेत में ही आकर सो गया था। अगले दिन टहलने निकले लोगों की नजर खेत के बगल में स्थित महुए के पेड़ से नायलान की रस्सी के सहारे लटक रहे श्रवण की लाश पर पड़ी। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल सकेगा।

# नये वित्तीय वर्ष में शुरू होगा अस्पताल का संचालन

**बैरिया।** क्षेत्र के सोनबरसा में 100 बेड के राजकीय चिकित्सालय के निर्माण कार्य में विलंब होने से अब उसकी लागत चार करोड़ रुपये बढ़ गई है। अब इस पर 25 करोड़ 15 लाख की जगह 29 करोड़ 27 लाख की लागत आएगी। कार्यदाई संस्था के अभियंताओं एवं अधिकारियों की लापरवाही के चलते यह नौबत आई है। हालांकि विभाग इसके लिए महंगाई को कारण बता रहा है।

अब तक एक ब्लाक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। पेंटिंग व बिजली का वायरिंग बाकी है। दूसरे ब्लाक व व चिकित्सा कर्मियों के लिए आवास का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इस अस्पताल को जनवरी में लोगों के लिए शुरू कराने की योजना थी, किंतु अब यह मार्च तक बढ़ गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि नए वित्तीय वर्ष में इस अस्पताल का संचालन शुरू हो जाएगा। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी की सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने विधायक जयप्रकाश अंचल के आग्रह पर इस अस्पताल के निर्माण को मंजूरी प्रदान की थी। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने इसके लिए धन स्वीकृत किया था। निर्माण कार्य शुरू हुआ, किंतु विभागीय मनमानी के चलते कच्छप गति से काम होता रहा।

**पहल**

### निर्माण कार्य में विलंब से बढ़ी चार करोड़ रुपये की लागत


सोनबरसा में निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सालय का भवन

### 2021 में ही चालू होना था अस्पताल

**बैरिया।** नियमानुसार इस अस्पताल को 2021 में ही बनकर चालू हो जाना चाहिए था, किंतु अब तक कार्यदाई संस्था ने कार्य पूरा नहीं किया है। पूछने पर बताते हैं कि धनाभाव के कारण कार्य में देरी हुआ है। यहां तैनात अवर अभियंता गोविंदा को बार-बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने न तो फोन उठाया और न ही वह कार्यस्थल पर ही कभी नजर आते हैं। इसके कारण लोगों को अस्पताल के भवन निर्माण की स्थिति की वास्तविक जानकारी नहीं हो पाती है। अब देखना यह है कि मार्च में भी निर्माण निगम इस अस्पताल के भवन निर्माण का कार्य पूरा कर पाता है या नहीं।

हम लोगों ने अपनी तरफ से कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है। अब तक 26 करोड रुपए सरकार से प्राप्त हो गए हैं। उसमें से साढ़े तीन करोड़ रुपए अभी बचे हुए हैं। वह खर्च करने के बाद उपभोग प्रमाण पत्र जमा करने पर शेष धनराशि प्राप्त होगी। हम लोगों ने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त को बताया है कि अप्रैल के पहले सप्ताह में आप इस अस्पताल को चालू करा सकते हैं। आवास व दूसरे ब्लॉक का निर्माण कार्य भी यथाशीघ्र हम लोग पूरा करेंगे।

एससी राय, परियोजना प्रबंधक, निर्माण निगम

हमने हर हाल में जनवरी में 100 बेड के अस्पताल को शुरू कराने का लक्ष्य रखा था, किंतु निर्माण निगम द्वारा कार्य पूरा नहीं किया गया है। 31 मार्च तक कार्य पूरा करने का भरोसा निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक ने दिया है। मैं लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हूं। मेरा प्रयास होगा कि जल्द से जल्द यह अस्पताल चालू हो, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से मुहैया हो सके।

वीरेंद्र सिंह मस्त, सांसद

## संक्षेप

### स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने देंगे : चौबे



**बलिया।** विश्व हिन्दू परिषद बलिया के धर्म प्रसार विभाग के नेतृत्व में रविवार को शहीद पार्क चौक में स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस की स्मृति में तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर सहित सभी प्रखण्डों के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में सबसे पहले स्वामी श्रद्धानंद के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि प्रान्त सह मंत्री मंगलदेव चौबे ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद धर्मार्थ बलिदान हुए स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देगी। धर्मान्तरण के लिए सक्रिय ईसाई मिशनरियों एवं इस्लामिक संगठनों को उनके उद्देश्य में सफल नहीं होने देना ही स्वामी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विश्व हिन्दू परिषद पूरे एक पखवाड़ा जनपद के विभिन्न प्रखण्डों में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करेगी और लोगों को धर्मान्तरण में सक्रिय संगठनों के प्रभाव को रोकने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर मां तुलसी की पूजा भी की गई, जिसमें माताओं-बहनों ने हिस्सा लिया। पूजन के पश्चात् भक्तों को अपने घरों में लगाने हेतु तुलसी का पौधा उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इस प्रकार सभी प्रखण्डों में कुल 1100 तुलसी पौधों का वितरण किया गया। सुनील कुमार ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे लोगों को अपनी संस्कृति से जुड़ाव के लिए प्रेरित करते रहें, तभी हम स्वामी श्रद्धानंद जी को सच्ची श्रद्धांजलि दे पाएंगे। इस अवसर पर भानु, मनोज, मनीष, संजीव, शुभम, जितेन्द्र, सुनीता, अम्बरीष, सुधाकर, मोहित, दीपक, राजू, संत, अजय, अरूण, भारती सिंह, आजाद गिरी, आशीष, मनोज जी, सौमित्र आदि उपस्थित रहे।

### योगी सेवकों ने की विधि विधान से तुलसी पूजन



**कोपागंज, मऊ।** 25 दिसम्बर को हिन्दू युवा वाहिनी जनपद मऊ ने कोपागंज कार्यालय पर पूरे विधि विधान से तुलसी पूजन कर तुलसी पूजन दिवस मनाया। उक्त अवसर पर अजय सिंह योगी सेवक ने कहा की भारत देश संतों का देश है संता का नही इसलिए यहां 25 दिसम्बर को सनातन परम्परा के अनुसार तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। आज वर्तमान समय मे ईसाई मिशनिरियों ने एक बड़े षड्यंत्र के अन्तर्गत 25 दिसम्बर को क्रिसमस डे के रूप में प्रचारित किया और कुछ हिन्दू समाज के लोग भी उनके बहकावे में आकर क्रिसमस डे मनाना प्रारम्भ कर दिए लेकिन धीरे धीरे हिन्दू समाज जागृत हो रहा है और अपनी सनातन परम्परा के अनुसार अब वह 25 दिसम्बर को तुलसी पूजन दिवस मना रहा है। मौके पर विनीत, अखिलेश, प्रेमसागर, अजय निषाद, अनुपम विश्वकर्मा, रिंकू गोश्वामी, अंजनी सिंह, संदीप, राजू मौर्य, गुलशन चैहान, हिमांशु वर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दोहरीघाट में खुला ब्रह्माकुमारी राजयोग प्रशिक्षण केंद्र



**दोहरीघाट, मऊ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मऊ के द्वारा दोहरीघाट दोहरीघाट में विक्ट्री इंटर कॉलेज के पास ब्रह्माकुमारीज पाठशाला उप केंद्र का उद्घाटन किया गया जिसका उद्घाटन डीसीएसके पीजी कॉलेज की प्रोफेसर कंचन राय द्वारा किया गया उक्त सेवा केंद्र पर जनपद की संचारिका विमला दीदी ने कहा की इस स्थान से आसपास की सभी मनुष्य आत्माओं को मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने एवं मानवीय मूल्यों को धारण करने हेतु नियमित क्लास चलाई जाएगी इस अवसर पर कार्यक्रम का आरंभ फीता काटकर परमात्मा की याद में योग युक्त होकर कुछ विशेष योगी आत्माओं द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया एवं सभी ने संकल्प लिया कि हम सब पवित्र बनेंगे और सभी को पवित्र बनाने का संदेश देते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीके रीता बहन, आरती सोनी, पूनम, रामसूरत, गोपाल, प्रमोद, अनिल इंजीनियर, जितेंद्र सिंह, रामभवन, हरदेव, दूधनाथ, राजेश, मंजू, किरण आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन



**दोहरीघाट, मऊ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी मंडल दोहरीघाट द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर दोहरीघाट पर मनाया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता विनय जायसवाल द्वारा उनके जीवन का लंबा समय पत्रकारिता से जुड़ा था इसलिए आज कलम के सिपाहियों पत्रकार बंधुओं को अंग वस्त्रम डायरी तथा कलम देकर के सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही साथ नगर के सम्मानित बुद्धिजीवी वर्ग डॉक्टर इंजीनियर अधिवक्ता व अध्यापक को भी सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर पूर्व चेयरमैन गुलाबचंद गुप्त, मंडल अध्यक्ष रामाधीन पांडे, आजाद जायसवाल, भरत सोनकर, विनय जायसवाल, राकेश गुप्ता, इंदल पासवान, गोपाल जयसवाल, राहुल गुप्ता, सिद्धि चंद्र साहनी, श्रवण चैरसिया, आशीष गुप्ता, मनोहर रंगवा, अमित गुप्ता, पवन सोनकर, नाथूराम सोनकर, राजू गौड़, आलोक गुप्ता आदि लोग रहे।

### राष्ट्र के सजग प्रहरी व सच्चे राष्ट्र भक्त थे अटल, उनके जैसा जननायक दूसरा नहीं


**दोहरीघाट, मऊ।** 25 दिसम्बर देश के दो महान विभूतियो भारतरत्न से सम्मनित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल विहारी बाजपेयी तथा दूसरे महान शिक्षाविद बीएचयू के संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय की जयन्ती भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने कस्बा स्थित कार्यालय परिसर में सुशासन दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया इस अवसर पर क्षेत्र से जुटे कार्यकताओं ने चित्रों पर पुष्पांजलि कर नमन किया। उक्त अवसर पर क्षेत्र से जुटे कार्यकताओं के बीच मुख्य वक्ता भाजयुमो के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री शिक्षक हिमांशु राय ने कहा कि अटल भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे और सुचिता की राजनीति के पहचान थे वे राष्ट्र के सजग प्रहरी व सच्चे राष्ट्र भक्त के रूप में भारतवासियों के प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे। उनके जैसा जननायक आज तक दूसरा कोई नही हुआ। उन्होंने आगे कहा कि अटल का व्यक्तित्व चुम्बकीय था जिससे उनके विरोधी भी प्रभावित होते थे।इसी क्रम में किसान नेता विनय कुमार ने मालवीय के जीवनवृत्त पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वे एक महान राजनेता और शिक्षाविद थे जिन्होंने बीएचयू की स्थापना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजयुमो जिला अध्यक्ष हेमन्त कुमार बंटी राय, पप्पू गुप्ता, प्रोफेसर प्रदीप कुमार, श्रीकांत श्रीवास्तव, संजय चैहान, रामप्रसाद सोनकर, विकास वर्मा, सुरेश उपाध्याय, संतोष राय, सुबाष मौर्य, आकाश सोनकर, नरेंद्र मल्ल, राम दरस सिंह, संतोष साहनी आदि लोग रहे।

## मनबढ़ों ने दुकानदार व उसके भाई को मारकर किया जख्मी



**कोपागंज, मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के त्रिपाठी पेट्रोल पंप के सामने दबंगों ने सरेराह दुकानदार उसके भाई व उसके पुत्र को मारपीट कर किया अधमरा। आपको बताते चलें कि कोपागंज थाना क्षेत्र के टड़ियाव गांव निवासी आशुतोष सिंह पुत्र राम बचन सिंह पुत्र की कोपागंज में बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है रविवार सुबह दुकानदार रामबचन सिंह अपनी दुकान पर मोरंग बालू का एक ट्रक वाले से मोलभाव करके बालू की माप लेने के दौरान ट्रक मालिक हिमांशु यादव उर्फ करीमन पुत्र महेंद्र थाना घोसी अंतर्गत कनिहारी पुर निवासी से कहासुनी हो गई बातों बातों में ट्रक मालिक द्वारा पिस्टल निकालकर दुकानदार के पुत्र के ऊपर तान दिया गया। जिसकी शिकायत दुकानदार थाने पहुंचकर ट्रक मालिक की धमकी, का प्रार्थना पत्र देकर, न्याय की गुहार लगाई लेकिन कोपागंज पुलिस इस मामले पर घंटों समझौता वादी रवैया अपनाते हुए इस प्रकरण पर टालमटोल कर रहे थे तभी ट्रक मालिक वह उसके साथ का 6 अज्ञात बदमाशों द्वारा दुकानदार व दुकानदार के भाई को दुकान पर चढ कर खुन से लहूलुहान कर दिया सूचना पाकर दुकानदार के पुत्र के पहुंचने पर भी हमलावरों ने इसे पुत्र को भी ललकार कर टूट पड़े। कोपागंज पुलिस की निष्क्रियता के चलते मामूली सा विवाद खूनी खेल में तब्दील हो गया यदि समय रहते पुलिस कार्यवाही की होती तो बदमाशों का, तांडव नहीं हुआ होता पुलिस की निष्क्रियता को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं है अभी मामले का पटाक्षेप भी नहीं हुआ तब तो दूसरी घटना का होना पुलिस पर अनेकों सवाल खड़ा करती है।

## व्यापारियों ने मनायी व्यापार मंडल की स्वर्ण जयंती



**दोहरीघाट, मऊ।** शनिवार की देर शाम को दोहरीघाट व्यापार मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना की 50वीं स्वर्ण जयंती के अवसर पर ब्लाक कार्यालय परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि करते हुए मनाया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारी गण मुख्य रूप से अध्यक्ष शिव कुमार जायसवाल, प्रहलाद दास गुप्ता, अरविंद साहू, संतोष राय, सुरेंद्र साहू, विकास वर्मा, मनोज साहू, रवि यादव, अरुण, राधेश्याम वर्मा, रवि यादव, गोरखनाथ साहू, डॉक्टर शमसुद्दूहा चैधरी, मनीष जायसवाल, विजय जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## क्रिसमस पर विद्यालय को विश्वसनीय ब्रांड का अवार्ड मिलने पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन




**मऊ।** लिटिल फ्लावर चिल्ड्रन स्कूल निजामुद्दीनपुरा मऊ में क्रिसमस और नववर्ष के आगमन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसकी शुरूआत पीजी के बच्चों ने आओ रे परदेसी गीत गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद नर्सरी के बच्चों ने स से होता है स्कूल सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का अंत यूकेजी के बच्चों द्वारा यह तस्वीर है ख्वाबों की नृत्य प्रस्तुत कर अंत किया गया। अभिभावक अपने बच्चों के प्रदर्शन को देख करके बहुत ही आनंदित महसूस कर रहे थे और अपने बच्चो में अपने आप को देखा! इस अवसर पर हमारे विद्यालय के प्रबंधक विजय शंकर यादव ने बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। निदेशक मुरलीधर यादव, प्रधानाचार्या सरिता केडिया, डिप्टी डायरेक्टर एमएल केडिया, उप प्रधानाचार्य बीके चिचैदिया व अन्य शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर दैनिक जागरण के द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लिटिल फ्लावर ग्रुप आफ स्कूल को प्रदेश में मिले सबसे विश्वसनीय ब्रांड से सम्मानित होने पर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित विद्यालय के निदेशक मुरलीधर यादव द्वारा बच्चों के अभिभावकों से अपील की, कि आप अपने बच्चे के लिए कम से कम एक घंटा अवश्य निकाले और उन्हें सफल बनाने में अपना योगदान दे। उन्होंने वियतनाम से प्राप्त एक्सीलेंस अवार्ड को अपने पिताजी विजय शंकर यादव को समर्पित किया। स्कूल के कार्यक्रम का समापन स्कूल की प्रधानाचार्या सरिता केडिया ने धन्यवाद कहकर समाप्त किया।

# धूमधाम से मनाया गया प्रभु ईसा मसीह का जन्मोत्सव

आयोजन

### क्रिसमस की धूम, रंग-बिरंगी झालरों से जगमगाए चर्च

जनसंदेश न्यूज



क्रिसमस डे के अवसर पर सेल्फी लेती लड़कियां



चर्च में लगे मेले में सेल्फी लेती महिलाएं



नगर स्थित चर्च में श्रद्धालुओं की लगी भीड़

**गाजीपुर।** आधी रात में जैसे ही घड़ी की सुइयां एक हुईं, मसीही समुदाय के लोग खुशी से झूमने लगे, गिरिजाघरों के घंटे बजने लगे, चारों ओर मेरी क्रिसमस गूंज उठा। बच्चों की टोलिया दोस्तों संग मस्ती में डूबी दिखीं। प्रभु के आगमन की खुशियां मनाते दिखे। बिजली के झालरों से सजा गिरजाघर ऐसा लगा मानो आसमान से तारे जमीन पर उतर आए हो। घरों में अलग ही नजारा देखने को मिला।

आधी रात में केक काटकर एक दूसरे को मेरी क्रिसमस की बधाई दी। नगर से लेकर गांवों तक रविवार को क्रिसमस-डे का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चर्च में देर शाम तक कार्यक्रम चलता रहा। युवाओं ने ईसाई समाज के लोगों में हर्ष नजर आया। खुशी और उत्साह का प्रतीक क्रिसमस ईसाई समाज का सबसे बड़ा पर्व है। शहर के तुलसीसागर स्थित चर्च में मसीही समाज के लोगों ने प्रभु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। आज पैदा मसीह हो गया, यीशु नाम है कितना महान, हर तरफ हर जगह तू ही तू यीशु, चमका चरनी में तारा हुआ सारे जग में उजियारा आदि गीतों से चर्च गूंज उठा। बच्चों और युवाओं ने ईशु पर तमाम गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। फादर ने यीशु के बताए शांति मार्ग पर चलने और सभी से प्रेम करने का संदेश



क्रिसमस डे के अवसर पर मेला में पहुंची लोगों की भीड़

दिया। इस अवसर पर जगह-जगह चर्च को सजाया गया। मुख्य चर्च को इलेक्ट्रिक लाइट, गुब्बारें आदि से सजा कर यीशु की झांकियां लगाई गई। पूरे दिन प्रार्थना सभाएं चलती रहीं। लोग झांकियों के साथ सेल्फी भी लेते रहे। चर्च के पास मेला जैसा माहौल देर रात तक बना रहा। लोगों की भीड़ पूरे दिन खाने पीने की दुकानों सहित समानों की खरीदारी के लिए लगी रही। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह था। पूरे दिन समुदाय के लोग एक-दूसरे के घर जाकर बधाइयां देते रहे। इस दौरान लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। चर्चों से लेकर लोगों के घरों तक में हैपी क्रिसमस की गूंज रही।

ईसाई समुदाय के लोगों के लिए क्रिसमस खुशी का पर्व है। इस पर्व को प्रभु ईसा मसीह के जन्म उत्सव के रूप में चर्च में धूमधाम से मनाया गया। 25 दिसंबर के दिन ही प्रभु यीशु ने मैरी और जोसेफ नाम दंपति के घर बेथलेहम में जन्म लिए थे। ऐसा माना जाता है कि यीशु का जन्म मानवता और लोगों की भलाई के लिए हुआ था। यही वजह है कि लोग 25 दिसंबर को उत्साह के साथ क्रिसमस मनाते हैं।

# पैराशूट से उतरे दावेदारों को रोका जाए साहब

जनसंदेश न्यूज

नगर निकाय

### पार्टी में उठ रही कार्यकर्ताओं की आवाज





**गाजीपुर।** निकाय चुनाव करीब आते ही दावेदारों की जंग शुरू हो गयी है। लेकिन एक बड़ा रंग भगवा बस्तियों में ये आया है कि पांच साल से वार्ड में तैयारी कोई कर रहा था और सीट रिजर्व होते ही उधर का लीडर चुनाव लड़ने के लिए इधर के वार्ड में आया है। इन दावेदारी के जमीनी ट्रांसफर ने कई कार्यकर्ताओं को निराश किया है और बात अब कार्यकर्ताओं के बीच उठी है कि जिस वार्ड का रहने वाला नेता है उसी वार्ड में चुनाव लड़ना चाहिए।

वार्ड के कार्यकर्ता को ही सभासद चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए। बताया जा रहा है कि कई वरिष्ठ और कई संगठन के नेता और कई तो सभासद भी हैं जो दूसरे के वार्ड में पैराशूट एंट्री ले रहे हैं। वहां रहते नहीं है लेकिन अपने वार्ड की सीट आरक्षित होते ही दूसरे मौहल्ले में जाकर खुद को लीडर बता रहे हैं।

दूसरे वार्ड में जाकर कोई अपना घर यहां बता रहा है तो कोई गांव गिना रहा है। जो पांच साल से इन वार्डों में चुनाव की लड़ रहे थे उन्हें इन पैराशूट दावेदारों को देखकर अपनी उम्मीदवारी का सिंहासन डोलता नजर आ रहा है। ऐसे में कार्यकर्ता ये डिमांड कर रहे हैं कि यदि दूसरे वार्ड से आकर लोग चुनाव लड़ना चाहते हैं तो ऐसे लोगों को टिकट नहीं दिया जाना चाहिए, इन पर रोक लगायी जानी चाहिए। चाहे कितना बड़ा पदाधिकारी हो लेकिन पैराशूट एंट्री नही दी जानी चाहिए।

### किसी भी वार्ड में लड़ सकता है चुनाव

नियम के अनुसार नही रोक सकते चुनाव लड़ने से जिस बात को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उबाल है और कई पैराशूट नेता दूसरे वार्डों में दस्तक दे रहे हैं। उस बात को लेकर नियम कुछ और कहता है। चुनाव का रूल ये है कि निकाय क्षेत्र के रहने वाला कोई भी मतदाता किसी भी वार्ड से जाकर चुनाव लड़ सकता है। निकाय क्षेत्र में वो किसी भी वार्ड से चुनावी पर्चा खेल सकता है। नियम के अनुसार किसी को किसी भी वार्ड से चुनाव लड़ने से रोका नही जा सकता है।

### सियासी समीकरण साधने में जुटे दावेदार

निकाय चुनाव की तैयारियों में राजनैतिक संगठन पूरी ताकत से जुट गए हैं। शासन ने वार्डों का आरक्षण जारी कर सरगर्मियां पैदा कर दी हैं। दावेदारों की कसरत में तेजी आ गई है। दावेदारों की सबसे ज्यादा भीड़ भाजपा कार्यालय और दिग्गजों के घर के चक्कर लगा रही है। सपा, बसपा कार्यालय पर भी दावेदार टिकट मांगने पहुंच रहे हैं। गाजीपुर सहित अन्य निकाय क्षेत्र में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष व 25 सभासद पदों पर चुनाव कराया जाना है। इसको लेकर प्रशासन की तरफ से तैयारी पूरी की जा रही हैं। आरक्षण की सूची आने पर सारे समीकरण बदले-बदले नजर आ रहे हैं।

# डीआईओएस कार्यालय के बाबुओं पर भ्रष्टाचार का आरोप

बैठक

### शिक्षक संघ पांच जनवरी को करेगा विरोध प्रदर्शन

### 31 दिसम्बर तक जिला संगठन का होगा चुनाव

जनसंदेश न्यूज



माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में बोलते नारायण उपाध्याय।

**गाजीपुर।** माध्यमिक शिक्षक संघ अपनी मांगों को लेकर पांच जनवरी को काला फीता बांधकर प्रदर्शन करेगा। रविवार को एमएएच इंटर कॉलेज में हुई बैठक में रणनीति तैयार की गई। जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह ने कहा कि पांच जनवरी को प्रांतीय नेतृत्व के आहवान पर काला फीता बांधकर प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक में जनपदीय चुनाव के अन्तर्गत प्रतिनिधि सूची दो दिनों में मंगाने व चुनाव अधिकारी से सम्पर्क कर चुनाव 31 दिसम्बर से पूर्व चुनाव कराने पर चर्चा की गई। पुरानी पेंशन को लेकर प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर पांच जनवरी को काला फीता बांधकर सरकार के खिलाफ संगठन विरोध दर्ज कराएगा। जनपदीय समस्याओं को लेकर वक्ताओं ने जिविनि कार्यालय के लिपिकों पर भ्रष्टाचार का गम्भीर आरोप लगाए। सुविधा शुल्क को लेकर अध्यापकों के सत्यापन व वेतन भुगतान को निस्तारित नहीं किया जा रहा है। संगठन इन कुकृत्यों को लेकर आंदोलन करने के लिए बाध्य है। भविष्य में धरने प्रदर्शन व आगामी बोर्ड परीक्षा के बहिष्कार का निर्णय संगठन नेतृत्व लेगा। बैठक में अनिल कुमार राय, नारायण उपाध्याय, डॉ रियाज अहमद, शैलेन्द्र यादव, प्रकाश चन्द्र दूबे, राणाप्रताप सिंह, विजय श्रीवास्तव, अमित कुमार राय, जयशंकर राय, रत्नेश राय, मनोज कुमार सिंह, डॉ विष्णु शंकर पाण्डेय, कुंवर अविनाश गौतम, प्रदीप कुमार वैश्य, ऋषिकेश सिंह, कमलेश कुमार, सत्येन्द्र सिंह, रविन्द्र नाथ तिवारी, सूर्यप्रकाश राय, अनिल दूबे, अभिषेक सिंह, पुष्कल तिवारी, पंकज राय आदि उपस्थित थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह व संचालन चौधरी दिनेश चन्द्र राय ने किया।

# तीन गो तस्कर गिरफ्तार, चार पशु बरामद

**गाजीपुर।** पुलिस ने तीन गो तस्करों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास चार पशु बरामद की है। जिसमें से एक पशु की मौत हो चुकी थी। तलाशी में तस्करों के पास से अवैध असलहा भी मिला है। मुहम्मदाबाद उ.नि. सुरेश कुमार मौर्य शनिवार की रात्रि पुलिस जवानों के साथ गश्त पर थे। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप पर गोवंश लदा है। रसड़ा की तरफ से आ रही बखरियाडीह बांध के पास से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों की पहचान थाना करीमुद्दीनपुर के भरौली गांव निवासी प्रमोद प्रजापति पुत्र किशुन प्रजापति ,सुरेन्द्र राजभर पुत्र रामशीष राजभर , बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र के बनियाबाग गांव निवासी नागा राजभर पुत्र पप्पू राजभर के रूप में हुई। तस्करों के पास से एक पिकअप, चार गोवंश पशु जिनमें से 01 की मृत्यु हो गई थी। शेष 03 जिन्दा व एक अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया ।

# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से चालक की दबकर मौत

### एनएच 124 ताड़ीघाट बारा मार्ग निर्माण में लगी कार्यदायी संस्था में पति पत्नी करते थे कार्य

जनसंदेश न्यूज

**रेवतीपुर।** थाना क्षेत्र के एनएच 124 ताड़ीघाट बारा मार्ग पर निमार्णाधीन पुलिया के पास लिंक मार्ग पर कार्य के दौरान ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। जिससे गंभीर रूप से चालक घायल हो गया। इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोनभद्र जिला के भरौली बरौली ग्राम निवासी ट्रैक्टर चालक रामलाल उम्र लगभग 40 वर्ष सड़क निमार्ण के कार्यदायी संस्था का कर्मचारी था। ग्रामीणों की माने तो बारा से गाजीपुर के जाने के लिए सवारी बस जा रही थी। जो एनएच 124 ताड़ीघाट बारा मार्ग पर निमार्णाधीन पुलिया के पास लिंक मार्ग पर ट्रैक्टर के सामने आ गई और ट्रैक्टर चालक अपने को बचाने के लिए सड़क के किनारे का सहारा लेने का प्रयास किया। जिसमें ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर गड्ढे में पूरी तरह से पलट गया। जिसके नीचे ट्रैक्टर चालक दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में स्थानीय थाना पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से घायल चालक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गया। चालक की पत्नी प्रमिला भी यहीं रेवतीपुर में अपने पति के साथ उसी कार्यदायी संस्था में मजदूरी का कार्य करती है। चालक को एक पुत्री भी है। थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार चौधरी ने बताया कि पकड़ी निमार्णाधीन पुलिया के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला चिकित्सालय गाजीपुर पहुंचाया गया जहां चालक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

## संक्षेप

### शिक्षा ही विकास की कुंजी: रामअवतार



**गाजीपुर।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के तत्वाधान में सरजू पांडेय पार्क में ज्ञानी जैल सिंह की पुण्य तिथि एवं ईसा मसीह का जन्म दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार विश्वकर्मा ने ज्ञानी जैल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्जित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। मुख्य अतिथि ने भारत के सातवें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के व्यक्तिव व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी है। इसलिए शिक्षित बनो, संगठित बनो, संघर्ष करो जिससे कि समाज के लोग शिक्षित हो। जिससे की समाज के हक की लड़ाई लड़ने में आसानी होगी। शिक्षित समाज से जिला प्रशासन को अपनी समस्या को रखने में हम कामयाब होंगे। जिला उपाध्यक्ष मदनमोहन विश्वकर्मा ने कहा कि एकजुट होकर समाज की लड़ाई लड़ी जाएगी। हर हाल में समाज के उपर अत्याचार एवं उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सपा राजेश कुशवाहा, रामधारी यादव, गोपाल, सदानंद, प्रवीण विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, सुनील, विनोद, रवि, नंद किशोर आदि लोग शामिल रहें। अध्यक्षता गंगा विश्वकर्मा और संचालन प्रमोद विश्वकर्मा ने किया।

### कोरोना को लेकर रहें सावधान: नरेंद्र मोदी

**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के लगातार 96 वीं तथा वर्ष 2022 के अंतिम कड़ी के प्रसारण को रविवार पूर्वाह्न 11 बजे जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिले के सभी बुथों पर भाजपा कार्यकताओं ने उपस्थित पदाधिकारियों संग सुना गया। प्रत्येक बुथों पर पुर्व प्रधानमंत्री पं अटल बिहारी वाजपेयी के 98 वीं जयंति पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पुर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी के जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर मुख्य रूप से साल के अंत में कोरोना के बढ़ते खतरे पर कहा कि दुनिया के कई देशों में कोरोना बढ़ रहा है। हमें इससे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, "आप भी देख रहे हैं, कि, दुनिया के कई देशों में कोरोना बढ़ रहा है, इसलिए हमें, मास्क और हाथ धुलने जैसी सावधानियों का और ज्यादा ध्यान रखना है। हम सावधान रहेंगे, तो सुरक्षित भी रहेंगे और हमारे उल्लास में कोई रूकावट भी नहीं पड़ेगी। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कहा कि बाजपेयी जी उच्चकोटि के राजनीतिज्ञ और अच्छे कवि थे। उन्होंने भारत को स्वावलंबी बनाने मे अतुलनीय सहयोग किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश वासियों के सुरक्षा के प्रति बताए गए सुझावों को हम अपनाकर स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। जिलाप्रभारी अशोक मिश्रा ने कहा कि पं अटल बिहारी वाजपेयी जी के सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी साकार कर रहे है। देश आज जिस मजबुती से आगे बढ़ रहा है वह निति भाजपा नेताओं का सपना रहा है।

# शिक्षित समाज से अधिकारों की होगी रक्षा

### धूमधाम से मना बिंद दिवस

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** बिंद दिवस समारोह रविवार को बड़े ही भव्य और धूमधाम से लंका मैदान में मनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में बिंद समाज के लोग आकर अपने बिंद समाज का मान-सम्मान पहचान और एकता कायम रखने का संकल्प लिए। पूरे कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगे झंडे गुब्बारों से सजाया गया।

मुख्य अतिथि भभुआ बिहार के विधायक भरत बिंद ने कहा कि बिन्द समाज का कोई पेशा निश्चित ना होना इस बात का प्रमाण है कि समाज पूर्व में भारत का शासक रहा है। हमारी अलग संस्कृति एवं सभ्यता रही है। हम अपने पूर्वजों की समानता एवं न्याय प्रिय व्यवस्था की धरोहर को बरकरार नहीं रख पाए। यही हमारे आर्थिक ,शैक्षणिक ,सामाजिक एवं राजनैतिक पिछड़ेपन का कारण है।

विशिष्ट अतिथि विधायक तिलक धारी ने कहा कि शिक्षित समाज ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है। समाज की युवाओं को आगे आकर अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत होना पड़ेगा। अखिल भारतीय बिंद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत मोहन बिंद ने कहा कि बिंद समाज भारत का सबसे बहादुर, मेहनती ,ईमानदार, साहसी और न्याय प्रिय समाज है।

बिंद समाज के लोगों ने कभी भी पैर धोकर पीने और सर झुका कर जीने की मानसिकता को स्वीकार नहीं किया। समारोह में मुख्य रूप से गजराज चौधरी,सुपन चौधरी,अर्जुन बिन्द, ऋषिकेश बिन्द, अरविंद बिंद , विनोद, सुरेंद्र, सुषमा बिंद, कमलेश, रविंद्र, राकेश आदि अपने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता भुवनेश्वर बिंद और संचालन राम दरस बिंद ने किया।

# कागजों में पशुओं को पकड़ने की खानापूर्ति



**जखनियां।** शासन-प्रशासन छुट्टा पशुओं को गो आश्रय स्थल सहित गांव में पशुपालकों के यहां रख रखाव में फेल नजर आ रहा है। विभागीय अधिकारियों की शिथिलता से किसान अपनी फसलों को चिंतित दिख रहें है। गेहू की बुवाई के बाद अब फसलों की सिंचाई हो रही है, लेकिन छुट्टा पशु खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रशासन लाख दावा कर रहा है कि अब कहीं छुट्टा पशु नहीं है। मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही है। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि आज तक उन्होंने नहीं देखा कि कभी कोई पशुओं को पकड़ कर ले जाता हो। झुंड में चल रहे पशु जिस खेत में जा रहे हैं, पूरी फसल चौपट हो जा रही है। वही रास्ते में भी आए दिन पशुओं के साथ दुर्घटनाएं हो रही है। अधिकारी मात्र कागजों में पशुओं को पकड़ने की खानापूर्ति करते नजर आ रहे हैं।

# टाउन क्लब मुहम्मदाबाद ने मिर्चा को दी शिकस्त

खेल

### अन्तर्राज्यीय स्व. गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप का भव्य शुभारंम्भ



फुटबाल चैम्पियनशिप के उद्घाटन मुकाबलें में मिर्चा व मुहम्दाबाद के बीच मुकाबले का दृश्य

**सुहवल।** इण्टर कालेज सुहवल के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में प्रतिष्ठित 52 वीं अन्तर्राज्यीय स्व. गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप का भव्य शुभारंम्भ रविवार को मुख्य अतिथि जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय व मार्चपास्ट की सलामी लेकर किया।

नाक आउट के आधार पर खेले जा रहे इस उद्घाटन मुकाबलें में टाउन क्लब मुहम्मदाबाद ने मिर्चा को 1-0 से शिकस्त देकर अगले चक्र के लिए क्वालिफाइ कर लिया। मैंच के शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला देख ?ने को मिला। मध्यान्तर से पहले दोनों ही टीमों को एक दर्जन से अधिक नजदीकी सुअवसर मिला। मगर कोई टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी। मध्यान्तर तक दोनों ही टीमें गोल रहित रही। इसके उपरांत शुरू हुए मुकाबलें में भी दोनों टीमों के खिलाडियों ने काफी कलात्मक खेल का प्रदर्शन किया। मैंच के अन्तिम क्षणों के 88 वें मिनट में टाउन क्लब मुहम्मदाबाद के इशहाक ने शानदार मैदानी गोल कर टीम को 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी,जो मैच समाप्ति तक कायम रखते हुए मुहम्मदाबाद ने उद्घाटन मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस अवसर सुनील सिंह,प्रफुल्ल चंद्र राय,पूर्व प्रधान आदित्य नारायण राय, आशुतोष राय,राजू,प्रिंस, राहुल खरवार,भुल्लन राय आदि मौजूद रहे,मुकाबले में निर्णायक बृजेश मिश्रा उर्फ चुन्नू मिश्रा रहें। उद्घोषक की भूमिका सुरेन्द्र नाथ राय ने निभाई ।

# चोरों ने पांच लाख के आभूषण पर हाथ किया साफ

### पुलिस घटनास्थल का जायजा लेकर छानबीन में जुट गई

**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के कुसम्हीकलां गांव में शनिवार की रात करीब एक बजे चोरों ने चैनल गेट का ताला तोड़कर घर में घुसकर 80 हजार नकदी सहित कुल पांच लाख रुपए के गहने उठा ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण कर वापस लौट गई।

थाना क्षेत्र के कुसम्हीकलां गांव निवासी बाला लखंदर यादव के घर का शनिवार की रात में मुख्य गेट के चैनल का ताला तोड़कर चोर घर में प्रवेश किया। चोरों ने कमरे में सो रही महिलाओं के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया। दूसरे कमरे में रखी अलमारी और बॉक्स का ताला तोड़कर उसमें रखा लगभग पांच लाख के आभूषणों में सोने का तीन चेन,दो झुमका, माँगटिका, नाथियां, दो आयरन,दो झाला,दो कंगन, आठ जोड़ी पायल, आठ अंगूठी,चार लाकेट आदि पर हाथ साफ किया।

वहीं 80 हजार रुपया नकद उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि घर की महिलाओं की भोर में नीद टूटी तो देखा की कमरे का दरवाजा खुला है। जब दरवाजे के पास गई तब अलमारी टूटी देखकर शोर मचाने लगी । परिवार तथा आस पास के लोग जुटकर चोरों की इधर उधर खोजा लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला।

थानाध्यक्ष महेन्द्र सिंह के अनुसार चोरी की घटना की जानकारी है।, छानबीन की जा रही है। ठंढ़क शुरू होते ही क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। तीन दिन पूर्व पठानपुर में भी एकही रात में दो घरों में चोरों ने चार लाख रुपये का आभूषण उठा ले गये थे।

### नहर में नहीं आता पानी किसानों को परेशानी

**जखनियां।** क्षेत्र स्थित नहर शारदा सहायक खंड 23 की सफाई हर वर्ष की जाती है। लेकिन कभी नहर में पानी नहीं आता है। सैकड़ो एकड़ खेत की सिचाई करने में किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि सरकार प्रति वर्ष नहर पर लाखों खर्च करती है। क्षेत्र के ग्रामीणों के मुताबिक नहरों में पानी आता तो किसानों को उसका भरपूर लाभ मिलता। किसानों की गेहूं की पैदावार बढ़ जाती। बताया कि शारदा सहायक खंड 23 नहर आजमगढ़ से आती है, लेकिन आजमगढ़ की सीमा के बाद किसान नगर के पानी को बांध देते हैं। जिससे पानी जनपद की सीमा में नहीं आता और लोग नहर के पानी का इंतजार करते रह जाते हैं। सैकड़ो एकड़ भूमि सिचाई से बाधित हो जाती है। किसानों ने बताया कि कई बार तहसील दिवस और नहर विभाग सहित उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। परंतु विभागीय अधिकारी मौन साधे हुए है। अब तक नहर में पानी नहीं आया।

# महामना ने शिक्षा की जलाई अलख: मनोज सिन्हा

जयंती

### बीएचयू से पढ़े लोग दुनिया में अपनी मेधा का मनवा रहे लोहा

जनसंदेश न्यूज



पंडित मदनमोहन मालवीय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।



पंडित मदनमोहन मालवीय इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में बैठे छात्र छात्राएं।

**मनिहारी।** क्षेत्र के पंडित मदनमोहन मालवीय इंटर कॉलेज सिखड़ी का वार्षिकोत्सव एवं महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि कहा कि महामना मदनमोहन मालवीय जी ने शिक्षा की अलख जलाई थी। प्रख्यात शिक्षाविद महामना ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के रूप में जो वट वृक्ष लगाया उसकी शाखाएं आज संपूर्ण भारत में फैल कर ज्ञान की ज्योति से सबको प्रकाशित कर रही हैं।

बीएचयू से पढ़े लोग दुनिया में अपनी मेधा का लोहा मनवा रहे हैं। मालवीय जी उन लोगों में से थे जिन लोगों ने अपने जीवन को केवल सफल ही नहीं बनाया बल्कि सार्थक भी बनाया। इसलिए हमें अगर जीवन को सफल और सार्थक दोनों बनाना है तो उनके बताए रास्ते पर चलना ही होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, प्रभुनाथ चौहान, सुरेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य पारसनाथ राय, कृष्ण बिहारी राय, नरेन्द्र सिंह, विजय शंकर राय,रामनगीना यादव, योगेन्द्र सिंह, लालजी यादव, अनिल पांडेय, आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता पूर्व विधान परिषद सदस्य केदारनाथ सिंह एवं संचालन गौरीशंकर पांडेय ने किया।

### अटल जी ने नए भारत के निर्माण की रखी आधारशिला

उपराज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति के युगपुरुष, श्रेष्ठ राजनीतिज्ञ, कोमल हृदय संवेदनशील मनुष्य थे। उन्होंने नए भारत के निर्माण की आधारशिला रखी थी। जिसको आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की है। जिसका लाभ किसानों को सीधे मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन के पक्षधर थे। इसी लिए आज का दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

### मानव के सर्वागीण विकास का मूल शिक्षा


श्री सिन्हा ने कहा कि मानव के सर्वांगीण विकास का मूल शिक्षा है। एक न्यायसंगत और समावेशी समाज के निर्माण और राष्ट्र के विकास के लिए भी शिक्षा आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाए हैं,जो वह मिल का पत्थर साबित होगा। गुरुजन उसको मूर्त रुप देकर धरातल पर लाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने पूरी ईमानदारी से उन समस्याओं और बाधाओं को पहचाना है। यह सकारात्मक संकेत है कि राष्ट्रीय शिक्षा के नीतिगत प्रावधान महिलाओं की शिक्षा में भागेदारी को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जनसंपादकीय

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संवाहक मालवीय

पंडित मदनमोहन मालवीय जी का संपूर्ण सामाजिक-राजनीतिक जीवन स्वदेश के खोए गौरव को स्थापित करने के लिए प्रयासरत रहा। जीवन-युद्ध में उतरने से पहले ही उन्होंने तय कर लिया था कि देश को आजाद कराना और सनातन संस्कृति की पुर्नस्थापना उनकी प्राथमिकता होगी। 1893 में कानून की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वे इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वकालत करने लगे। बतौर वकील उनकी सबसे बड़ी सफलता यह रही कि उन्होंने चौरी-चौरा कांड के 151 अभियुक्तों को, जिन्हें सत्र न्यायाधीश ने फांसी की सजा दी थी, उच्च न्यायालय में पैरवी करके बचा लिया। उनकी इस सफलता ने आजादी के दिवानों में इंकलाब ला दिया। उनका मकसद भी था कि देश के युवा आजादी की लड़ाई से जुड़े और भारतीय संस्कृति की पुर्नस्थापना के संवाहक बनें। इसी उद्देश्य से उन्होंने 4 फरवरी, 1916 को बसंत पंचमी के दिन काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की स्थापना की। एक लोकश्रुति है कि पंडित मदन मोहन मालवीय जी ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना का संकल्प इलाहाबाद के कुंभ मेले में देश भर से आए श्रद्धालुओं के बीच जब व्यक्त किया तो उस समय एक वृद्धा ने उन्हें चंदे के रुप में एक पैसा दिया। इसके उपरांत मालवीय जी ने विश्वविद्यालय के विकास के लिए चंदा इकठ्ठा करने के लिए देश भर की यात्रा की। कहा जाता है कि जब काशी नरेश गंगा से डुबकी लगाकर निकले तो सामने मालवीय जी खड़े थे। वे उनसे विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए दान में जमीन मांग ली। कलकत्ता के दानवीरों ने उन्हें रथ पर बिठाया और घोड़ों की जगह खुद जुते। जब वे रामपुर के नवाब से विश्वविद्यालय के लिए धन मांगने गए तो उसने उनका तिरस्कार करते हुए अपनी जूती दान में दिया। लेकिन मालवीय जी इससे विचलित नहीं हुए। उन्होंने नवाब की जूती को उसका इज्जत बता नीलामी के लिए बाजार में बैठ गए। नवाब पानी-पानी हो गया। उसे मुंहमांगी बोली लगाकर मालवीय जी से जुतियां खरीदनी पड़ी। एक कहावत यह भी है कि उसी समय एक सेठ का निधन हुआ और मालवीय जी उसकी शव यात्रा में लुटाए जा रहे पैसों को बटोरना शुरू किया। जब लोगों ने उनसे पूछा कि आप क्या कर रहे हैं तब उन्होंने कहा कि ह्यनिजाम का दान न सही, शव-विमान का ही सही। जब यह बात निजाम के कानों तक गयी तो वह बहुत शर्मिंदा हुआ और मालवीय जी को ढेर धनराशि दी। मालवीय जी को विश्वास था कि राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है जब लोग सुशिक्षित होंगे। मालवीय जी ने शिक्षा संपूर्ण भारत में शिक्षा का प्रचार किया। उनका स्पष्ट मानना था कि व्यक्ति अपने कर्तव्यों और अधिकारों का समुचित पालन तभी कर सकता है जब वह शिक्षित होगा। मालवीय जी 1919 से 1939 तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय के उपकुलपति रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य प्रकट करते हुए एक दीक्षांत भाषण में कहा था कि ह्यइस विश्वविद्यालय की स्थापना इसलिए की गयी कि यहां के छात्र विद्या अर्जित करें, देश व धर्म के सच्चे सेवक बनें, वीरता के साथ अन्याय का प्रतिकार करें। आजादी की लड़ाई और उसके बाद इस विश्वविद्यालय ने देश की जो सेवा की, वह सर्वविदित है। मालवीय जी सनातन हिंदू थे। वे तिलक लगाते थे और संध्यापूजन करते थे। जब वे गोलमेज परिषद में गए तो अपने साथ गंगाजल ले गए। 1923 और 1936 में दो बार हिंदू महासभा के प्रधान चुने गए। उनका कहना था ह्यमैं चाहता हूं कि भारत के गांव-गांव में हिंदू सभाएं स्थापित हों और हिंदुओं के शक्तिशाली संगठन हों। लेकिन उनका हिंदुत्व संकीर्ण परिधि में सीमित नहीं था। उन्होंने एक संस्था की स्थापना की थी जिसका काम उन अस्पृश्यों को हिंदू धर्म में दीक्षित करना था, जिन्हें ईसाई मिशनरियों ने ईसाई बना दिया था। मालवीय जी सनातन संस्कृति और भारतीय भाषा के पक्षधर थे। 1937-38 की एक घटना का खूब जिक्र होता है जब मालवीय जी को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दीक्षांत भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया था। विश्वविद्यालय के इतिहास में अभी तक दीक्षांत भाषण अंग्रेजी में ही दिए जाने की परंपरा रही। लेकिन मालवीय जी ने उस परंपरा को तोड़ हिंदी में भाषण देकर देशभक्ति का अनूठा उदाहरण पेश किया। ह्यसर, स्पीक इन इंगलिश, वी कांट फॉलो योर हिंदी जैसे ही श्रोताओं के बीच से यह आवाज गूंजी तो पंडित मदन मोहन मालवीय जी का चेहरा तमतमा गया। उन्होंने तपाक से जवाब दिया ह्यमहाशय, मुझे भी अंग्रेजी बोलना आता है। शायद हिंदी की अपेक्षा मैं अंग्रेजी में अपनी बात अधिक अच्छे ढंग से कह सकता हूं, लेकिन मैं एक पुरानी अस्वस्थ परंपरा को तोड़ना चाहता हूं। विदेशी हुकुमत की दृष्टि में देशभक्ति राष्ट्रद्रोह था। लेकिन मालवीय जी के रोम-रोम में देशभक्ति समायी हुई थी। उनका जीवन प्रतिक्षण राष्ट्र के लिए समर्पित था। गांधी जी उन्हें सबसे बड़ा देशभक्त मानते थे। एक बार कहा भी कि ह्यमैं मालवीय जी की देशभक्ति की पूजा करता हूं। मालवीय जी के विशाल हृदय में समाज के सभी वर्गों के लिए सम्मान और प्रेम था। वे जाति-पांति और छुआछूत के धुर विरोधी थे। उन्होंने दलित नेता पीएन राजभोज के साथ सैकड़ों दलितों का मंदिर में प्रवेश कराया। 1932-33 में काशी में भीषण सांप्रदायिक दंगा हुआ। लोगों का घर से निकलना बंद हो गया। लोग भूख से तड़पने लगे। उनको सहायता पहुंचाने के लिए हिंदुओं और मुसलमानों की अलग-अलग कमेटियां बनी। मालवीय जी हिंदुओं की कमेटियों के अध्यक्ष थे। उनके नेतृत्व में अनाज इकठ्ठा किया गया। तभी उन्हें जानकारी मिली कि मुसलमान मोहल्लों में मुसलमान भूख से बेहाल हैं। मालवीय जी इकठ्ठा किया गया संपूर्ण अनाज मुसलमानों के घरों में भिजवा दिया। मालवीय जी सिद्धांत के बड़े पक्के थे। उनका आचरण उच्चकोटि का था। उन्होंने 'हिंदुस्तान' का संपादन अपने हाथ में लिया तो उसके संचालक, जो मद्यपान के अभ्यस्त थे, से तय कर लिया था कि वे मद्यपान कर कभी नहीं बुलाएंगे। एक दिन संचालक ने यह गलती कर बैठी। मालवीय जी तत्क्षण ही संपादक पद से इस्तीफा दे दिया। मालवीय जी स्वयं में पत्रकारिता के आदर्श मानदंड थे। उन्होंने 1907 में साप्ताहिक 'अभ्युदय' और 1909 में दैनिक लीडर अखबार निकालकर लोगों में राष्ट्रीय भावना का संचार किया। राजनीति के स्तर को भी उन्होंने ऊंचा उठाया। एक बार उनसे किसी ने कहा ह्यराजनीति में अपनी उन्नति और दूसरे का विनाश अभिष्ट है। मालवीय जी ने उत्तर दिया ह्यऐसी राजनीति सच्ची राजनीति नहीं हो सकती। सच्ची राजनीति का उद्देश्य अपने साथ दूसरों की उन्नति के लिए प्रयत्न करना है। मालवीय जी इसी आदर्श पर जीवन भर चलते रहे। उनका संपूर्ण राजनीतिक जीवन मयार्दापूर्ण रहा। वे 24 साल की उम्र में कांग्रेस से जुड़ गए। 1901 में इलाहाबाद नगर निगम के उपाध्यक्ष चुने गए और दो वर्ष बाद प्रांतीय विधानसभा के सदस्य बने। असहयोग आंदोलन के आरंभ तक नरम दल के नेताओं के कांग्रेस छोड़ देने पर भी वे उसमें डटे रहे। कांग्रेस ने उन्हें चार बार सभापति निर्वाचित कर सम्मानित किया। मालवीय जी अपनी योग्यता के बल पर वायसराय की कौंसिल, इंपीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल और सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली के भी सदस्य बने। उनमें निडरता, उदारता और सर्जनात्मक जिद्द कूट-कूटकर भरी थी। वे 1913 में हरिद्वार में गंगा पर बांध बनाने की अंग्रेजी योजना का तब तक विरोध किया जब तक कि शासन ने उन्हें भरोसा नहीं दिया कि गंगा को हिंदुओं की अनुमति के बिना बांधा नहीं जाएगा। शासन को यह भी वायदा करना पड़ा कि अंग्रेजी हुकुमत 40 प्रतिशत गंगाजल प्रयाग तक पहुंचाएगी।

मालवीय जी जीवन भर समाज व राष्ट्र की सेवा की। वे सच्चे अर्थों में महामना थे।



**अरविंद जयतिलक**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

# जलियांवाला की चिंगारी से निकला एक क्रान्तिकारी

स्मरण



**आकांक्षा यादव**

स्वतंत्रता व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। आजादी का अर्थ सिर्फ राजनैतिक आजादी नहीं अपितु यह एक विस्तृत अवधारणा है, जिसमें व्यक्ति से लेकर राष्ट्र का हित व उसकी परम्परायें छुपी हुई हैं। कभी सोने की चिड़िया कहे जाने वाले भारत राष्ट्र को भी पराधीनता के दौर से गुजरना पड़ा। पर पराधीनता का यह जाल लम्बे समय तक हमें बाँध नहीं पाया और राष्ट्रभक्तों की बदौलत हम पुनः स्वतंत्र हो गये। स्वतंत्रता रूपी यह क्रान्ति करवटें लेती हुयी लोकचेतना की उत्ताल तरंगों से आप्लावित है। यह आजादी हमें यूँ ही नहीं प्राप्त हुई वरन्-इसके पीछे शहादत का इतिहास है। लाल-बाल-पाल ने इस संग्राम को एक पहचान दी तो महात्मा गाँधी ने इसे अपूर्व विस्तार दिया। एक तरफ सत्याग्रह की लाठी और दूसरी तरफ सरदार भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल व उधम सिंह जैसे क्रान्तिकारियों द्वारा पराधीनता के खिलाफ दिया गया इन्कलाब का अमोघ अस्त्र अंग्रेजों की हिंसा पर भारी पड़ी और अन्ततः 15 अगस्त 1947 के सूर्योदय ने अपनी कोमल रश्मियों से एक नये स्वाधीन भारत का स्वागत किया और 26 जनवरी 1950 को हम गणतंत्र राष्ट्र बने।

भारत के स्वतंत्रता सेनानियों में क्रान्तिकारी उधम सिंह (26 दिसम्बर 1899 : 31 जुलाई 1940) का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने जलियांवाला बाग कांड के समय पंजाब के गर्वनर जनरल रहे माइकल ओ' ड्वायर को लन्दन में जाकर गोली मारी थी। उधम सिंह का जन्म 26 दिसम्बर 1899 को पंजाब प्रांत के संगरूर जिले के सुनाम गाँव में एक सिख परिवार में हुआ था। सन 1901 में उधमसिंह की माता और 1907 में उनके पिता का निधन हो गया। इस घटना के चलते उन्हें अपने बड़े भाई के साथ अमृतसर के एक अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। उधमसिंह के बचपन का नाम शेर सिंह और उनके भाई का नाम मुक्तासिंह था, जिन्हें अनाथालय में क्रमशः उधमसिंह और साधुसिंह के रूप में नए नाम मिले। उधम सिंह का बचपन काफी संघर्षों और अभावों के बीच गुजरा। दुर्भाग्यवश, अनाथालय में ही 1917 में उनके बड़े भाई का भी देहांत हो गया। उधम सिंह इसके बाद पूर्णतया एकाकी और अनाथ हो गए, परन्तु संघर्षों की तपन ने उन्हें और भी मजबूत बनाया। 1918 में उधम सिंह ने मैट्रिक एग्जाम पास किया और 1919 में उन्होंने अनाथालय छोड़ दिया। उधमसिंह देश में सर्वधर्म समभाव में विश्वास रखते थे और इसीलिए उन्होंने अपना नाम बदलकर 'राम मोहम्मद सिंह आजाद' रख लिया था जो भारत के तीन प्रमुख धर्मों का प्रतीक है। त्रराम-हिंदू, मोहम्मद-मुस्लिम, सिंह-सिखत्न

वर्ष 1919 का बैसाखी का दिन भारतीय इतिहास में एक क्रूर अध्याय लेकर आया। 13 अप्रैल, 1919 को पंजाब के अमृतसर में हजारों की तादाद में लोग एक पार्क में जमा हुए थे। रॉलेट एक्ट के तहत कांग्रेस के सत्यपाल और सैफुद्दीन किचलू को अंग्रेजों ने गिरफ़्तार कर लिया था। लोग वहां दोनों की गिरफ्तारी के खिलाफ शांति से प्रदर्शन कर रहे थे। तभी जनरल डायर अपनी फौज के साथ वहां आ धमका और पूरे बाग को घेर लिया। उसने न तो प्रदर्शनकारियों को जाने के लिए कहा और न ही कोई चेतावनी दी। डायर ने बस एक काम किया। अपनी फौज को फायरिंग करने का ऑर्डर दिया। फिर जो नरसंहार शुरू हुआ वह इतिहास में काला अध्याय बन गया। अंग्रेजों ने उन मासूम लोगों पर दनादन गोलियां चलाईं और उस फायरिंग में बहुत लोगों की जानें गईं। बाग का इकलौता निकासी द्वार अंग्रेजों ने बंद कर रखा था। कुछ लोग बचने के लिए पार्क की दीवार पर चढ़ने लगे तो कुछ जान बचाने के लिए कुएं में कूद गए। इस जालियाँवाला बाग नरसंहार ने ब्रिटिश अत्याचार की हदें पार कर दी। उधमसिंह इस घटना को देखकर विचलित हो उठे। उनके मनोमस्तिष्क में चारों तरफ बिखरी पड़ी लाशों और उसके चलते अनाथ हुए तमाम बच्चों का दर्द चीत्कार कर उठा। उन्हें ऐसा लगा कि किसी ने उनके सामने ही भारत माता के सीने को छलनी कर दिया और वे बस तिलमिला कर रह गए। बस फिर क्या था, उसी क्षण उधम सिंह ने जलियाँवाला बाग की मिट्टी हाथ में लेकर जनरल डायर और तत्कालीन पंजाब के गर्वनर माइकल ओह्ल ड्वायर को सबक सिखाने की प्रतिज्ञा ले ली और अपनी जिंदगी आजादी आजादी की जंग के नाम कर दी।

इधर, देश में सामूहिक नरसंहार की अब तक की सबसे बड़ी घटना कही जाने वाली जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद माइकल ओ ड्वायर को घटना के बाद लंदन भेज दिया गया था। बताते हैं कि ड्वायर को लगने लगा था कि वह अपने शासन काल में हिंदुस्तानियों के भीतर डर बैठाकर वापस अपने वतन आ गया है। लेकिन कोई था जो उसका साये की तरह पीछा कर रहा था। ये कोई और नहीं बल्कि भारत का शेर सिंह था, जो उधम सिंह के नाम से पासपोर्ट बनाकर लंदन पहुँचने की तैयारी कर रहा था। देश की आजादी और जनरल डायर को मारने की अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए उधम सिंह लगातार काम करते रहे। अपने इस ध्येय को अंजाम देने के लिए उधम सिंह ने अफ्रीका, नैरोबी, ब्राजील और अमेरिका की विभिन्न नामों से यात्रा की। अंतत; सन् 1934 में उधम सिंह लंदन पहुँच ही गए और वहाँ 9, एल्डर स्ट्रीट कामर्शियल रोड पर रहने लगे। वहां उन्होंने यात्रा के उद्देश्य से एक कार खरीदी और साथ में अपने ध्येय को पूरा करने के लिए छह गोलियों वाली एक रिवाल्वर भी खरीद ली। उधम सिंह के लंदन पहुंचने से पहले ही जनरल डायर की 1927 में ब्रेन हेमरेज से मौत हो चुकी थी। ऐसे में उधम सिंह के आक्रोश का निशाना बना उस नरसंहार के वक़्त पंजाब का गवर्नर रहा माइकल फ्रेंसिस ओह्ल ड्वायर, जिसने नरसंहार को उचित ठहराया था। ऐसे में अब भारत के इस वीर क्रांतिकारी का एक ही ध्येय था, माइकल ओ'डायर को खत्म करके जालियाँवाला बाग हत्याकांड का बदला लेना और भारत माता की आजादी में अपनी एक आहुति देना।

ईस्ट इंडिया एसोसिएशन और रॉयल सेंट्रल एशियन सोसायटी की लंदन के कॉक्सटन हॉल में 13 मार्च, 1940 को हो रही बैठक में माइकल ओ'डायर भी वक्ताओं में से एक था। उधम सिंह को जैसे ही यह जानकारी मिली, वह तुरंत उस बैठक स्थल पर पहुँच गए। एक मोटी किताब में अपनी रिवॉल्वर को भलीभांति छिपा लिया। इसके लिए उन्होंने किताब के पृष्ठों को रिवॉल्वर के आकार में उस तरह से काट लिया था, जिससे इसे आसानी से छिपाया जा सके। बैठक के बाद दीवार के पीछे से मोर्चा संभालते हुए उधम सिंह ने माइकल ओ'डायर पर तुरंत गोलियां दाग दीं। दो गोलियां माइकल ओ'डायर को लगीं जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। इसके साथ ही उधम सिंह ने अपनी प्रतिज्ञा पूरी की और और दुनिया को संदेश दिया कि अत्याचारियों को भारतीय वीर कभी छोड़ा नहीं करते। उधम सिंह ने वहां से भागने की कोशिश नहीं की और अपनी गिरफ्तारी दे दी और जलियांवाला बाग हत्याकांड के 21 साल बाद बदला ले ही लिया। इस घटना से अंग्रेजी सल्तनत की चूलें हिल गईं और उधम सिंह पर तेजी से मुकदमा चलाया गया। कोर्ट में पेशी पर जज ने सवाल पूछा कि उसने ओह्ल ड्वायर के अलावा उसके दोस्तों को क्यों नहीं मारा ? उधम सिंह ने जवाब दिया कि वहां पर कई औरतें थीं और हमारी संस्कृति में औरतों पर हमला करना पाप है। अंततः, 4 जून, 1940 को उधम सिंह को हत्या का दोषी ठहराया और 31 जुलाई, 1940 को उन्हें पेंटनविले जेल में फांसी दे दी गई। आजादी का ये दीवाना लंदन की पेंटनविले जेल में हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गया और इतिहास के पन्नों में अमर हो गया।

उधम सिंह की शहादत व्यर्थ नहीं गई बल्कि उससे निकली चिंगारी आंदोलनकारियों को निरंतर प्रेरणा देती रही। अंग्रेजों को उनके घर में घुसकर मारने का जो काम उधम सिंह ने किया, उसने देश के अंदर क्रांतिकारी गतिविधियों को भी परवान दिया। अंततः अंग्रेजों को 7 साल के अंदर भारत छोड़ना पड़ा और 15 अगस्त 1947 के सूर्योदय ने अपनी कोमल रश्मियों से एक नये स्वाधीन भारत का स्वागत किया। आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा भारत वर्ष आज भी शहीद उधम सिंह सहित देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले तमाम नाम-गुमनाम नायकों की स्मृतियों को जीवंत रखे हुए है और उनसे प्रेरणा लेता है।

**(पोस्टमास्टर जनरल आवास, नदेसर, कैण्ट प्रधान डाकघर, वाराणसी-221002 मो.-09413666599)**

**भारत के स्वतंत्रता सेनानियों में क्रान्तिकारी उधम सिंह (26 दिसम्बर 1899 : 31 जुलाई 1940) का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने जलियांवाला बाग कांड के समय पंजाब के गर्वनर जनरल रहे माइकल ओ' ड्वायर को लन्दन में जाकर गोली मारी थी। उधम सिंह का जन्म 26 दिसम्बर 1899 को पंजाब प्रांत के संगरूर जिले के सुनाम गाँव में एक सिख परिवार में हुआ था। सन 1901 में उधमसिंह की माता और 1907 में उनके पिता का निधन हो गया। इस घटना के चलते उन्हें अपने बड़े भाई के साथ अमृतसर के एक अनाथालय में शरण लेनी पड़ी।**

# प्रतियोगी परीक्षाओं की भंग होती पवित्रता

प्रसंगवश



**आशीष वशिष्ठ**

देश में प्रतियोगी और बोर्ड परीक्षाओं में प्रशन पत्र लीक होने की खबरें सुर्खियों में बनी रहती हैं। बीते दिनों राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और बिहार में भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हो गये। प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने के चलते लाखों युवाओं का भविष्य अधर में झूलने लगा है।

प्रश्न पत्र लीक होने के तमाम मामले सामने आ चुके हैं, बावजूद सवाल यह है कि कैसे पेपर लीक हो जाता है, जो कि शासन और जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी में रखा जाता है। आखिर परीक्षा व्यवस्था में उनके अनुकूल छिद्र छोड़ देने का दोष किस पर मढ़ा जायेगा और क्या उसका शमन इतने से ही हो जायेगा कि टास्क फोर्स जिसे भी धर दबोचे, उस पर रासुका व गैंगस्टर लगा दे? इस तरह कुछ छोटी मछलियां जरूर फंस जायेंगी, लेकिन बड़ी मछलियां तो गुल खिलाती ही रहेंगी और इस सवाल का जवाब शायद कभी न मिले

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सीनियर टीचर (माध्यमिक शिक्षा विभाग) परीक्षा-2022 का सामान्य ज्ञान का पेपर लीक हो गया। पुलिस ने एक बस से 40-45 ऐसे युवकों को पकड़ा गया है, जिनके पास पेपर मिले हैं। इनके पास मिले पेपर से एग्जाम का कंटेंट मैच हुआ है। वहीं हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग की 25 दिसंबर को होने वाली पोस्ट कोड 965 जेओए आईटी भर्ती की लिखित परीक्षा से दो दिन पहले पेपर लीक हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आयोग ने परीक्षा भी रद्द कर दी है।

बिहार में बीएसएससी तृतीय स्नातक की परीक्षा का पेपर कैंडिडेट्स के एग्जाम सेंटर पर बैठते ही बाहर आ गया। पेपर सोशल मीडिया पर वायरल भी होने लगा। यह परीक्षा दो दिन तक दो-दो शिफ्ट में होनी है। इसमें 9 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स शामिल हो रहे हैं। यह वैकेंसी आठ साल बाद आई है।

यह पहली बार नहीं जब किसी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ हो। इससे पहले भी कई बार पेपर लीक हो चुके हैं जोकि सभी के लिए चिंता का विषय है। पिछले साल नंवबर में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) का पर्चा लीक होने के बाद खूब हंगामा मचा था। पर्चा लीक होने के कारण परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। वर्ष 2021 में राजस्थान में रीट-2021 का पेपर लीक होने पर खूब बवाल मचा था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में 40 से अधिक परीक्षा माफिया सक्रिय हैं। इनके गुर्गे डमी अभ्यर्थी ढूंढते हैं। साथ ही सॉल्वर ढूंढना, हाईटेक उपकरण खरीदी, सेंटर को पर्चा लीक करने के लिए तैयार करना भी इन्हीं के जिम्मा होता है। राजस्थान में पिछले 11 साल में 38 से ज्यादा बड़ी परीक्षाओं में पर्चे लीक हो चुके। हाल में नीट व एसआई भर्ती के भी पेपर लीक होने की बात सामने आई है।

पिछले साल अगस्त में हरियाणा पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती का पेपर लीक हुआ था। इस मामले में इंडियन नेशनल लोकदल के नेता एवं सदन में पूर्व विपक्ष के नेता अभय चैटाला ने प्रेस के सामने कहा था कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में यह 28वां मौका था जब भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ है।

वर्ष 2017 में यूपी में दारोगा पद के लिए हो रही ऑनलाइन परीक्षा के लिए प्रदेश के 22 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 25 और 26 जुलाई को तकरीबन 1 लाख 20 हजार आवेदकों को परीक्षा देनी थी, लेकिन पेपर लीक होने की वजह से इसे निरस्त कर दिया गया था। 2 फरवरी 2018 में यूपीपीसीएल पेपर लीक का मामला सामने आने पर जूनियर इंजीनियर (जेई) परीक्षा को निरस्त कर दिया गया था। जुलाई 2018 में अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। 2 सितंबर 2018 को अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तहत ही नलकूप ऑपरेटरों की भर्ती के लिए होने वाला पेपर आउट हो गया था।

जमीनी सच्चाई यह है कि देश में नकल का कारोबार बहुत बड़े व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है। बड़े-बड़े कोचिंग सेंटर्स और प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता भी कुछ मामलों में मिली है। फिर भी पकड़ में आने पर भी सख्त कार्रवाई नहीं होती। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में पिछले 11 साल में हर साल पेपर लीक के औसतन 150 केस दर्ज हुए हैं लेकिन सजा किसी को भी नहीं हुई है।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना इस तरह प्रश्नपत्र का आउट होना संभव है? अनेक वारदातों के बावजूद विभिन्न राज्यों की पुलिस और प्रशासन प्रश्नपत्र लीक या आउट की समस्या की जड़ तक नहीं पहुंच पाता है और उसकी हर पुनरावृत्ति के वक्त सोती हुई पकड़ी जाती व चौंककर कड़ी कार्रवाइयों की घोषणाएं करने लग जाती है तो क्या इसे सामान्य मामला मानकर दरकिनार किया जा सकता है?

पर्चा लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण तो है ही, यह परीक्षार्थियों की उम्मीद पर पानी फेर देता है। विशेषज्ञों के अनुसार, आज के तकनीक के दौर में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर डवलप करके पेपर लीक जैसी घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है। इससे पेपर सेट होने और उसके परीक्षा केंद्र में वितरित होने के दौरान कम से कम व्यक्तियों का दखल होगा तो लीक होने की संभावना न के बराबर होगी। हालांकि इसके लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की जरूरत है। क्योंकि यहां सवाल लाखों युवाओं की भविष्य और सपनों को है। हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए की समूची प्रक्रिया में कोई कड़ी कमजोर न रहे, परीक्षा की गरिमा पर आंच न आए, प्रक्रिया और व्यवस्था में विश्वास बना रहे।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क 99 3624 7777)**

**मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में 40 से अधिक परीक्षा माफिया सक्रिय हैं। इनके गुर्गे डमी अभ्यर्थी ढूंढते हैं। साथ ही सॉल्वर ढूंढना, हाईटेक उपकरण खरीदी, सेंटर को पर्चा लीक करने के लिए तैयार करना भी इन्हीं के जिम्मा होता है। राजस्थान में पिछले 11 साल में 38 से ज्यादा बड़ी परीक्षाओं में पर्चे लीक हो चुके। हाल में नीट व एसआई भर्ती के भी पेपर लीक होने की बात सामने आई है।**

# स्वत : संज्ञान लेने की प्रतिभा

व्यंग्य



**श्रवण कुमार उर्मलिया**

आजकल अपने आप में मैं कुछ खास परिवर्तन महसूस कर रहा हूँ। ऐसा लग रहा है जैसे मेरे भीतर की छठी इंद्री अचानक जागृत हो गई है या हो सकता है कि मेरे भीतर स्थित कोई सुप्त खुराफात-सापेक्ष फैकल्टी अचानक एक्टिवेट होने लगी है। यह ठीक ऐसा ही है जैसे किसी सुप्त ज्वालामुखी ने लावा उगलने की सुपाड़ी ले ली हो या धरती-माता ने भूकंप-परियोजना का कॉन्ट्रैक्ट ले लिया हो। अपने भीतर हो रहे इस परिवर्तन से मैं अभिभूत हूँ। अचानक मेरी दृष्टि पर छाया हुआ कुहासा छंटने लगा है और मेरी आँखें कैटरेक्ट के ऑपरेशन के बाद की स्थिति में आ गई हैं जो अब सारे रंगों को साफ-साफ देख पा रही हैं। लगता है मेरे भीतर की दिव्यदृष्टि से मेरी जागृत आंखों का कोई एग्रीमेंट हो गया है। पहले मैं अपने आसपास घटने वाली घटनाओं को व्यर्थ समझकर नजरंदाज कर दिया करता था। पर अब उनसे मुंह नहीं मोड़ पाता हूँ। वे घटनाएं जबरन मेरी आँखों के माध्यम से मेरे भीतर प्रवेश कर जाती हैं और मेरे विचार मंथन की प्रक्रिया को पुनर्जीवित कर देती हैं। इस तरह मेरा मन-मस्तिष्क हर घटना को अहम समझकर विश्लेषित करने लगता है।

अभी तक स्वतः संज्ञान लेने का अधिकार सिर्फ लर्नेड कौम के पास रहा है। यह अधिकार भी उन्होंने स्वतः संज्ञान लेने की पिपासा और स्वयंभू के आधार पर प्राप्त कर लिया है। वैसे भी जो सर्वसाधारण के बीच ज्यादा लर्नेड होता है उसे संप्रभुता के आधार पर सारे अधिकारों के अतिक्रमण का अधिकार अपने आप प्राप्त हो जाता है। पर ये लर्नेड कौम भी धर्मनिर्पेक्षता की संहिता के आधार पर ही स्वतः संज्ञान लेते रहे हैं। उनका संज्ञान वर्ग-विशेष सापेक्ष रहा है क्योंकि अपनी सुविधा-शुल्क की लागत के हिसाब से उन्होंने अपने संज्ञान को वर्ग- विशेष के साथ ट्यून कर रखा है।

जिस लर्नेड-वर्ग पर नैतिक दायित्व होता है कि वह सभी वर्गों को एक सटीफाईड काने की तरह सिर्फ एक ही आंख से देखे, वह अपनी जागृत आंख खास वर्ग की तरफ फेर लेता है। हमारे देश में आंख फेरना सबसे बड़ा अर्थ संसाधन होता है। इसकी मुंहमांगी कीमत मिलती है। उस लर्नेड-वर्ग की इस इस एकपक्षीय संज्ञान-प्रतिभा पर आपत्ति करना भी जुर्म है क्योंकि वे लर्नेड जो हैं। मैं इस बात पर गर्व कर सकता हूँ कि इस लर्नेड-वर्ग के इस एकपक्षीय मिथ को मैंने तोड़ा है। मैं हर पक्ष को एक ही कसौटी पर कस रहा हूँ। इस तरह मैं भी स्वतः संज्ञान लेने वाला स्वयंभू बन गया हूँ।

मैंने सभी के लिए अपने भीतर 'सर्व-वर्ग समभाव' वाला सॉफ्टवेयर इन्स्टॉल कर लिया है और वर्चुअली अपनी एक आंख फोड़ ली है कि सभी को एक आंख से ही देखूं। पर इसके साथ ही मैं एक नई मुसीबत में फंस गया हूँ। अभी परसों ही मुझे विपक्ष वाले धमकाकर गए हैं, अरे धूर्त, तू इस देश में लोकतंत्र को खत्म करना चाहता है ? तेरी इतनी हिम्मत की तू सभी वर्गों को एक ही आंख से देखेगा ! हमें तू बेवकूफ समझता है कि हम देश का संसाधन एक ही वर्ग पर लुटाना चाहते हैं और दलित को आरक्षण का लालच देकर लोकतंत्र को बचाना चाहते हैं ! सुधर जा वर्ना हम तेरी टांगें तोड़ देंगे !

मैं अपनी टांगें बचाने की कोशिश कर ही रह था कि सत्ता-पक्ष को खबर हो गई। उन्होनें भी धमकाया है, ह्यहां हम खास वर्ग को एक आंख से देखने वालों की आंख फोड़ने में लगे हैं और तू उन्हीं का साथ देने लगा ? तेरा ऐसा दुस्साहस ! हम तेरी दोनों आंखें फोड़ने में हिचकिचाएंगे नहीं !ह्र तो हे देशवासियों, सोचता हूँ कि टांगें और आंखें बचानी हैं तो मैं स्वतः संज्ञान लेने की अपनी सनक को तिलांजलि दे ही दूं।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9999903035)**

**लगता है मेरे भीतर की दिव्यदृष्टि से मेरी जागृत आंखों का कोई एग्रीमेंट हो गया है। पहले मैं अपने आसपास घटने वाली घटनाओं को व्यर्थ समझकर नजरंदाज कर दिया करता था। पर अब उनसे मुंह नहीं मोड़ पाता हूँ। वे घटनाएं जबरन मेरी आँखों के माध्यम से मेरे भीतर प्रवेश कर जाती हैं और मेरे विचार मंथन की प्रक्रिया को पुनर्जीवित कर देती हैं। इस तरह मेरा मन-मस्तिष्क हर घटना को अहम समझकर विश्लेषित करने लगता है।**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# पापों से बचाने के लिए हुआ था ईशु का जन्म


चर्च में प्रार्थना कराते पादरी।


चर्च के बाहर फूल खरीदती युवतियां।


विद्युत झालरों से सजाया गया चर्च


जिंगल बेल गाने पर नृत्य करते नन्हें-मुन्हें बच्चे।

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस के अवसर दीवानी चैराहे स्थित गिरजा घर में 10 बजे से ईसाई समुदाय की एक प्रार्थना सभा पादरी जोएल इमेनुएल द्वारा की गयी। इस मौके पर भारी संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने प्रार्थना की।

पादरी जोएल इमेनुएल ने बताया कि प्रभु ईशु का जन्म मानवता के रास्ते पर चलने, आपस में प्रेम, सद्भाव, गरीबों की सहायता, और पापों से बचाने के लिए हुआ था। उन्होंने चर्च में उपस्थित सभी को क्रिसमस की बधायी देते हुए प्रभु यीशु मसीह के बताये रास्ते पर चलने हेतु प्रेरित किया। चर्च को सुन्दर ढंग से सजाने के लिए भी जोएल ने अजीत नाथ, रोहन बारकर, संजय डेविड, प्रेम गौड़ व जेनिफर पॉल को धन्यवाद दिया। प्रार्थना सभा सकुशल सम्पन्न हुयी। प्रार्थनासभा में शान्ति स्थापित करने में सहायता के लिए जिला प्रशासना पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए चर्च की कमेटी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। चर्च पर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ वहां मेले जैसा दृश्य था मेन गेट पर गुलाब के फूल की बिक्री कर रहे माली से लोग फूल खरीद रहे थे। बच्चे गुब्बारा व खिलौना खरीदने में मशगूल थे। प्रार्थना सभा समाप्त होने के बाद केक का वितरण किया गया। ईसाईबन्धुओं पर द्वारा अपने-अपने घरों में पकवान बनाये गये थे। जो भी उनके घरों पर जाता उन्हे तरह-तरह के पकवान खिलाकर क्रिसमस की बधाई देते नजर आये।

**कार्यक्रम**

**दीवानी स्थित चर्च पर रही भारी भीड़**

## सीपीएस में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे

**आजमगढ़।** सीपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल अन्तर्गत जाफरपुर, मुबारकपुर एवं फरिहा शाखा में क्रिसमस-डे धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल की प्रार्थना सभा में ईशा मसीह के जन्मदिवस के बारे में बताया गया। प्री प्राइमरी के बच्चे सेंटाक्लॉज बनकर विद्यालय आये थे, जिससे उनके प्रसन्नता की कोई सीमा नहीं थी। सेंटाक्लॉज बने बच्चों ने जिंगल बेल-जिंगल बेल के गाने पर नृत्य प्रदर्शित किया। कक्षा-नर्सरी से कक्षा-8 तक छात्र-छात्राओं के सेंटाक्लॉज बने बच्चों ने अपनी कक्षाओं में सभी बच्चों को केक, टॉफी एवं चॉकलेट बांटा। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा सिंह ने अपने सम्बोधन में ईशा मसीह के जन्मदिवस के बारे में बताया तथा उनके द्वारा बताए गये प्रेम एवं करूणा के मार्ग पर चलने को कहा। सभी छात्र-छात्राओं को क्रिसमस-डे की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रबंधक जनाब नवाज अहमद खां ने शिक्षक एवं छात्राओं की सराहना करते हुए सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया तथा सभी छात्र-छात्राओं को क्रिसमस-डे की शुभकामनाएं दी। विद्यालय की चेयरपरसन मैडम तरन्नुम खॉनम ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम को देखकर उनकी प्रतिभाओं की सराहना की तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को क्रिसमस-डे की शुभकामनाएं दी।

# विधि विधान से की गयी तुलसी की पूजा

**आस्था**

**औषधीय गुणों से भरपूर है तुलसी का पौधा**


अग्रसेन चौराहे पर तुलसी की पूजा करते लोग।

**आजमगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर पालिका स्थित अग्रसेन चौराहे पर रविवार को विधि विधान से तुलसी पूजन का कार्यक्रम किया गया। तुलसी के पौधे पर माला पहनाकर आरती की गयी। इस दौरान तुलसी मईया की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा।

विहिप के विभाग अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में तुलसी की पूजा आज से नहीं सदियों से चली आ रही है, अपने घर के आंगन में तुलसी का पौधा लगाना और पूरे श्रद्धाभाव से उसकी देखभाल प्रत्येक हिन्दू परिवार करता है। मान्यता है कि तुलसी के पास किसी मंत्र या स्तोत्र का पाठ करने से कई गुना अधिक फल मिलता है। तुलसी पौधा घर के आंगन में होने से भूत पिसाच इत्यादि दूर भागते हैं साथ ही श्राद्ध एवं यज्ञ कर्म में तुलसी का एक पत्ता ही महान पुण्य देने वाला होता है।

बजरंगदल आर्यमगढ़ के जिला संयोजक शशांक तिवारी ने कहा कि भारत संता का नही संतों का देश है। प्लास्टिक के पेड़ से बेहतर हमारा तुलसी का पौधा है जो हमें संक्रामक रोगों से बचाता है और दो सौ से अधिक रोगों से लड़ने में कारगर भी है। इसलिए 25 दिसंबर को तुलसी पूजन का कार्यक्रम हिन्दू समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अरविन्द अग्रवाल, राघवेंद्र मिश्रा लड्डू, अरविन्द मोदनवाल, हिमांशु राज, विद्यार्थी प्रमुख अंकुर गुप्ता, मिलन केन्द्र प्रमुख किशन मोदनवाल, अभिषेक जायसवाल दीनू, सिद्धार्थ राम सिंह, छाया अग्रवाल, रंजना सोनकर, वैशाली रस्तोगी, वंदना चैरसिया, लतिका, योगिता, मोनिका, पूजा, रेनू, हरेन्द्र मौर्य, उदयप्रताप, सुधांशु, बलवंत, सूर्य प्रकाश, सुरज निशाद, राजन, हर्श, सूरज, अभिषेक, अंबुज, गौतम, सुमित, चंदन, बबलू, राजेश, बिट्टू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल एवं संचालन जिला सह मंत्री संतोष गुप्ता द्वारा किया गया।

## गेहूं भुगतान के लिए चक्कर काट रही महिला

जनसंदेश न्यूज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** क्षेत्र के अनौरा गांव निवासी महिला क्रय केन्द्र पर गेहूं बिक्री के भुगतान के लिए नौ माह से केन्द्र और बैंक का चक्कर काट रही है। महिला ने डीएम से गुहार लगाई है। महिला प्रमिला देवी ने अप्रैल माह में गेहूं क्रय केन्द्र पर अपनी उपज का 24 कुंतल गेहूं बिक्री किया था। बिक्री के बाद से महिला भुगतान के लिए बैक में खाता चेक करती रही। मामले में मुख्यालय स्थित एफसीआई केन्द्र पर सम्पर्क किया तो बताया गया कि पैसा खाते में भेज दिया गया है जबकि आनलाइन रिपोर्ट में पैसा अधर में दिख रहा है। आयेदिन दौड़ लगाने से आजिज महिला ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। जबकि शासनादेश में किसानों के खाते में 72 घंटे में भुगतान के निर्देश हैं। इसके बावजूद विभाग की लापरवाही का खामियाजा महिला को भुगतना पड़ रहा है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

## हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लोहरा टोल प्लाजा के समीप अंबेडकर नगर की तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को अज्ञात पिकअप ने टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसी बीच पिकअप सवार मौका देखकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को नजदीकी 100 शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया जहां दोनों की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


घटना स्थल पर जुटी स्थानीय लोगों की भीड़

इलफात गंज टांडा निवासी महमूद 23 वर्ष पुत्र शमीम रजा व लतीफ राइस 25 वर्ष पुत्र राईस अहमद रविवार को दिन में लगभग 12 बजे किसी कार्य से आजमगढ़ जनपद की तरफ एनएच 233 से जा रहे थे कि टोल बचत करने के लिए लोहरा गांव से एनएच 233 पर अज्ञात पिकअप जैसे ही तेज रफ्तार से चढ़ी की मोटरसाइकिल सवार को बगल से जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया, जिससे मौके पर ही दोनों गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा घायलों के परिजन भी अस्पताल पर पहुंच गए। वहीं दोनों घायलों की हालत गंभीर देख डॉक्टरो ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई अटल बिहारी की जयंती

**आजमगढ़।** जनपद भर में जगह-जगह पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी व पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती पर मनाई गई। लोगों ने उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर लोगों ने दोनो महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण किया। शहर स्थित प्रतिभा निकेतन इंटर कालेज में पं.मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी के जन्म दिवस एवं क्रिस्मस-डे के अवसर पर विद्यालय में फैन्सी डेज्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एएसपी शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इनके साथ-साथ विद्यालय की अध्यक्षा सरस्वती वर्मा, डा.भक्त वत्सल, अजेन्द्र राय, डा.अखिलेश, सीताराम पाण्डेय एवं राजेन्द्र प्रसाद यादव ने मालवीय जी एवं अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर डा.गीता सिंह, संध्या वर्मा एवं अनीता यादव, प्रधानाचार्य ध्रुवचंद मौर्य, प्रबन्धक रमाकान्त वर्मा, भाजपा जिला मंत्री संतोष गोंड, प्रवीण सिंह, गगन कुमार कश्यप, विन्देश्वरी बरनवाल, अनिल सोनी, जितेन्द्र गोंड, चन्द्रकांत रावत, सुशील गुप्ता, नन्दलाल, पवन, आकाश आदि उपस्थित रहे। **फूलपुर संवाददाता** के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में फूलपुर नगर के बूथ संख्या 313 पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर माला फूल चढ़ा कर नमन किया गया। जिला उपाध्यक्ष भाजपा लालगंज हनुमन्त सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। भाजपा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में नगर सहित ग्रामीण अंचलों पर बूथवार जन्म दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर सुधीर रावत, सुरेश गुप्ता, गोविंद कुमार यादव, राम लखन जायसवाल, कुलजीत सिंह, आदर्श वर्मा, अमरनाथ बरनवाल, महेंद्र राम, नागेंद्र यादव, पृथ्वीराज मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण सभा ने मनायी मालवीय व वाजपेयी की जयंती

# भारत की साख को वाजपेयी ने विश्व में किया गौरवान्वित


वाजपेयी व मालवीय जी को नमन करते अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के लोग।

**आजमगढ़।** द्वयभारत रत्न से सुशोभित पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व पीएम पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा द्वारा नेहरू हाल के सभागार में समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रादेशिक कोआपरेटिव फेडरेशन के चेयरमैन दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री पंडित वाल्मीकि त्रिपाठी व सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित केसी गौड़, पं. रविन्द्र शर्मा द्वारा दोनों विभूतियों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व श्रद्धाजंलि अर्पित किया गया। अध्यक्षता राष्ट्रीय संगठन मंत्री पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन व संचालन पं. संजय पांडेय व मंडल अध्यक्ष सौरभ उपाध्याय ने किया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री पंडित वाल्मीकि त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और महामना दोनों राष्ट्रवाद की प्रखर ज्वाला को पूरे भू-मंडल पर लेकर घूमने का कार्य किया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जबाव में महामना ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना करके अपने असाधारण क्षमता का परिचय दिया। आज उनकी जयंती पर समाज को उनसे सीख लेने की जरूरत है। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई ने विश्व में भारत की साख को गौरवान्वित किया। पूर्व पीएम अटल जी देश के पहले प्रधानमंत्री थे जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपने व्हाइट हाउस में ले जाकर सम्मानित किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी भाषा में भाषण देकर नए दौर की शुरूआत की थी। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् संजयन त्रिपाठी ने कहा कि दोनों विभूतियों ने अपने कृतित्व से अपने जीवन को सम्पूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय बना दिया। आंगतुकों के प्रति पं.सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने आभार प्रकट किया एवं प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस मौके पर टुनटुन उपाध्याय, ध्रुव सिंह, अनिल मिश्रा, एके मिश्रा, जयप्रकाश पाण्डेय, अखिलेश मिश्र गुड्डू, माला द्विवेदी, मनीष मिश्रा, प्रभुनारायण पाण्डेय प्रेमी, दिवाकर तिवारी, डॉ.मनीष त्रिपाठी, गोपाल कृष्ण दूबे, अभिषेक जायसवाल दीनू, चंद्रजीत त्रिपाठी, बंशीधर पाठक, हरिबंश मिश्रा, अभिषेक उपाध्याय, महंत संजय पाण्डेय, हरीश पाठक, सवानंद पाण्डेय, गोविन्द शास्त्री, नंदिनी मिश्र, अनामिका मिश्रा, रिया पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, सत्यम गुरु, अवनीश मिश्र, विशाल उपाध्याय, अरुण पाठक आदि मौजूद रहे।

# दीपक को मिली मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी

## राजेन्द्र अध्यक्ष और अरविन्द बने मंत्री हितकारिणी समिति की कार्यकारिणी गठित

जनसंदेश न्यूज


जायसवाल हितकारिणी समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व सदस्य

**आजमगढ़।** जायसवाल हितकारिणी समिति नगर इकाई की बैठक रविवार को करतालपुर स्थित एक मैरेज लान में सम्पन्न हुई। इस दौरान नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल, उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जायसवाल व ओम प्रकाश जायसवाल, मंत्री अरविन्द जायसवाल, उपमंत्री राजेश जायसवाल रैदोपुर, राजेश जायसवाल पांडेय बाजार व कोषाध्यक्ष शिव दयाल उपाध्याय, आडिटर सुनील जायसवाल निर्वाचित हुए। वहीं मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दीपक जायसवाल को दी गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को लोगों ने माल्यार्पण कर बधाई दी।

अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल ने कहा कि समाज का विकास शिक्षा के दम पर ही संभव है। अपने एकजुटता से हम राजनैतिक, सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते है। अपने लोगों को राजनैतिक भागीदारी अधिक से अधिक करनी चाहिए ताकि हमारे समाज की आवाज लखनऊ से लेकर दिल्ली तक पहुंच सकें। अभिषेक जायसवाल दीनू ने कहा कि टीम भावना से ही चलकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे में पूरी उम्मीद है कि नई कार्यकारिणी हमारे समाज को विकास के नये सोपान तक पहुंचाने का काम करेगी। अंत में रमाशंकर जायसवाल के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गईं। इस मौके पर उदयभान, रमेश जायसवाल, संजय जायसवाल, राज कुमार जायसवाल, प्रत्युष, राम बाबू, रवि जायसवाल, राजेन्द्र, राकेश, रामवृक्ष, विरेन्द्र, चन्द्र शेखर, जीवन, चन्द्रभान, संजय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता गौरी शंकर जायसवाल व संचालन जितेन्द्र प्रसाद जायसवाल ने किया।

### अवैध खनन किसी भी दशा में क्षम्य नहीं

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के समस्त जेसीवी संचालको की थाना परिसर में थाना प्रभारी अनिल सिह की उपस्थिति में एक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित समस्त जेसीवी संचालको को निर्देश दिया गया कि बिना अनुमति के किसी भी प्रकार का थाना क्षेत्र में खनन नहीं किया जाएगा।

# सच्चे अर्थों में भारत के निर्माता हैं मालवीय जी

जनसंदेश न्यूज


प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि

**आजमगढ़।** ब्राह्मण समाज कल्याण के तत्वावधान में महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय जी की जयन्ती रविवार को सिधारी स्थित एक मैरेज हाल में मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मालवीय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि डा.आरबी त्रिपाठी ने कहा कि मालवीय जी एक महान शिक्षाविद् एवं युग द्रष्टा थे। वह शिक्षा को मानव विकास का मूल मानते थे, लेकिन उनकी शिक्षा की परिकल्पना मात्र डिग्री प्राप्त करने तक नहीं बल्कि सर्वांगीण विकास के व्यापक उद्देश्य के निर्माण हेतु थी। ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष ब्रजेश नन्दन पाण्डेय ने कहा कि मालवीय जी संस्कारों के पक्षधर महा मानव थे। अखिलेश मिश्र गुड्डू ने कहा कि मालवीय जी को प्रथम एवं अन्तिम बार महामना की उपाधि प्राप्त हुई। उन्होंने काशी नरेश से भूमि प्राप्त कर दुनिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय बनवाया जिसमें प्राचीन वेद शास्त्र एवं कर्म काण्ड की शिक्षा के साथ-साथ अवार्चीन ज्ञान विज्ञान की शिक्षा की व्यवस्था किया। परिषद के महामंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि मालवीय जी सच्चे अर्थों में भारत निमार्ता तथा देश की प्रगति एवं उत्थान के लिए सर्वस्व त्याग एवं समर्पण की भावना के पोषक थे। इस मौके पर प्रियांशी पाण्डेय, रोशन पाण्डेय, डा. राज कुमार पाण्डेय, अभिषेक उपाध्याय, विश्वदेव उपाध्याय, सतीश कुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विष्णु दत्त मिश्र, ओम विजय तिवारी, राहुल तिवारी, दिनेश तिवारी, राकेश मणि त्रिपाठी, पियूष त्रिपाठी, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय, हरिवंश मिश्रा, उपेंद्र दत्त शुक्ला, सिद्धेश्वर पाण्डेय, माहेश्वरी कांत पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### गौशाला में लगा हैंडपंप चोरी

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लछिरामपुर गांव के रामबन में निर्माणधीन गौशाला में लगा हैंडपंप चोर रात में खोल ले गये। इस मामले में तहरीर पुलिस को दी गयी है। लछिरामपुर गांव के बाहरी हिस्से में रामबन में गौशाला का निर्माण चल रहा है। चोर रात में लगा हैंडपंप खोल ले गये। प्रधान राकेश सिंह ने तहरीर पुलिस को दी है।

## संक्षेप

### स्व.ज्ञानी जैल सिंह के पदचिह्नों पर चलने का लिया संकल्प



**आजमगढ़।** स्व.ज्ञानी जैल सिंह की पुण्य तिथि अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के कार्यालय नरौली स्थित विश्वकर्मा भवन पर प्रति वर्ष की भांति महासभा के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में मनाई गई। पदाधिकारियों ने ज्ञानी जैल सिंह के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की और उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रुप से महासचिव दिनेश विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा, विशाल विश्वकर्मा, शशांक विश्वकर्मा, विशाल शर्मा, विजय विश्वकर्मा, प्रमोद, विश्वकर्मा, रामलखन विश्वकर्मा, प्रमोद यादव, आदि उपस्थित रहे।

### अटल रैन बसेरे का हुआ शुभारंभ



**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर के शिवा जी मेन चैक पर अटल जी की जयंती के अवसर पर रविवार को भाजपा नेता सुजीत जायसवाल आंसू द्वारा अटल रैन बसेरे का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन फूलपुर पवई विधान सभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी राम सूरत राजभर ने फीता काट कर किया। रामसूरत राजभर ने कहा कि सुजीत जायसवाल आंसू द्वारा लगातार पांच वर्ष से अपने खर्चे से ठंड के मौसम में रैन बसेरा खोला जाता है। इसकी जितनी प्रशंसा की जाय कम है। अटल जी जीवन पर्यंत गरीब असहाय की सेवा में लगे रहे। इस तरह का पुनीत कार्य उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर भाजपा के माहुल नगर संयोजक विष्णु कांत पांडेय, विक्रांत पांडेय, राममिलन अग्रहरी, राहुल गुप्ता, राज बहादुर यादव, राम मिलन अग्रहरी, सलमान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### तीसरी बार जिलाध्यक्ष बने बालकेश दुबे



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी एवं संरक्षक मंडल की बैठक मुख्यालय स्थित गांधी गुरुकुल इंटर कालेज भवरनाथ परिसर में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बालकेश दूबे व संचालन जिलामंत्री साकेत चतुर्वेदी ने किया। प्रांतीय मंत्री शैलेश राय ने आगामी 10 जनवरी को जनपद का सम्मेलन तथा पूर्वांचल के गांधी बाबू विश्राम राय के श्रद्धाजंलि समारोह की घोषणा की। जो गांधी गुरूकुल इंटर कालेज भंवरनाथ के प्रांगण में सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह तथा सदस्य विधान परिषद सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रांतीय मंत्री ने बालकेश दूबे को तीसरी बार जिलाध्यक्ष व साकेत चतुवेर्दी को जिलामंत्री एवं नागेन्द्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के साथ कार्यवाहक जिलामंत्री घोषित किया। साथ ही कोषाध्यक्ष बलवंत श्रीवास्तव तथा मीडिया प्रभारी के रूप में रवि शंकर लाल कार्य करते रहेंगे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण करके प्रांतीय मंत्री शैलेश राय ने स्वागत किया। बैठक में शेषनाथ मिश्र, सुशील कुमार, राजीव कुमार, रमाकांत राय, रमाकांत यादव, महाप्रधान भोरिक यादव, सोनू कुमार, अभिमन्यु सिंह, दिनेश सिंह, बलवंत सिंह, अमित सिंह, बलवंत श्रीवास्तव, रविशंकर लाल, दुर्गेश राय, आनन्द राज आदि मौजूद रहे।

### पूरे शबाब पर है गोविंद साहब मेला



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** आजमगढ़ अंबेडकर नगर जनपद की सीमा पर एक माह तक चलने वाला पूर्वांचल का प्रसिद्ध मेला गोविंद साहब इन दिनों अपने पूरे शबाब पर है। मौसम अच्छा होने की वजह से लगातार मेले में भीड़ बढ़ती जा रही है। वहीं रविवार को छुट्टी का दिन तथा क्रिसमस का त्यौहार पड़ने की वजह से मेले में लाखों श्रद्धालु पहुंचे। गाजीपुर बलिया ददरी पुष्कर के बाद पूरे एक माह तक चलने वाले प्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला गोविंद साहब में लगभग एक दर्जन बड़े झूले, एक दर्जन छोटे झूले, सर्कस, मौत का कुआं, जादूगर, कास्मेटिक व श्रृंगार की दुकान समेत किसानों के लिए लकड़ी तथा लोहे के सामान, गृहस्थी के घरेलू सामान, तथा मेले में आए हुए तरह-तरह के पालतू जानवर जहां लोगों द्वारा जमकर खरीदारी की जा रही है वहीं गोविंद साहब मेले के प्रसाद के रूप में खजला तथा लाल गन्ने की भी जमकर खरीदारी हुई। गोविंद सरोवर के चारों तरफ पुलिस का कड़ा पहरा है। सरोवर में किसी को स्नान करने की अनुमति नहीं है। वहीं मेले में प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त नजर आई। पुलिस बराबर मेले में गश्त करती नजर आ रही है तो वहीं खोये हुए लोगो के लिए मेला परिसर में खोया पाया कैम्प भी बनाया गया है।

### वार्षिकोत्सव में दिव्यांगों को दी ट्राई साइकिल



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** कैलाशी महिला विकास समिति द्वारा संचालित मानसिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय ध्यानीपुर, लोहरा, के तत्वाधान में संस्था का 9वां वार्षिकोत्सव व क्रिसमस का पर्व मनाया गया। मुख्य अतिथि आलेन्द्र कुमार, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोयलसा मौजूद रहे। उन्होंने मां सरस्वस्ती की पूजा और दीप प्रज्ज्वलन कर मानसिक दिव्यांग बच्चों के साथ खुशिया बांटी। विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न प्रकार के नाच-गाने द्वारा ईसा मसीह को याद करते हुए 9वां वार्षिकोत्सव मनाया। संस्था के संचालक योगेन्द्र यादव ने कहा कि कैलाशी महिला विकास की स्थापना दीन-दुखियों, दिव्यांगों आदि की सेवा करने के लिए किया गया था, जिसके उद्देश्यों को अब पूरा होता हुआ देखा जा रहा है। मुख्य अतिथि द्वारा दिव्यांग लोगों को ट्राईसाईकिल, गरीब दिव्यांग को स्वेटर तथा कम्बल का वितरण भी किया गया। इस मौके पर प्रबन्धक सुनीता देवी, प्रियंका राय, बिपिन, गंगा प्रसाद, लीलावती, विनीता, रेनू, नीलम मौर्या, निलेश, प्रवीन गिरी, सुमित, दिवाकर, संगीता आदि उपस्थित रहीं।

### अभियान चला कर दर्ज करायें वरासतः डीएम



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर वरासत, अंश निर्धारण एवं उद्धाहरण खतौनी के मामलों का निस्तारण कर पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन मामलों का निस्तारण नहीं हो रहा है, उसका कारण स्पष्ट किया जाय। निर्धारित तिथि पर केस का निस्तारण न करने पर संबंधित के विरुद्ध एडवर्स एंट्री जारी करें। जिलाधिकारी ने उक्त निर्देश शनिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त उप जिलाधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि समस्त उपजिलाधिकारी बेदखली के मामलों का निस्तारण तेजी से सुनिश्चित करायें। तालाबों पर अवैध अतिक्रमण, कब्जों को तत्काल हटाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की जमीन पर कोई भी नया निर्माण कार्य किसी भी दशा में न होने पाए। समस्त प्रकार के वसूली की धनराशि 30 दिसंबर तक प्रत्येक दशा में जमा कराना सुनिश्चित करें। जमीन, खसरा, खतौनी आदि के अवशेष नक्शों का डिजिटाइजेशन कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को कोविड-19 के प्रति सतर्क रहने के लिए पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम को तत्काल सक्रिय करने के निर्देश दिए।

### अराजकतत्वों से दुकानदार परेशान

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मझगांवा गांव के ताल वाले हिस्से में स्थित चट्टी पर दुकानदार अराजकतत्वो के चलते परेशान हैं। इनके कारनामे से शाम होते ही दुकान बंद कर देते हैं। सहीदवारा मझगांवा मार्ग पर मझगांवा के ताल वाले हिस्से में दर्जन भर विभिन्न दुकाने हैं। गांव में फेरी कर सामानो को बेचने वाले भी आते हैं। इन दिनो शाम होते ही अराजकतत्वों का जमावड़ा हो जाता है। दुकानदारों से सामान लेने के बाद पैसे को लेकर गाली गलौज करते हैं और फेरी वालों से जबरन पैसे की मांग करते हैं। इनके कारनामों के चलते शाम होते ही दुकानदार अपनी दुकाने बंद कर घर चले जाते हैं। पीड़ित दुकानदारों एवं नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# मसीही समुदाय द्वारा धूमधाम से मनाया गया यीशु का जन्मदिन

आयोजन

## बड़े धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस पर्व



**मीरजापुर।** जिले में ईसाई धर्म के प्रमुख पर्व क्रिसमस दिवस के पर्व पर क्षेत्र में कई जगह प्रभु ईसा मसीह को बड़े ही श्रद्धा से याद किया गया। मिशन कंपाउंड स्थित इमानुएल चर्च के फादर सुरेश मसीह एवं ईसाई समुदाय के द्वारा समारोह पूर्वक ईसा मसीह का जन्म दिन मनाते हुए क्रिसमस दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर फादर सुरेश मसीह ने कहा कि दुनिया में धूमधाम से हर साल 25 दिसंबर को यह पर्व मनाया जाता है। क्योंकि ईसा मसीह का जन्म इसी शुभ तिथि में हुआ था। क्रिसमस ईसाइयों का प्रमुख त्योहार है। आज कल हिन्दू में भी क्रिसमस को लेकर बहुत उत्साह रहता है। ईसा मसीह ऊँच-नीच के भेदभाव को नहीं मानते थे। उन्होंने दुनिया के लोगों को प्रेम और भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया था। क्रिसमस इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि कुछ दिन बाद न्यू ईयर भी आ जाता है। बच्चे क्रिसमस का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस दिन बच्चों को सांता क्लॉज के आने का इंतजार रहता है। क्रिसमस ईसाइयों का सबसे बड़ा त्योहार है जिसे ठंड के मौसम में भी बड़ी गर्माहट से मनाया जाता है। इस दौरान चर्च परिसर में आकर्षक झांकियां सजायी गयी थी और लाइटिंग की विशेष व्यवस्था थी। इशु के जन्म दिन के अवसर पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद होकर एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई देते रहे।

# अकोढ़ी गांव में घटी घटना का संज्ञान ले पुलिस व प्रशासन

## एकजुटता से ही होगा ब्राह्मण समाज का उत्थान

**हलिया।** विकास खंड के सेमरा कलां गांव में ब्राह्मण समाज के ब्लाक अध्यक्ष राकेश तिवारी के आवास पर रविवार को बैठक आयोजित कर ब्राह्मण समाज के उत्थान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष शिव प्रसाद तिवारी व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। ब्राह्मण समाज के तहसील अध्यक्ष उमाकांत द्विवेदी ने संगठन व समाज के उत्थान के लिए लोगों से एकजुट होने पर जोर दिया। कहा कि ब्राह्मणों की समाज में अग्रणी भूमिका है।

समाज के लोग नकारात्मक सोच से अपना मनोबल कम न होने दें। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाकर उन्हें कामयाब बनाएं। भानु तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज का उत्पीड़न बर्दाश्त नही किया जाएगा। अकोढ़ी गांव निवासी विजय मिश्र पर हुए कातिलाना हमले की निंदा करते हुए हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जिला प्रशासन से मांग की। अधिवक्ता चंद्र दत्त त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मण समाज संगठित नही होने के कारण लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहे है। उन्होंने लोगों से मान, सम्मान व स्वाभिमान के साथ जीने पर बल दिया। मुख्य अतिथि शिव प्रसाद तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज स्वयं को वर्तमान समय में काफी उपेक्षित और अलग महसूस कर रहा है इसके लिए हमें अपनी स्थिति को सुधारने के लिए संगठित होकर आवाज बुलंद करने की आवश्यकता है। हमें अपनी ताकत को बढ़ाने के लिए एकजुट होना होगा तभी हमारा समाज मजबूत होगा। कार्यक्रम को दयाशंकर तिवारी, राम मूर्ति पांडेय विजय शंकर तिवारी, पंकज त्रिपाठी, कमलेश तिवारी, राकेश तिवारी, गुलाब शंकर तिवारी, भोलाशंकर मिश्र रामेश्वर शुक्ल, नरेंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

# छह दिस. की याद में निकाली शौर्य पथ संचलन यात्रा

जनसंदेश न्यूज

**अदलहाट।** बजरंग दल के संयोजन में रविवार को बैकुंठपुर स्थित शिवमंदिर से शौर्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यात्रा में ढोल नगाड़ा व डीजे के साथ केशरिया झंडा बैनर तथा केशरिया चंदन लगाकर लोग जोश खरोश के साथ बजरंग दल के गणवेश धारी नारा लगाते हुए चल रहे थे। शौर्य यात्रा शिव मंदिर से चलकर रैपुरिया, टीचर कालोनी,भीतरी बाजार नरायनपुर, सब्जी मंडी, पटेल त्रिमोहानी, मोटर मंडी होते हुए मंदिर पर समापन किया गया। मुख्य अतिथि प्रांतसंयोजक सत्य प्रकाश ने यात्रा के शुभारंभ मे अपने सम्बोधन में कहा कि छः दिसम्बर शौर्य गाथा की याद में एक सप्ताह के लिए शौर्य पथ संचलन का आयोजन जगह - जगह किया जा रहा है।



पथ संचलन करते बजरंग दल के लोग।

यात्रा का नेतृत्व बजरंगदल विभाग संयोजक एवं प्रांत मिलन प्रमुख अविनाश सिंह ने किया। सुरक्षा ब्यवस्था को लेकर चौकी ईंचार्ज नरायनपुर रणविजय सिंह दल बल के साथ चल रहे थे। इस दौरान विभाग मंत्री डा. जयदीप सिह, उमाकांत, रामसिंह, आशुतोष दूबे, मिथिलेश मौर्या, मनोथ मौर्या, गोपाल, अभय जायसवाल, मिथिलेश पाठक, तमाम महिला पुरुष साथ चल रहे थे।

# पुरानी पेंशन बहाली की उठाई जायेगी मांग : वैभव सिंह यादव

**मीरजापुर।** बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन जनपद मीरजापुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक चुनार मे रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें संगठन से वैभव सिंह यादव (प्रदेश मंत्री), सत्येंद्र सिंह पटेल (जिला अध्यक्ष), डॉ० शिशुपाल सिंह(जिला मंत्री), प्रीती सिंह (जिला उपाध्यक्ष महिला मंच), अंसार अली(जिला उपाध्यक्ष), विपिन कुमार (जिला संयोजक), धीरेंद्र सिंह(जिला संयुक्त मंत्री), जितेंद्र सिंह(ब्लॉक अध्यक्ष लालगंज) आदि लोग उपस्थित हुए। जिसमे सर्वसम्मति से बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ब्लॉक इकाई राजगढ़ का गठन एवं सम्मान समारोह किया गया। जिसमे आशीष कुमार सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष), आदर्श सिंह (ब्लॉक मंत्री),इंद्र प्रकाश सिंह (ब्लॉक संयोजक), मुलायम पटेल (कोषाध्यक्ष), चंद्रभान सिंह(वरिष्ठ उपाध्यक्ष), शिवम भाई पटेल(ब्लॉक उपाध्यक्ष), प्रभाकर सिंह (ब्लॉक उपाध्यक्ष) आदि पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में संगठन द्वारा विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कि गई तथा समस्यायों के निदान हेतु प्रदेश और जिले के कार्यकारिणी द्वारा पुरानी पेंशन बहाली आदि जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर आगामी 30 दिसंबर को प्रदेश के सभी मुख्यालयों पर व्यापक स्तर पर सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन देने की भी चर्चा की गई।

# हमेशा धर्मनिरपेक्षता का समर्थन करते थे अटलजी

## बोले प्रदेश कार्यसमिति-सदस्य एक जिंदादिल राजनेता थे वाजपेयी

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के लहंगपुर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 98वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में रविवार को मनाई गई। पूर्व प्रधानमंत्री श्री बाजपेई के चित्र पर पुष्प माला अर्पित करने के बाद भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बालेंदु मणि त्रिपाठी ने उनके जीवनी पर संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि वे तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने सादगी के प्रतिमूर्ति थे।

वह 1996 में पहली बार और 1998-99 में दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। 13 अक्टूबर 1999 को वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। अटल बिहारी वाजपेयी संयुक्त राष्ट्र संघ को हिंदी में संबोधित करने वाले पहले नेता थे। उन्हें हिन्दी से बहुत प्रेम था। 27 मार्च 2015 को उन्हें 'भारत रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी एक जिंदादिल राजनेता, एक सज्जन कवि, एक परोपकारी व्यक्ति, एक सौम्य हिंदुत्व के रूप में जाने जाते थे।



माल्यार्पण करते पूर्व भाजपाध्यक्ष।

इसीलिए उन्हें 'राइट मैन इन रांग पार्टी' कहा जाता था। इस अवसर पर संतोष दुबे, जय शंकर तिवारी, जय प्रकाश भारती, विजय गुप्ता, भानु प्रताप बिन्द, अजय मौर्य, राम राज यादव, रणजीत सिंह, सुदीप राय, संजय शुक्ला आदि रहे।

# तेजी से धर्म परिवर्तन का काम कर रही हैं ईसाई मिशनरी : अध्यक्ष

बैठक

## 15 ईसाई परिवारों की हुई घर वापसी

**मड़िहान।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत रैकल के पंचायत भवन पर रविवार दोपहर विहिप धर्म प्रसार के द्वारा धर्म रक्षा अभियान के तहत स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस के अवसर पर ईसाई प्रभावित पन्द्रह परिवारों का यज्ञ हवन पूजन कराकर जिलाध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल के अध्यक्षता में घर वापसी कराया गया।



15 ईसाई परिवारों की वापसी कराते अध्यक्ष।

साथ ही उन परिवारों को विहिप द्वारा माँ दुर्गा व बजरंग बली एवं ॐ अंकित लॉकिट पहनाया गया व हाथ में रक्षा सूत्र बांधा गया तथा कुछ धार्मिक पुस्तक भी विहिप द्वारा भेंट किया गया। इसके उपरांत सहभोज एवं धर्म सभा का भी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

लोगों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल ने कहा कि वर्तमान समय में तीन लाख ईसाई मिशनरियों द्वारा चंगाई सभा के माध्यम से मीरजापुर में बड़े ही व्यापक पैमाने पर धर्मान्तरण का कार्य तेजी से हो रहा है जिसे रोकने के लिए बजरंग दल व विहिप के लोगों द्वारा आज श्रद्धानंद बलिदान दिवस के अवसर पर संकल्प लिया गया कि इसका विरोध करने के लिए चाहें सड़कों पर उतरना पड़े अथवा कुछ भी करना हो तो करेंगे लेकिन धर्म परिवर्तन का कड़ा प्रतिरोध कर इसे रोका जायेगा।

इस दौरान प्रमुख रूप से विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष विधभूषण दुबे धर्म प्रसार संरक्षक विजय बहादुर पाण्डेय, धर्म प्रसार के जिला प्रमुख राघवेंद्र पाण्डेय, शिवमूरत योगी, धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख सुभाष गिरी, मौजूद रहें।

## 20 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये है। रविवार को उ0नि0 सदानन्द यादव मय पुलिस टीम द्वारा थाना अहरौरा क्षेत्र से एक अभियुक्त शिवधारी पुत्र स्व0बेचू निवासी कुम्हीया जंगलमहाल थाना अहरौरा मीरजापुर को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

## मलेरिया रथ को हरी झण्डी दिखायेंगी जिलाधिकारी

**मीरजापुर।** फेमिली हेल्थ इण्डिया के द्वारा जिले में वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु 100 गांवो में अभियान चलाया जा रहा है। उसी के तहत सोमवार को कलेक्टेट परिवार से मलेरिया उन्मूलन की गाड़ी को जिलाधिकारी द्वारा प्रातः 11 बजे हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

# पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## प्रतिभा खोज परीक्षा में अनुज प्रगति तथा दिव्यांशु रहे प्रथम

जनसंदेश न्यूज

**अदलहाट।** प्रतिभा सामाजिक संस्था द्वारा मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को नवज्योति इंटर कॉलेज, गरौंड़ी(अदलहाट) में किया गया। मुख्य अतिथि लालता सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीलम टण्डन ने माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होने अपने संबोधन में संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा की हमें महापुरुषों के जीवनी को स्मरण कर उनके आदर्श को आत्मसात करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग डॉ. हेरम्ब पाण्डेय ने बच्चों से इतिहास के महापुरुषों की जीवनी पढ़ कर जीवन में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. सूबेदार यादव ने संस्था के कार्यो को सराहनीय बताते हुए कहा की ऐसे आयोजन से प्रतियोगी अभ्यर्थियों का मनोबल बढ़ता है व ज्ञान का संचार होता है। विशिष्ट अतिथि भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम उत्तर प्रदेश के उपकप्तान आदेश पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने विचार व्यक्त किया।

संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अनेश कुमार, प्रबन्ध निदेशक सतीश कुमार मौर्य व निदेशक जितेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। परीक्षा मे उत्तीर्ण ग्रुप ए में प्रथम स्थान अनुज विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान नवीन कुमार यादव व तृतीय स्थान प्रिंस कुमार रहे।

# सदी के महानायक थे अटल बिहारी बाजपेयी : रमाशंकर



कार्यक्रम में शामिल विधायक द्वय।



कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व छात्र।

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी, के द्वारा देश के गौरवपूर्ण प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की 99वीं जयंती के शुभ अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पं. बरौधा कचार पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल रहे।

विधायक ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत में हर साल 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। सुशासन दिवस देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। सुशासन दिवस लोगों के कल्याण और बेहतरी को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने भी अपने विचार रखे तथा साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने भी अपने अपने वक्तव्य में श्रद्धेय अटल जी की जीवनी पर चर्चा किया। कार्यक्रम के संयोजक जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल ने किया। मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष निर्मला राय, श्याम सुन्दर केशरी, रवि शंकर पाण्डेय, संतोष गोयल, लाल बहादुर सरोज, जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव, नगर अध्यक्ष मनीष गुप्ता, नगर महामंत्री श्याम सिंह, नितिन विश्वकर्मा के साथ सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जन-जन को मालवीय जी से लेनी चाहिए प्रेरणा : डॉ० त्रिभुवन

**मीरजापुर।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं भारतरत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की 161 वीं जयंती पर कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में किया गया। विश्वविद्यालय के संस्थापक को शत-शत नमन करते हुए दक्षिणी परिसर के आचार्य प्रभारी प्रोफेसर विनोद कुमार मिश्र ने इस पावन अवसर पर पूजन में सम्मिलित होकर परिसर के समस्त शिक्षकगणों, कर्मचारीगणों एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं मालवीय मूल्यों पर प्रकाश डाला एवं संगोष्ठी की एवं महामना के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य करने की सलाह दी। शाम सायं 5 बजे आचार्य प्रभारी द्वारा मालवीय उद्यान में दीप प्रज्वलन करके मालवीय दीपावली का शुभारंभ किया। विगत वर्षों की तरह मालवीय जयंती का विशेष आकर्षण छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई। पुष्प एवं दीप रंगोली रही। इस अवसर पर 5000 दीपकों से परिसर स्थित मालवीय उद्यान एवं प्रशासनिक भवन सहित अन्य भवनों व अतिथि गृह को दीयों से सजाया गया। तत्पश्चात परिसर में उपस्थित जनों छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया गया। हर वर्ष की तरह इस उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महामना मालवीय जी की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० त्रिभुवन नाथ, डॉ० विनीता, डॉ० शिल्पा गोविन्द पाटील के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

# अटल बिहारी की 98वीं जयंती पर नपाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

## तुमसे परिचय व चित्रकूट लाल काव्य संग्रह बिगुल का किया विमोचन

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल रविवार की सुबह भाजपा के तमामं कार्यकर्ताओं के साथ नगर के शहीद उद्यान पहुँचे। जहां पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 98वीं जयन्ती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बता दें कि पूरे देश में भाजपा अटल जयन्ती मना रही है। नपाध्यक्ष ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर उनको नमन किया।

इस मौके पर उन्होंने दो पुस्तकों का विमोचन भी किया। राम प्रसाद नीलम की ?तुमसे परिचय एवं चित्रकूट लाल (चुनारी लाल)की काव्य संग्रह बिगुल का विमोचन हुआ। नपाध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री होने के अलावा हिंदी कवि, पत्रकार और प्रखर वक्ता भी थे। आज उनकी जयंती पर दो पुस्तकों का विमोचन भी किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जनसंघ के संस्थापकों में से भी एक थे। 09 दिसम्बर सन 1971 को इसी पार्क में अटल जी आए थे और लालडिग्गी में पंडित दिन दयाल उपाध्याय की मूर्ति का अनावरण भी किया था। 1980 में जनता पार्टी से अलग होने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी और पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इस मौके पर विनोद शंकर पाण्डेय, बाबूराम गुप्ता, शिव प्रसाद द्विवेदी, शिवलाल अवस्थी, डॉ०कृपाशंकर यादव, जगदीश प्रसाद पाण्डेय, राजकुमार राजन, आदि लोग उपस्थित रहे।

# संक्षेप

## छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**चुनार।** रामबाग सुरभि शोध संस्थान के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय देशज दिवस कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल दिवेदी उपस्थित रहे। देशज दिवस मनाये जाने के दौरान श्री राधाकृष्ण बनवासी छात्रावास में अध्यनरत मेघालय, आसाम, सिक्किम, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड, नेपाल सहित अन्य राज्यों के आदिवासी, वनवासी छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने अपने समाज के रहन सहन, खान पान, रिति रिवाज, को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस दौरान अखिल भारतीय छात्रावास वनवासी कल्याण प्रमुख श्रीधरन, जटाशंकर, सोहनलाल श्रीमाली, राजकुमार केजरीवाल, चन्द्रकांती पाल, सागर पांडेय, हरिश्चंद्र त्रिपाठी, अमित चतुर्वेदी, संजय सिंह, सुनील कंदोई, भाजपा नगर अध्यक्ष चन्द्रहास गुप्ता, अभिलाष राय आदि प्रमुख मौजूद रहे।

## बाणसागर नहर में मिला सांभर



**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खैरही गांव के सामने बाणसागर नहर में रविवार को सुबह एक सांभर जानवर को पानी में देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी लालगंज को दिया। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी लालगंज की टीम मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से सांभर जानवर को किसी प्रकार से नहर से बाहर निकलवाकर पिकप गाड़ी पर लादकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा। वन विभाग के वन दरोगा ने बताया कि नहर से पकड़ा गया जानवर सांभर है यह जंगल से बाणसागर नहर के पानी में बहते हुए यहां तक पहुंच गया है। जंगली जानवर सांभर को सुरक्षित नहर के पानी में से निकाल कर ड्रमंडगंज वन क्षेत्राधिकारी की टीम सांभर जानवर को पिकप गाड़ी पर लादकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने के लिए ले गए। जंगली जानवर सांभर की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर पहुंची। इस मौके पर वन दरोगा राम सुरेश शुक्ला, वन दरोगा विनयेंद्र यादव, वन रक्षक पिंटू लाल पाल, अवधेश कुमार, सर्वेश पटेल, राजदीप के साथ वन कर्मी मौजूद रहें।

## अध्यक्ष अभिषेक सिंह व महामंत्री प्रदीप मौर्या निर्वाचित



**जिगना।** ब्लॉक मुख्यालय पर रविवार को सफाई कर्मचारी संघ छानबे के चुनाव में अभिषेक सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी मुहम्मद आरिफ को 25 मतों से हराकर अध्यक्ष निर्वाचन हुए तथा महामंत्री पद पर प्रदीप मौर्या ने विजयशंकर यादव को 12 मत से हराकर विजयी घोषित हुए। कोषाध्यक्ष कमलाकांत निर्विरोध निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद पर संगठन के लिए हमेशा संघर्ष करने वाले अभिषेक सिंह कई बार इस पद पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सफाई संघ 96 द्वारा दिया जा रहा है उसके लिए मैं सदैव संघ का आभारी रहूंगा। मैं किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा। मतदान रमेश पांडेय शिवशंकर राय राजेंद्र पटेल दिनेश यादव की देखरेख में शुरू हुआ। मतदान तीन बजे तक चला जिसमें 253 मतदाता ने भाग लिया। विजेताओं को ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी, शिवचंद्र मिश्र, पंचबहादुर सिंह, सर्वेश शुक्ला, धीरज सिंह, कंचन त्रिपाठी, अशोक शुक्ला, कैलाश नाथ आदि ने जीत की बधाई दी।

## सीएमओ ने किया विन्ध्याचल केन्द्र का निरीक्षण



**मीरजापुर।** कोरोना के चौथे वैरिएन्ट को देखते हुए विभाग सक्रिय हो गया है। इसी के तहत रविवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विन्ध्याचल का किया निरीक्षण कर जानकारी ली। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि चौथे वैरिएन्ट को देखते हुए व प्रदेश स्तर से भी आदेश मिलने के बाद विभाग अत्यन्त सक्रियता के साथ काम कर रही है और केन्द्रों पर पत्र के माध्यम से सक्रिय रहने का आदेश जारी कर दिया गया है। उसी के तहत विन्ध्याचल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का रविवार को दोपहर एक बजे व्यवस्थाओं की जानकारी लिया। इसी के साथ ऑक्सीजन प्लान्ट को भी चालू करके देखा गया इसी के तहत दवाओं की मात्रा हेतु स्टोर का भी निरीक्षण करके दवाईयों की उपलब्धता की भी जानकारी ली गई और निर्देशित किया गया कि किसी भी मरीज के साथ कोई लापरवाही बरती न जाए नही तो विभाग की ओर से कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## प्रतियोगिता में मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत



**चुनार।** मास्टर हरिशंकर सिंह एवं कुसुम सिंह की स्मृति में एचएस एजुकेशन ग्रुप द्वारा आयोजित विज्ञान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन मंसूर अहमद द्वारा मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। जिसमें कोचिंग के बच्चों ने मां की वंदना गीत गाकर कार्यक्रम की शुरूवात किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिस में जीते हुए प्रत्याशियों को करीब 63 प्रत्याशियों को सम्मान पुरस्कार और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सत्यवान श्रीवास्तव, अवध बिहारी द्विवेदी, विजय बहादुर सिंह, बचाओ लाल सेठ, निजाम भाई, अखिलेश कुमार सिंह रहे। कोचिंग के आमिर, राजेंद्र मिश्रा, वर्षा सिंह, संदीप, अर्पित सहित कोचिंग के संचालक संजय सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान व्यक्त किया।

## तीन को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**हलिया।** ड्रमंडगंज पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के तीन वारंटियों को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव निवासी अशोक मझिगवां गांव निवासी लालजी सिंह बरबसा गहरवार निवासी झल्लर केसरवानी को एस आई कोमल सिंह यादव, उदयनारायण सिंह हेड कांस्टेबल महेन्द्र नाथ श्याम बिंद अखिलेश प्रजापति कांस्टेबल अतुल कुमार ने न्यायालय के आदेश पर तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने बताया कि किसी मुकदमें में सूचना के बाद भी न्यायालय में पेश नही होने पर न्यायालय के आदेश पर तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

## 20 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। रविवार को उ0नि0 परमात्मा यादव व उ0नि0 संजय कुमार मय पुलिस टीम द्वारा थाना चील्ह क्षेत्र से 02 नफर आरोपियों दिलीप कुमार पुत्र मुन्नूलाल व मन्तोष पुत्र लल्लू सोनकर निवासीगण गड़गेड़ी थाना चील्ह मीरजापुर को 10-10 लीटर अवैध देशी शराब(कुल 20 लीटर) के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चील्ह पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

## चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना चुनार, मीरजापुर पर 24 दिसम्बर को वादी मो0जिलानी पुत्र अजीजुर्रहमान निवासी मु0दरगाह शरीफ थाना चुनार मीरजापुर द्वारा नामजद के विरूद्ध घर में लगा मोटरपम्प चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई। उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक चुनार को अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को प्रभारी निरीक्षक चुनार त्रिवेणीलाल सेन मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर नामजद अभियुक्त मुस्तकीम उर्फ वकील पुत्र बुद्धू निवासी मलियाना रानी बंगला दरगाह शरीफ टेकउर थाना चुनार मीरजापुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए बताया गया कि उसने चोरी के मोटरपम्प को स्थानीय कबाड़ी 700 में बेंच दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से बिक्री की नकदी 700 बरामद किया गया।

# अपने व्यक्तित्व, कृतित्व से अटल ने मां भारती को किया गौरवान्वित

सुशासन दिवस

## भाजपा कार्यालय पर मनी पूर्व पीएम भारत रत्न अटल की जयंती

जनसंदेश न्यूज


पूर्व पीएम अटल बिहारी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा पदाधिकारी

**सोनभद्र।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की 98वीं जयन्ती भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गयी। इस दौरान उनके चित्र पर राज्यसभा सांसद रामशकल, जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, घोरावल विधायक अनिल कुमार मौर्य, पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार, पूर्व विधायक तीरथराज, अमरेश पटेल, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी गयी। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व सदर विधायक भूपेश चौबे के नेतृत्व में संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी में जरुरतमंद मरीजों को फल वितरण किया गया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि 1980 में पार्टी के टूट जाने के बाद अटल बिहारी बाजपेयी ने लालकृष्ण आडवाणी और कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर पार्टी का गठन किया। उनकी अगुवाई में भाजपा ने संगठन मजबूत किया। भारतीय लोकतंत्र में उन्होंने एक नयी और मजबूत नींव रखी। उनके विचारों को आगे बढाते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पार्टी का परचम लहरा रहा है। जिला प्रभारी ने कहा कि अटल बिहारी तीन बार देश के प्रधानमंत्री होने के अलावा हिन्दी कवि पत्रकार व प्रखर वक्ता भी थे। उनका जन्म 25 दिसंबर 1924 को हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा ग्वालियर के बिक्टोरिया कालेज से ली। उन्होंने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से मां भारती को विश्व में गौरवान्वित किया। उनका योगदान युगों युगों तक भुलाया नही जा सकता। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनके बताए रास्ते पर सभी कार्यकताओं को चलना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर रामलखन सिंह, रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, उदयनाथ मौर्य, अभिषेक सिंह चन्देल, ओमप्रकाश दूबे, अशोक मौर्य, शम्भूनारायण सिंह, संतोष शुक्ला, विनोद पटेल, अनूप तिवारी, राकेश मेहता, गुड़िया वर्मा, सुरेश शुक्ला, पुष्पा सिंह, गुड़िया तिवारी, विष्णु पासवान समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डाला, ओबरा में मनी पूर्व पीएम की जयंती, किया नमन


अटल बिहारी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते राज्यमंत्री संजीव गोड़

**डाला/ओबरा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाई गई। ओबरा विधानसभा में बाड़ी बूथ पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री संजीव कुमार गोड़ व रावर्ट्सगंज विधानसभा में डाला नगर निकाय चुनाव प्रभारी संतोष शुक्ला रहे। राज्यमंत्री ने कहा कि मन की बात में पीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजयेपी को याद करते हुए कहा कि इस साल भारत ने अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे किये और इसी वर्ष अमृतकाल का प्रारंभ हुआ। चुनाव प्रभारी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राजनेता व कवि के रूप में जाना जाता है, वह कभी हार और राजनीति में रार नहीं मानते थे। देश में यह प्रथम बार हुआ कि जब राष्ट्रपति स्वयं अटल बिहारी वाजपेयी के आवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किये। अध्यक्षता दीपक दूबे ने किया। इस मौके पर चोपन ब्लाक प्रमुख लीला देवी, संदीप सिंह पटेल, धीरेंद्र प्रताप सिंह, शंभू सिंह गोंड़, संतोष सिंह, मुकेश जैन, सुभाष पाल, साधना तिवारी, दीपिका जैन, सुषमा सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। ओबरा संवाददाता के अनुसार-स्थानीय अग्रसेन नगर स्थित राम मंदिर परिसर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की 98वीं जयंती भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर्षोल्लास से मनायी गयी। जिला मंत्री कन्हैया लाल जायसवाल ने पूर्व पीएम के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया। अध्यक्षता अरविंद सोनी ने किया। वहीं प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकताओं ने सुना। वहीं भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सुशील कुशवाहा के आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाइ जाने के साथ मन की बात सुनी गयी। इस मौके पर वीरेंद्र मित्तल, आशीष तिवारी, विनोद जायसवाल, मनोज पटेल, रणधीर सिंह, ओमप्रकाश यादव, रविंदर गर्ग, अमित मित्तल, रंग बहादुर पटेल, सागर महरोलिया, लक्ष्मी नारायण, विनय सिंह, सतीश अग्रवाल, रामलाल जायसवाल, प्रमोद सोनी, अभिषेक सेठ आदि मौजूद रहे।

## अटल तुम्हारा चरित स्वयं ही रामायण और गीता है

**चोपन/ सोनभद्र।** गीत कस्तूरी साहित्यिक संस्थान द्वारा 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती पर काव्य संध्या का आयोजन चोपन स्थित ग्रामवासी सेवा आश्रम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन हुआ ,तत्पश्चात कवियों का स्वागत माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित चन्द्रकांत शर्मा ने की। संस्था की अध्यक्ष डॉ रचना तिवारी के काव्यात्मक वक्तव्य के बाद गीत गजलों और राष्ट्रवादी कविताओं से ग्रामवासी सभागार में तालियां ही गड़गड़ाती रहीं। अटल जी की शान में रचनाएं पढ़ीं गईं। अटल तुम्हारा चरित स्वयं ही रामायण और गीता ह ,जिसने जितना जाना वो उतना ही रीता रीता है ह्लपढ़कर लोगों को भावुक कर दिया। कवियों में पारसनाथ मिश्रा, सुशील राही, अरुण तिवारी, अलका केसरी, मेघ विजयगढ़ी, राधेश्याम पाल, गोपाल जी कुशवाहा आदि ने कविताएं पढ़ी। कार्यक्रम का सफल संचालन अशोक तिवारी ने किया।

## संक्षेप

### ओम प्रकाश पाण्डेय कॉलेज में छात्रों को बांटा गया बैग


छात्रा को बैग देते मुख्य अतिथि

**सोनभद्र।** ओम प्रकाश पाण्डेय कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल एंड साइंसेज में सिंघानिया यूनिवर्सिटी द्वारा स्टूडेंट बैग का वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि अमित श्रीवास्तव ने मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान उन्होंने नर्सिंग के छात्रों को स्टूडेंट बैग का वितरण किया। डायरेक्टर ओम प्रकाश पाण्डेय ने छात्रों को यूनिवर्सिटी द्वारा समय समय पर दिए जा रहे वस्तुओं के महत्व को समझाते हुए शिक्षा के प्रति और सजग रहने की बात कही। प्रिंसिपल आर के द्विवेदी ने कहा कि आप टेबलेट से नयी चिकित्सकीय तकनीक के बारे में इंटरनेट से जुड़ के भी सीख सकते हैं। मेडिकल छात्र होने के नाते आपको अपने बैग में किताबों के साथ प्राथमिक चिकित्सा सामग्री भी साथ रखनी चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय जैसा ही डिसिप्लिन अपने जीवन में भी लायें। शिक्षा के स्तर को और तकनिकीय रूप दें। छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए और वस्तुएं दी जायेंगी। इस मौके पर अश्वनी पाण्डेय, सिद्धार्थ पाण्डेय, अन्नू मौर्या, डॉ पंकज द्विवेदी, डॉ विदिशा श्रीवास्तव, संगीता, स्मृति पाण्डेय, नेहा, विशाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### विद्युत विभाग की लापरवाही,मासूम शुभम ने असमय ही तोड़ा दम

**दुद्धी।** जहां पूरा देश क्रिसमस की रोशनी में नहाकर जश्न मना रहा था वहीं ब्लॉक दुद्धी के ग्राम घिवही में एक घर का मासूम चिराग बुझ गया। शिक्षक अखिलेश कुमार का मासूम ६ वर्षीय बालक शुभम दिन में घर से मात्र १०० मीटर दूरी पर भाई सत्यम व दोस्तों के साथ खेल रहा था। घटनास्थल पर बिजली के एक खंबे से निकले अर्थिंग वायर (स्टे वायर) जिसमे से जानलेवा करेंट उतर रहा था शुभम का स्पर्श हो गया और वह वहीं पर दम तोड़ दिया। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डा. शाह आलम ने परीक्षण करते हुए बालक के ऑन स्पॉट ही मौत होने की पुष्टि की।ग्रामीणों द्वारा बार बार शिकायत करने पर भी विद्युत विभाग द्वारा खंबे से अर्थिंग वायर (स्टे वायर)से उतरते करेंट को ठीक नहीं किया जा रहा था।विद्युत विभाग की हद लापरवाही से क्षेत्र में भरी रोष व्याप्त है। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन ने बालक के शव को अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया था।

### हीरालाल अध्यक्ष, बिट्टू सिंह बने महामंत्री

**चोपन।** नगर के काली मंदिर पर रविवार को जय मां काली सेवा समिति की चुनावी बैठक हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह ने किया। बैठक में दो साल के आय व्यय का लेखा जोखा कोषाध्यक्ष अजय भाटिया ने समिति के समक्ष रखा। तत्पश्चात सरंक्षक एवं चुनाव प्रभारी सुनील तिवारी ने चुनाव को आगे बढ़ाते हुए समिति के सदस्यों के बीच अध्यक्ष पद हेतु हीरालाल वर्मा का नाम लिया, जिसपर सभी सदस्यों ने एक मत होकर सर्वसम्मति से अपनी सहमति दी। वहीं महामंत्री पद के लिए दिव्य विकास सिंह बिट्टू, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय जैन, सुशील पाण्डेय, रामाश्रय जायसवाल प्रदीप अग्रवाल तथा मंत्री पद के लिए श्याम सुंदर मिश्रा, विरेंद्र शर्मा, सुरेश जायसवाल, दीलिप कुमार, मीडिया प्रभारी मनोज चौबे एवं व्यवस्था प्रमुख अजय कुमार को बनाया गया। समिति के पूर्व अध्यक्ष ध्यान सिंह ने लेफ्टिनेंट आदित्य राज तिवारी को अंगवस्त्र देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर अजय भाटिया, हनुमान दास, अमित सिंह, लल्लू श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश तिवारी, विवेक तिवारी, सतनाम सिंह, अशोक सिंघल, आशीष सिंह, पं. मनीष तिवारी आदि मौजूद रहे। संचालन अभिषेक दूबे ने किया।

### सवा किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**बीजपुर।** मादक पदार्थों की तस्करी व तस्करों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को पुलिस ने विनय कुमार पनिका पुत्र स्व. बृजलाल पनिका, निवासी ग्राम रजमिलान, माड़ा, सिंगरौली हाल पता पुनर्वास प्रथम पहाड़ी पर बीजपुर के कब्जे से एक किग्रा 125 ग्राम गांजा बरामद कर संगत धाराओं में चालान कर दिया।

## किड्स केयर स्कूल का मना वार्षिकोत्सव, बच्चों ने मोहा मन

जनसंदेश न्यूज


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**ओबरा।** स्थानीय क्लब चार में शुक्रवार की देर शाम किड्स केयर इंग्लिश स्कूल का 29वां वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। संतों का भारत शीर्षक पर कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति कर लोगों को तालियां बजाने को विवश कर दिया। कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख चोपन लीला गोंड, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रानमति देवी, प्रबंधक केसीईएस सतपाल तनेजा, डायरेक्टर अमरदीप सिंह, जसकीर्ति तनेजा, डॉ गोपाल सिंह, डीटीएम चोपन अभिषेक विशाल, नगर पंचायत चोपन अध्यक्ष प्रतिनिधि उस्मान अली ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत आयो रे शुभ दिन पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, इत्ती सी हंसी, मीरा हो गई मगन, ढोली दा ढोल बाजे, अयि गिरी नंदन, पैसा पैसा, ख्वाजा मेरे ख्वाजा, शिव डांस आदि गानों पर एक से बढ़कर एक समूह नृत्य की प्रस्तुति देकर बच्चों ने वाहवाही बटोरी। मुख्य आकर्षण पंजाबी गाना गोविन्द दे लाल पर बच्चों की प्रस्तुति को सभी ने सराहा। बॉलीवुड अभिनेता मोहसिन भट्ट और बॉलीवुड सिंगर सौम्या मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर विजय कुमार, प्रधानाचार्य सुनील गुप्ता, आलोक भाटिया, रमेश सिंह यादव, कन्हैयालाल जायसवाल, सुखनंदन चौरसिया, सुधा कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## महिला से दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला की तहरीर पर पुलिस बीते शनिवार की शाम मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने मचबन्धवा गांव के एक व्यक्ति पर दुष्कर्म और वीडियो बनाकर धमकी देने का आरोप लगाया। महिला ने बताया कि व्यक्ति ने पहले जबरदस्ती दुष्कर्म किया, इसके बाद उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल कर धमकी देकर संबंध बनाता रहा। महिला ने घटना की जानकारी पति को दी, इसके बाद पीड़िता ने पुलिस की मदद ली और कार्यवाही की मांग की। पीड़ित महिला की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह शनिवार की रात आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्यवाही शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि आरोपी सुनील कुमार के विरुद्ध संगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर तलाश की जा रही है।

## राबट्र्सगंज में जल्द बन सकता है रेलवे लाइन पर ओवरब्रिज

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र ।** सोनभद्र दौरे पर आए उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक व मंडल रेल प्रबंधक ने चुर्क व सोनभद्र सहित कई रेलवे स्टेशन के बीच आ रही जन सममस्यओं को जल्द हल करने की बात कही। पत्र प्रतिनिधियों ने बातचीत के दौरान रेलवे महाप्रबंधक के सामने दो प्रमुख समस्याओं को उठाया गया, जिसमें चुर्क स्टेशन पर त्रिवेणी एक्सप्रेस और मूरी एक्सप्रेस का ठहराव हुआ करता था लेकिन इन दिनों मूरी का ठहराव न होने से स्थानीय लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए या तो राबट्र्सगंज या फिर चोपन जाना पड़ता है। जबकि चुर्क में इंजीनियरिंग कालेज के अलावा पुलिस लाइन व कई बड़े अधिकारियों का निवास है, साथ ही सैकड़ों गांव हैं, जिन्हें दिल्ली या फिर अन्य जगहों पर जाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इस सवाल के जबाब पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि जल्द ही इस समस्या को देखने का काम करेंगे और निश्चित तौर पर आगे सब कुछ बेहतर होगा। इसी तरह से राबट्र्सगंज रेलवेस्टेशन से आगे राबट्र्सगंज पन्नूगंज मार्ग पर ओवरब्रिज न होने के कारण जब भी कोई ट्रेन आती जाती है तो सड़क पर जाम लग जाता है जिसकी वजह से राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही वह उक्त सड़क की रिपोर्ट तलब करेंगे और जो भी सम्भव हो या तो ओवरब्रिज या अंडरपास बनाया जाएगा।

बातचीत

### आए दिन लग रहे जाम से मिलेगी निजात

## व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुए कार्यक्रम


स्वर्ण जयंती चौक पर मोमबत्ती जलाते व्यापारी

**सोनभद्र।** उप्र उद्योग व्यापार मण्डल के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष में व्यापार मण्डल द्वारा अनाथालय में फल, बिस्कुट, मिठाई, दूध का वितरण किया गया। इस दौरान शाम स्वर्ण जयंती चौक पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्यापारियों में मिठाई बांटा व अपने प्रतिष्ठान पर दीपक जलाया। जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि 50 वर्ष पूर्व लाला विशम्भर दयाल, पं श्याम बिहारी मिश्र ने व्यापारियों के उत्पीड़न शोषण चरम पर होने के कारण वाराणसी की धरती पर 24 दिसम्बर 1973 को संगठन बनाया, तबसे व्यापार मण्डल व्यापारियों की समस्याओं के लिए निरन्तर संघर्ष करते हुये व्यापारियों ने अपना बलिदान दिया। सभी व्यापारी उनको नमन करते हैं। कहा कि व्यापारी समस्याओं के लिए संघर्ष करते रहेंगे। कार्यक्रम में संदीप सिंह चन्देल, राजेश बंसल, प्रकाश केशरी, रमेश जायसवाल, अजीत जायसवाल, आनन्द जायसवाल, श्याम लाल केशरी, बबलू केशरी, अंशू अग्रहरी, अजय केशरी, नन्दलाल कुशवाहा, राकेश, दनेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया राम जन्मोत्सव

आस्था

### व्यास सूर्यलाल मिश्र के साथ भक्तों ने गाए सोहर बांटे गये लड्डू, हुई आतिशबाजी,सजाई गई झांकी

जनसंदेश न्यूज


महायज्ञ पंडाल में सजी राम जन्म की झांकी

**सोनभद्र।** नगर के आरटीएस क्लब में श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को पर राम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवमी तिथि मधुमास पुनीता। शुक्ल पक्ष अभिजीत हरिप्रीता मध्य दिवस अति शीत न घामा। पावन काल लोक विश्रामा। दीनों पर दया करने वाले कौशल्या जी के हितकारी कृपालु प्रभु प्रगट हुए भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप निहारी।

व्यास आचार्य सूर्य लाल मिश्र के मुखारविंद से निकले इन्हीं छंदों के साथ श्रीराम का जन्म हुआ। राम को पाल पालने में झुला कर जन्म उत्सव की झांकी दिखाई गई। यजमान अजय शुक्ला, माधुरी शुक्ला ने पालने की डोर पकड़ कर रस्म निभाई। इस अवसर पर मानस पांडाल में राम जन्म उत्सव की झांकी सजाई गई, मुद्राएं एवं खिलौने लुटाए गए और सोंठ के लड्डू बांटे गए और पटाखे भी छुड़ाए गए। मुख्य व्यास, मंच आचार्य, पाठ कर रहे भू देवों के साथ मंच पर उपस्थित महामंत्री सुशील पाठक सहित पंडाल में उपस्थित भक्तों ने सोहर गीत गाए और भगवान श्री राम के जन्म उत्सव की झांकी का दर्शन किया। इस मौके पर सतपाल जैन, राकेश त्रिपाठी, संगम गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, मिठाईलाल सोनी, कृपा नारायण मिश्र, किशोर केडिया, सुरेश पाठक, अशोक गुप्ता, रवि जैसवाल, रविन्द्र पाठक, संजय केडिया आदि मौजूद रहे।

### खेल, सांस्कृतिक महोत्सव के लिए शिवद्वार से निकली मशाल यात्रा

**सोनभद्र/बभनी।** सेवा समर्पण संस्थान के प्रदेश संगठन मंत्री पंकज ने रविवार को शिवद्वार से मशाल यात्रा को रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह सोनभद्र का गौरव है कि एशिया कि चीर परिचित महादेव की नगरी शिवद्वार से मशाल मिजार्पुर, चंदौली, सोनभद्र के सभी विकास खंडों का भ्रमण कर 30 दिसंबर को सेवाकुंज आश्रम पहुंचेगी। इसी मशाल से राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। राज्यसभा सांसद रामसकल ने कहा कि होने वाले आयोजन में विभिन्न राज्य प्रतिभाग कर रहे हैं। 17 वर्षों के बाद उत्तर प्रदेश को सौभाग्य प्राप्त हुआ और सोनभद्र को इस सफल आयोजन हेतु स्थान चयनित किया गया है। जिलाध्यक्ष जेसी विमल सिंह ने कहा कि मशाल यात्रा का नेतृत्व रामसेवक खरवार, शिवप्रसाद गोड़ और अनिल धांगर कर रहे हैं, जो वनवासी समाज से आते हैं। इस मौके पर सह मंत्री आलोक चतुवेर्दी, कमलेश चौबे, सुनील चौबे, दूधनाथ कुशवाहा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# मीडिया ने एकतरफा मुकाबले में प्रशासन एकादश को 9 विकेट से दी मात

**दुद्धी।** स्थानीय टाऊन क्लब मैदान पर रविवार को 36 वें अन्तर्राज्यीय क्रिकेट टूनामेंट का भव्य आगाज हुआ। राजयमंत्री संजीव गोड़ ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उदघाटन मैच प्रशासन एकादश एवं मीडिया एकादश के बीच खेला गया। टास प्रशासन एकादश के कप्तान कोतवाल श्रीकांत राय ने जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। पहले खेलते हुए प्रशासन एकादश की टीम ने निर्धारित10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 75 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें राजतराज ने सर्वाधिक 39 रनों की पारी खेली। मीडिया की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रभात व आकाश ने 2-2 तथा कप्तान शमीम अंसारी ने एक विकेट हासिल किया।

बाद में बैटिंग करते हुए मीडिया एकादश की टीम मात्र सात ओवर में ही एक विकेट खोकर जीत के लक्ष्य को पूरा कर लिया। पत्रकार एकादश में सलामी बल्लेबाज प्रभात कुमार ने छह चौकों की मदद से सर्वाधिक 33 रनों की पारी खेली, जबकि दूसरे उद्घाटक बल्लेबाज कप्तान शमीम अंसारी ने तीन चौके की मदद से 12 रन व निशांत मोहन ने चार चौकों की मदद से 21 रन बनाकर जीत का सेहरा अपनी टीम के साथ बंधवाया। प्रभात कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस तरह 36 वें अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन मैच मीडिया एकादश ने अपने नाम कर लिया, जबकि प्रशासन की टीम उप विजेता रही। कमेंट्री सलीम खान व इरफान खिलाड़ी ने किया।

अन्त में मुख्य अतिथि व समारोह अध्यक्ष के द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी व व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीओ आशीष मिश्र, पत्रकार राहुल श्रीवास्तव,सुमीत सोनी, इब्राहिम खान, विकास द्विवेदी, जबी खान, राजकुमार अग्रहरी, दिनेश यादव, कमल कानू, रामेश्वर राय़ सुरेन्द्र अग्रहरी, दिलीप पांडेय, चौकी प्रभारी संजय सिंह, अमवार चौकी प्रभारी चन्द्रशेखर आदि मौजूद रहे।

### खो-खो प्रतियोगिता में चतरा की टीम रही विजेता

**बभनी।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संबद्ध सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम कारीडांड चपकी में रविवार को खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके पूर्व क्षेत्रीय संगठन संपर्क प्रमुख मनीराम पाल ने भारत माता के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। 23वां राष्ट्रीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव में पहले दिन जिला स्तरीय टीमें प्रतिभाग की। कोन, चतरा, नगवां,बभनी, म्योरपुर, करमा और छपका की टीमों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पहला मैच कोन और छपका के मध्य खेला गया। जिसमें छपका की टीम विजेता रही। खो खो कोन और चतरा के मध्य हुआ, जिसमें चतरा की टीम विजेता रही तथा कोन उप विजेता रही। इस प्रकार से जिले की अन्य टीमों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। खेलकूद संपन्न कराने में जिला समिति मंत्री जयप्रकाश, प्रांतीय खेलकूद प्रमुख राम लखन, क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार सिंह, सूर्यकांत दुबे, कृष्ण गोपाल आदि लगे रहे।

### कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

ओबरा। रेणुकापार पनारी ग्राम पंचायत के फफराकुंड में रविवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि खेल हम सभी के प्रतिदिन के जीवन के लिए बहुत उपयोगी है।क्योंकि ये हमें स्वस्थ वातावरण में सामान्य शारीरिक गतिविधियों में शामिल करता है।कहा कि खेल गतिविधियों में भाग लेना जीवन की उपलब्धियों को बढ़ाता है।खिलाड़ियों के जीवन में खेल बड़ी उपलब्धियों को प्राप्त करने का रास्ता है।हालांकि ये उनकी गतिशीलता और उस अनुभव पर अधिक निर्भर होता है जो उनके पास पहले से होता है। इस दौरान राजेश कुमार, फौजदार गौड़, हरिशंकर दूबे, भोला यादव, रामप्यारे, राजेश आदि मौजूद रहे।

## 10वां अन्तर्राज्यीय कैनवास क्रिकेट बाल प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**बभनी।** क्षेत्र के महुआरी टोला में 10वां अन्तर्राज्यीय कैनवास बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज रविवार को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि नन्द कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन मैच में टास किंग कोबरा कुंडी छत्तीसगढ़ ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लैक टाइगर बरवे ने 12 ओवर में 115 रन बनाकर आलआउट हो गई। बरवें के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए दारा सिंह 20 बाल पर 30 रन की पारी खेली। वहीं अनिल 19 रन, सुरेंदर ने 18 रन बनाये। गेंदबाजी में जयपाल 3 विकेट, रामलाल व गोलू ने दो-दो विकेट लिए। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए किंग कोबरा 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 105 रन ही बना सकी। किंग कोबरा के तरफ से चंद्रदेव व पैकरा ने 22-22 रन की पारी खेली। वही गेंदबाजी करते हुए बरवें के रामू यादव ने चार विकेट व रंजीत ने दो विकेट हासिल कर ब्लैक टाइगर को 11रन से जीत दिलाई। मैन आफ द मैच रामू यादव रहे। अम्पायरिंग फरीदूद्दीन व सुल्तान अंसारी द्वारा किया गया। स्कोरर सत्यानन्द व कमेंट्री रवि रैना, एहसान खान व बंशीधरन ने किया। इस मौके पर प्रेमलाल, आशीष जायसवाल, अरूण सिंह, महेंद्र नाजा, मुकेश कुमार, शेरू, आकाश गुप्ता, अजय, अमरनाथ, अंशु सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## चाय विक्रेता का पुत्र बना सप्लाई इंस्पेक्टर, हर्ष


सप्लाई इंस्पेक्टर बनने पर अभय को मिठाई खिलाते परिजन

**ओबरा।** नगर में वर्षो से चाय बेचकर बच्चों के भविष्य के प्रति जी तोड़ मेहनत कर आर्थिक व्यवस्थाओं की अड़चनों को कभी न आने देने वाले राजकुमार उपाध्याय ने अपने बेटे को उच्च शिक्षा की हमेशा प्रेरणा दिया। वही उनके पुत्र द्वारा पीसीएस की परीक्षा पास कर सप्लाई इंस्पेक्टर के पद पर चयन होने से यह साबित हो गया कि माता पिता के आशीर्वाद व प्रोत्साहन देने से चाय बेचने वाले के बच्चे भी कोई भी मुकाम हासिल कर सकते है।ग्राम पिपराडाड जिला मिर्जापुर निवासी मध्यवर्गीय परिवार के बेटे अभय उपाध्याय के पीसीएस में चयनित होने व सप्लाई इंस्पेक्टर बनने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल ऐसा रहा कि घर में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। अभय के पिता राजकुमार उपाध्याय एक साधारण परिवार से हैं। वह ओबरा में अंबेडकर चौराहे पर पूरे परिवार के भरण पोषण के लिए चाय की दुकान चलाते हैं। अभय की माता कुसुम लता उपाध्याय गृहणी हैं। अभय की प्रारंभिक पढ़ाई मिर्जापुर से हुई है। उन्होंने आगे की पढ़ाई तेजपुर यूनिवर्सिटी असम से मैकेनिकल इंजीनियरिंग से बीटेक की पढ़ाई की है। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है।

# सुशासन दिवस के रूप में मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती



पार्टी कार्यालय पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता

**चंदौली।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक कार्यालय में रविवार को आयोजित की गई। इसमें देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान जिला प्रभारी श्रीमती मीना चौबे ने कहा कि पंडित अटल बिहारी वाजपेई ने पार्टी के संस्थापकों में से एक अटल सन 1968 से 1973 तक भारतीय जन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। अटल सन 1957 के लोकसभा चुनाव में पहली बार उत्तर प्रदेश के बलरामपुर लोकसभा सीट से जनसंघ के प्रत्याशी के रूप में विजई हुए आज उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है।

इसे भारतीय जनता पार्टी और मजबूत हो। भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व भी हिमालय की उसी स्वरूप के भाति था वे एक सफल राजनेता थे जिनमें राजनीति के तमाम गुण मौजूद थे। विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि अटल जी के राजनीतिक विरोधी भी वाकपटुता और भाषण शैली के प्रशंसक रहे हैं। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राणा प्रताप सिंह उमाशंकर सिंह सुजीत जायसवाल जितेंद्र पांडे शिवराज सिंह देवेश पांडे संतोष खरवार रविंद्र नाथ अनिल तिवारी जैनेंद्र कुमार हरि सिंह रामसुंदर चौहान संजय सिंह बबलू राकेश मिश्रा किरण शर्मा दिव्या जायसवाल राघवेंद्र सिंह सागर कनौजिया सुरेश मौर्य वेद चौबे विजय मौर्य दिलीप दुबे इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धानापुर ब्लाक में मनी अटल बिहारी की जयंती



ब्लॉक सभागार में पूर्व पीएम के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करते ब्लाक प्रमुख व

जनसंदेश न्यूज

**धानापुर।** चंदौली रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जयंती सुशासन दिवस के रूप में ब्लाक सभागार में मनाया गया। ब्लाक प्रमुख अजय सिंह, डीपीआरओ ब्रह्मचारी दुबे द्वारा उनके तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प माला अर्पित किया गया। अपने संबोधन में ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने कहा कि मोदी व योगी पूर्व पीएम अटल के सपनों का भारत बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल ने अपने कार्यकाल में विदेशों तक देश को एक शक्ति के रूप में प्रदर्शित किया। कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को अपने व्यवहार और समावेशी नीति के जरिए ऐसे लोकतांत्रिक मानदंड स्थापित किए जिनकी मिसाल आज भी दी जाती है। उनका सुशासन का सिद्धांत भी प्रसिद्ध है। डीपीआरओ ब्रह्मचारी दुबे ने कहा कि वाजपेयी जी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भारतवासियों को सरकार की लोगों के प्रति जिम्मेदारियों के लिए जागरूकता फैलाना है। इस दौरान मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी विजय कुमार,प्रधान संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह,दयाल सरन श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत राजेश सिंह,रमेश सिंह,मनीष सिंह, आदि लोग मौजूद थे।

## सुशासन दिवस के रूप में मना वाजपेयी का जन्मदिन



चहनियां खण्ड विकास कार्यालय में अटल जी का जन्मदिन मनाते खण्ड विकास अधिकारी व अन्य

**चहनिया।** चहनियां स्थित खण्ड विकास कार्यालय में रविवार को सुशासन दिवस के रूप पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंति धूमधाम से मनाया । खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को ताकत देने का काम किया है । वे कभी दुश्मनों से हार नही माने । उनके व्यक्तित्व की जितना भी तारीफ किया जाय कम है। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह, आनन्द यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेंद्र गुप्ता,ग्राम प्रधान सतेंद्र सिंह मिन्टू, अभय सिंह, गोपेश नारायण,वीरेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षेप

### जरूरतमंदों में कंबल वितरण करना एक पुनीत कार्यः रामानंद



तोरवा गांव में जरूरतमंदो को कम्बल वितरण करते समाजसेवी रामानंद सिंह

**धानापुर।** क्षेत्र के तोरवां गांव में समाजसेवी रामानंद सिंह उर्फ गुल्लू सिंह द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें पांच सौ जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया। कंबल वितरण से लोगो ने राहत की सांस कंबल पाकर गरीब महिला और पुरुष के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस दौरान समाजसेवी रामानंद सिंह ने कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों तक कंबल देने का कार्य एक सुखद अनुभूति होती है ।इस तरह के कार्य हर किसी को अपने सामर्थ्य के मुताबिक अपने आस पास के लोगो को ध्यान में रख के करते रहना चाहिए। कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों में कंबल वितरण करना एक पुनीत कार्य है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह, राणा सिंह,राजेश सिंह,रामअवतार सिंह, अजय प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह, शिवानन्द सिंह, गृह शंकर सिंह, उदय भान सिंह,सुदेशवर सिंह, अवधेश आदि लोग रहे।

### कुश्ती में पहलवानो ने दिखा दावपेंच

**नियामताबाद।** ग्राम सभा बरहुली में विराट दंगल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूरदराज से आए हुए पहलवानों ने कुश्ती का कौशल दिखाया क्षेत्र के सम्मानित गण, ग्राम प्रधान ने कुश्ती प्रतियोगिता में आये पकहलवानो का फूल माला से स्वागत किया अजीत पहलवान और अरविंद पहलवान ने दाव पेच दिखाते हुए 5000 का इनाम जीता। वही श्याम सुंदर यादव रेउसा और आलोक यादव गाजीपुर ने 2000 वाली कुश्ती जीती ।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश बिंद, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र माही, पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव, ओमवीर पहलवान, शशी बिंद बी एड,पंचम कवि, फूलचंद पहलवान, सत्तन पहलवान, सुभाष बिंद बीडीसी,डॉ राजू बिंद, भोला बिंद, संतोष गुप्ता, फूलचंद,मनोज बिंद, सूरज पहलवान, कमला बिंद, अनुराग, लालजी पहलवान, संतोष यादव आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान विजय यादव व संचालन रघु मास्टर ने किया

### मंडल प्रभारी ने शिवसैनिकों में भरा जोश

**चंदौली।** शिवसेना जिला इकाई की बैठक मुख्यालय स्थित श्री राम जानकी शिव मठ मंदिर में हुई। इसमें मंडल प्रभारी विक्रम यादव ने शिवसैनिकों में भारी ऊर्जा भरा। वहीं शिवसेना जिला इकाई के कार्यकताओं बैठक में मंडल प्रभारी विक्रम यादव ने बालासाहेब ठाकरे के आदर्श पर चलने का आवाहन किया। उन्होंने पार्टी को अधिक से अधिक संख्या में गठन करने का दायित्व संगठन के जिला के पदाधिकारियों को दीया था। वहीं चंद्र मोहन सिंह का स्वागत भी किया कहा कि जिले के अंदर दमदार शिवसैनिक है जो भ्रष्टाचार का विरोध करते हुए भ्रष्टाचारियों को सजा दिलवाने का काम किया। इस दौड़ रचना सिंह श्वेता सिंह शकुंतला मौर्या किसान नेता जितेंद्र सिंह बेदू सिंह राधेश्याम सिंह केदार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे तथा संचालन अजय पासवान ने किया।

### अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार।

**कंदवा।** पुलिस यूपी-बिहार सीमा पर मुस्तैद है। सोमवार को ककरैत पुलिया पर चेकिंग के दौरान अवैध शराब सहित एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा तस्कर के पास से 42 शीशी देशी शराब बरामद कर आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। कंदवा थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा ककरैत नहर पुलिया के पास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जांच में एक तस्कर के पास तलाशी के दौरान अवैध शराब बरामद हुआ।

# डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य है सबका साथ सबका विकासः छत्रबली

**अवसर**

**गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए कार्य कराने की अपील की**

जनसंदेश न्यूज



बाउंड्री वाल, टीन शेड के कार्यों का लोकार्पण करते छत्रबली सिंह

**शहाबगंज।** पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह ने रविवार को भोड़सर, करनौल व बड़गांवा गांव में ग्रामपंचायत व क्षेत्र पंचायत द्वारा सीवर,सीसी व बाउंड्री वाल,टीन सेड के कार्यों का लोकार्पण का कार्य किया। वहीं गांव में चल रहे कार्यों को शीघ्र पुरा कर लेने की अपील किया। राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त व मनरेगा द्वारा बड़े पैमाने पर प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के द्वारा विकास का कार्य कराया जा रहा है।

इस दौरान छत्रबली सिंह ने कहां कि प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए बिना भेदभाव के धन मुहैया कराई जा रही है। जिनसे जनहित के कार्यों को कराकर गांव को स्वच्छ व सुन्दर बनाने का कार्य किया जा सकें। डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य है सबका साथ और सबका विकास हो। उन्होंने गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए कार्य कराने की अपील किया।

इस दौरान श्याम जी सिंह,रतीश कुमार,जिला पंचायत सदस्य आजाद अंसारी, ग्राम प्रधान सोनी मौर्य, प्रधान गुलफाम अहमद मिक्कू,प्रधान सरीता देवी,मुनिराज यादव, सत्येन्द्र सिंह, राजेश सिंह, राकेश सिंह, धर्मेन्द्र मौर्य, रत्नेश यादव,महताब, हारुन, राजेश, शेरु सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सिविल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर प्रचार ने पकड़ी रफ्तार

**डीडीयू नगर।** सिविल बार एसोसिएशन चंदौली का वार्षिक चुनाव 2023 जनवरी माह में होना है। जिसको लेकर जिले के तमाम अधिवक्ताओं से प्रत्याशियों ने जनसंपर्क शुरू कर दिया है। चुनाव लड़ने और उसे जितने की कवायद अभी से शुरू हो गई है। प्रत्याशी मतदाता अधिवक्ताओं के बीच जाकर अपनी दावेदारी पेश करने में जुटे है। रविवार को अवकाश का दिन होने के कारण प्रत्याशी अधिवक्ता, मतदाता अधिवक्ता के घर जाकर मिले। उनका कुशल क्षेम जाना और चुनाव संबंधित चर्चा की। साथ ही चुनाव लड़ने की अपनी महत्वकांक्षा को जाहिर किया। इस क्रम में चुनाव लड़ने वाले भावी प्रत्याशी चन्दौली जनपद के अलग अलग नगर, गाँव और कस्बों में अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे। अधिवक्ताओ ने साथियों के साथ डोर टू डोर प्रचार प्रसार किया। इस दौरान श्रीकांत, उज्जवल कुमार, रंजन कुमार श्रीवास्तव, पूर्व महामंत्री आमोद पांडेय, प्रभु नारायण तिवारी एवं सिविल बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष खालिद वकार आदि आदि शामिल रहे।

# जिले में प्रथम आगमन पर कांग्रेसियों ने प्रदेश महासचिव का किया स्वागत



प्रदेश महासचिव का माला पहनाकर स्वागत करते कांग्रेसी

**पड़ाव।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव औसाफ अहमद सिद्दीकी कि जनपद में प्रथम आगमन पर बहादुरपुर मार्ग पर स्थित पुलाव शहीद बाबा के पास जैनुलआब्दीन के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने ढोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत किया । विदित हो कि औसाफ अहमद सिद्दीकी चौरहट पड़ाव निवासी उक्त विभाग के जिला अध्यक्ष थे इनके कार्यशैली से प्रभावित होकर अल्पसंख्यक विभाग के कांग्रेस कमेटी ने जिम्मेदारी भरा बड़ा पद देते हुए प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्त किया है औसाफ अहमद सिद्धकी के चंदौली जिले में प्रथम आगमन पर कांग्रेसियों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया इस दौरान प्रदेश महासचिव ने कहा कि कांग्रेस कमेटी ने जो हम पर विश्वास कर जिम्मेदारी भरा पद दिया है। उसको मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करुंगा। इस मौके पर मुख्य रूप से नूर मोहम्मद शोएब खान तौफीक सलीम खान शोएब सिद्दीकी आसिफ लड्डुन भाई सफ्फर गुड्डू साजिद खान इत्यादि रहे।

# स्वास्थ्य शिविर व कम्बल वितरण का हुआ आयोजन



स्वास्थ्य शिविर व कम्बल वितरण में उपस्थित चिकित्सक

**चहनियॉं।** अघोरपीठ बाबा कीनाराम मठ रामशाला रामगढ़ जनपद चन्दौली के प्रांगण में रविवार को चन्दौली मेडिकल एसोसिएशन के सौजन्य से हर रोग के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों के रोगों का परीक्षण एवं दवा वितरण का कार्य प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक सम्पन्न हुआ जिसमें चन्दौली मेडिकल एसोसिएशन के वरिष्ठ डॉ रामशंकर सिंह बालरोग विशेषज्ञ ,डॉ आनन्द प्रकाश तिवारी बाझपन एवम स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ सविता दीक्षित मनोरोग डॉ चन्द्रिका प्रसाद एमडी,डॉ दिनेश सिंह, डॉ शैलेश श्रीवास्तव, डॉ रमाशंकर गुप्ता,डॉ प्रियंका, डॉ निधि स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ अश्विनी कुमार बालरोग, डॉ पीएन दुबे,डॉ श्रीधर त्रिपाठी विशेषज्ञ डॉ सम्मिलित हुए जिसमे लगभग 350 मरीजो का नए नए मशीनों से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और साथ ही 200 पात्र लाभार्थियों को कम्बल वितरण चन्दौली मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा किया गया। जिसमे मुख्य रूप से अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोरपीठ मठ के सूर्यनाथ सिंह, पंकज पांडेय, मिथिलेश पांडे, दिलीप, दीपक, संतोष पटेल, अशोक मौर्य, अरुण यादव, पीयूष कुमार इत्यादि लोग उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी कीनाराम अघोरपीठ मठ के मीडिया प्रभारी कुलदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

## क्रिसमस डे पर सोशल डिस्टेंस को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान

**सकलडीहा।** शासन की ओर से कोविड का पालन कराने को लेकर निर्देश जारी हुआ है। रविवार को देर शाम सीओ राजेश कुमार राय के नेतृत्व में कोविड का पालन कराते हुए क्रिसमस डे को लेकर वाहनों की संधन जांच पड़ताल किया गया। इस दौरान वाहन स्वामियों को माक्स आदि लगाने के बारे में निर्देश दिया गया। क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में जगह जगह कार्यक्रम और झांकी निकाली गयी है। जिसे लेकर शासन की ओर से कोविड के नियमों का पालन कराने का निर्देश है। इस क्रम में सीओ राजेश कुमार राय ने रूट मार्च करते हुए वाहनों की जांच पड़ताल किया। इस दौरान दुकानदार से लेकर वाहन स्वामियों को सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए माक्स आदि लगाने पर जोर दिया गया। कस्बा से लेकर नागेपुर, तेन्दुई, चतुर्भुजपुर, डेढ़ावल, नईबाजार, तुलसी आश्रम,ईटवा आदि कस्बा में अभियान चलाया गया। इस मौके पर कोतवाल अनिल कुमार पांडेय, कस्बा प्रभारी राजकुमार, मनेश शंकर द्विवेदी, मोहन प्रसाद, महफूज अहमद, चौकी प्रभारी भूपेशचन्द्र कुशवाहा, सुरेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# युवाओं के प्रेरणा और उर्जा के स्त्रोत थे भारतरत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी



ब्लॉक मुख्यालय पर अटल की जयंती मनाते बीडीओ अरूण पांडेय कर्मचारियों के साथ

**सकलडीहा।** पूर्व पीएम व भारतरत्न अलट बिहारी बाजपेयी की जयंती रविवार को विभिन्न सरकारी संस्थान और भाजपा कार्यकताओं द्वारा सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान अधिकारी और भाजपा कार्यकताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। ब्लॉक मुख्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री के जंयती पर सम्बोधित करते हुए बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का सपना था गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ मिले। आज उन्ही के विचारों को अमली जामा शासन की ओर से पहनाया जा रहा है। वही दूसरी ओर कॉलेश्वर महादेव मंदिर में मंडल अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह के नेतृत्व में सुशासन दिवस मनाया गया। उन्होने कहा कि सरकार की योजना से हर गरीब का विकास हो यही सरकार और संगठन की मंशा है। अंत में पूर्व प्रधानमंत्री को अधिकारी और भाजपा कार्यकताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर भानुप्रताप सिंह, मुसाफिर प्रजापति, भगवान दास, नवनीत, कमलापति पाण्डे,राम अधार गुप्ता, रंजय पाण्डे ,रामप्रताप सिंह, रामप्रकाश पाण्डेय ,मुराहु वनबासी, तारा ,संजय ,पंचम, मोनिका, उर्मिला आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा मित्रों ने मनायी भारत रत्न पूर्व पीएम अटल की जयंती

**कन्दवा।** शिक्षामित्रों ने बी आर सी बरहनी पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया साथ ही साथ दो जनवरी को होने वाले जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम की भी रूपरेखा तैयार की जहां शिक्षामित्रों ने अटल जी की जन्म दिवस पर उनको याद किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला महामंत्री राजेश सिंह ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी जैसे महापुरुष धरा पर कभी कभी जन्म लेते हैं। पूरे भारतवर्ष के लिए अटल जी प्रेरणा श्रोत हैं। आज शारीरिक रूप से भले ही वे न हों पर वे अपने व्यक्तित्व, कृतित्व से हमेशा हमारे बीच रहेगें। साथ ही सरकार से मांग किया कि सरकार हमारा ध्यान दें तथा हमारे भी भविष्य को सुरक्षित करें । बैठक में जिला प्रभारी संगीता सिंह, संयुक्त मंत्री अजित तिवारी, आलोक गुप्ता, रविन्द्र यादव, जितेंद्र सिंह, श्यामनरायन, श्यामदुलारी, रंजना, जितेंद्र कुमार, प्रमिला, आदि साथी उपस्थित थे।

# नाराज ग्रामीणों ने ऑपरेटर को बनाया बंधक



सिकंदरपुर में जल निगम की पानी टंकी परिसर में ऑपरेटर को बंधक बनाए ग्रामीण

**चकिया।** विकासखंड के सिकंदरपुर में जल निगम की पेयजल की आपूर्ति पिछले 20 दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने पानी टंकी परिसर में पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए ऑपरेटर को बंधक बना लिया। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को शांत करा कर ऑपरेटर को बंधक मुक्त कराया।

विकासखंड कि सिकंदरपुर गांव में गांव की आबादी के मानक के आधार पर जल निगम द्वारा पानी टंकी की स्थापना कराई गई है। पिछले 20 दिनों से पेयजल की आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीण पेयजल की समस्या से दो-चार हो रहे थे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सत्य प्रकाश गुप्ता सहित व्यापार मंडल के अध्यक्ष शीतला केसरी ने कई बार जल निगम के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया लेकिन लेकिन उनका लचीले रवैया रहा जिससे अजीज आकर ग्रामीणों ने ऑपरेटर आशुतोष पटेल को बंधक बनाने के बाद कई बार अवर अभियंता संतोष सिंह सहित उच्चाधिकारियों को मोबाइल पर फोन करने का प्रयास किया लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। जिस पर ग्रामीणों ने मामले की जानकारी तहसीलदार विकास दुबे को दी। तहसीलदार के निर्देश पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को समझा-बुझाकर ऑपरेटर को बंधक मुक्त कराया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पेयजल की समस्या से निजात निजात दिलाते हुए मनमानी करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान शशिकांत श्रीवास्तव ,शीतला प्रसाद केसरी, संदीप प्रजापति, राजकुमार जायसवाल, अरशद मौलाना, चंदन यादव, श्री यादव, विद्याधर शर्मा, सदाकत अंसारी, अनिल जायसवाल, शेखर विश्वकर्मा, फिरोज सलमानी, अरमान सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## चोरों ने पांच लाख के आभूषण पर हाथ किया साफ

**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के कुसम्हीकलां गांव में शनिवार की रात करीब एक बजे चोरों ने चैनल गेट का ताला तोड़कर घर में घुसकर 80 हजार नकदी सहित कुल पांच लाख रुपए के गहने उठा ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण कर वापस लौट गई। थाना क्षेत्र के कुसम्हीकलां गांव निवासी बाला लखंदर यादव के घर का शनिवार की रात में मुख्य गेट के चैनल का ताला तोड़कर चोर घर में प्रवेश किया। चोरों ने कमरे में सो रही महिलाओं के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया। दूसरे कमरे में रखी अलमारी और बॉक्स का ताला तोड़कर उसमें रखा लगभग पांच लाख के आभूषणों में सोने का तीन चेन,दो झुमका, माँगटिका, नाथियां, दो आयरन,दो झाला,दो कंगन, आठ जोड़ी पायल, आठ अंगूठी,चार लाकेट आदि पर हाथ साफ किया। वहीं 80 हजार रुपया नकद उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि घर की महिलाओं की भोर में नीद टूटी तो देखा की कमरे का दरवाजा खुला है ।जब दरवाजे के पास गई तब अलमारी टूटी देखकर शोर मचाने लगी । परिवार तथा आस पास के लोग जुटकर चोरों की इधर उधर खोजा लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। थानाध्यक्ष महेन्द्र सिंह के अनुसार चोरी की घटना की जानकारी है।, छानबीन की जा रही है।

# राज्यपाल द्वारा भाई व बहन सहित चार छात्र गोल्ड मेंडल से होंगे सम्मानित

**सकलडीहा।** निष्ठा और ईमानदारी से मेहनत करने वाले छात्र सदैव सफलता को हासिल करते है। कुछ ऐसा ही महात्मागांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सकलडीहा पीजी कॉलेज की तीन छात्रा भावना द्विवेदी, पूजा गुप्ता और जयसूर्या ने में विभिन्न विषय में टॉप किया है। वही हीरा सिंह राजकीय विद्यालय धानापुर के अवनीश ने सर्वोच्च अंक हासिल किया है। आगामी 31 दिसम्बर को महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में इन छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। इनके चयन पर महाविद्यालय प्रशासन के शिक्षक और छात्र छात्रों में हर्ष है। सकलडीहा इंटर कॉलेज के प्रवक्ता सुरेन्द्र द्विवेदी की पुत्री भावना द्विवेदी सकलडीहा पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग में एमए अंतिम वर्ष की छात्रा है। काशी विद्यापीठ में स्नाकोत्तर स्तर पर बनायी गयी टॉपटेन की सूची में द्वितीय सर्वोच्च अंक प्राप्त किया है। वही भावना द्विवेदी का भाई अवनीश कुमार द्विवेदी हीरा सिंह राजकीय महाविद्यालय धानापुर के छात्र ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में पूरे विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र विषय में द्वितीय सर्वोच्च अंक प्राप्त किया है। इनके अलावा सकलडीहा पीजी कॉलेज की छात्रा जयसूर्या ने अर्थशात्र विभाग में पूरे विश्वविद्यालय में 11 वां स्थान व राजनीत शास्त्र विभाग की पूजा गुप्ता सकलडीहा कस्बा निवासी पूरे महात्मागांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय राजनीत शास्त्र छठवां सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय व महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष व राजनीत शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शमीम राईन व अर्थशात्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर इंद्रदेव सिंह ने छात्र और छात्राओं के सर्वोच्च अंक पाने पर प्रशंन्नता जाहिर किया है। प्रोफेसर शमीम राईन राजनीत शास्त्र विभागाध्यक्ष ने बताया सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को आगामी 31 दिसम्बर को दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल से राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

# बच्चों को शिक्षित करने के लिए सामाजिक दायित्वों को बढ़ाने की जरूरत

**चंदौली।** विश्वकर्मा समाज की जाति एकता से ही समाज को राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक बराबरी का अवसर मिलेगा उक्त विचार स्थानीय वाटिका लान परिसर में रविवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह के परिनिर्वाण दिवस समारोह के दौरान विश्वकर्मा स्वाभिमान सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने कहा। समारोह को संबोधित करते विश्वकर्मा ने कहा कि समाज को संगठित हुए बिना राजनीतिक सामाजिक आर्थिक भागीदारी नहीं मिल सकेगी।

इसलिए समाज को संगठित होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों को शिक्षित करने के लिए सामाजिक दायित्वों को बढ़ाने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज एकजुटता के अभाव में लगातार बिछड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित होकर अपने हक के लिए संघर्ष करना होगा। राजनैतिक सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए केंद्र व प्रदेश की सरकारों द्वारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के तहत कार्य कर रही है। जिसमें समाज के लोगों के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही है। भाजपा के प्रदेश मंत्री बुद्धू लाल विश्वकर्मा ने कहा कि समाज के लोगों को सामाजिक राजनीतिक भागीदारी के लिए एकजुटता जरूरी है। जिसके तहत समाज को नई दिशा मिलेगी। जिससे समाज के लोग विभिन्न पदों पर अपनी प्रतिभा को बिखेर सकेंगे। इस अवसर पर श्रीकांत विश्वकर्मा, विश्वकर्मा उत्थान मंच के अध्यक्ष रिटायर्ड फौजी श्याम लाल विश्वकर्मा, अध्यक्षता श्रीकांत विश्वकर्मा ने किया व संचालन राजेश कुमार विश्वकर्मा कवि ने किया।


केक काटकर स्व0 अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिवस मनाते भाजपाई

# प्रयागराज भारत



## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 29.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.19 |
| सूर्यास्त : | 05.15 |

### कोतवाल ने विवेचकों का किया ओ आर

**मेजा।** कोतवाल ज्ञानेश्वर मिश्र ने रविवार को कोतवाली परिसर में सभी विवेचकों का ओ आर किया। इस दौरान उन्होंने सभी के विवेचना निस्तारण, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की जांच कर निस्तारण करने तथा उच्चाधिकारियों व शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया । कोतवाल ज्ञानेश्वर मिश्र ने कहा कि किसी भी कार्य मे लापरवाही न बरती जाय शासन के मंशा के अनुसार कार्य करें । और उन्होंने यह भी सभी से कहा कि आम जनता से अच्छे सम्बन्ध बनाकर चले ।

# क्रिसमस पर्व पर क्रियायोग आश्रम में हुआ आयोजन

**क्रिसमस पर्व**

**3 दिन में शरीर का पुनर्निर्माण ही क्रिसमस डे का प्रतीक : स्वामी श्री योगी सत्यम**


साधकों को क्रिसमस पर्व के महत्व को समझाते स्वामी श्री योगी सत्यम

**झूंसी।** मां गंगा के तट पर स्थित क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में रविवार को क्रिसमस पर्व का 7.30 से यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण किया गया इस आयोजन में कई देशों के विदेशी व भारतीय नागरिकों ने इस भाग लिया । 25 दिसंबर जिसे बड़े दिन के नाम से जाना जाता है आज ही के दिन पूरी दुनिया में प्रभु ईसा मसीह के सम्मान में समारोह आयोजित किया जाता है । इस पावन अवसर पर क्रिया योग आश्रम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें अंतरराष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने क्रियायोग अभ्यास के उपरांत उपस्थित सभी साधकों को वैज्ञानिक तरीके के साथ स्पष्ट किया कि प्रभु ईसा मसीह मात्र 3 वर्ष के अंदर मानव जाति को अहमब्रह्मास्मि हमारे और परमात्मा के बीच दूरी शून्य है, को अनुभव करने का वृहद प्रशिक्षण दिया। स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि मनुष्य जब मानव की अनुभूति कर लेता है तो उसके और परमात्मा के बीच में दूरी शून्य हो जाती है । फिर वह अनुभव कर लेता है कि मनुष्य के लिए कुछ भी असंभव नहीं है । अमरता के विज्ञान को सिद्ध करने के लिए ईसा मसीह सूली पर चढ़ गए और मर हुए शरीर को पुनर्जीवित करने के उपरांत स्वयं को अदृश्य कर स्वर्ग में प्रवेश किए। हमारे और प्रभु के बीच दूरी नही है, यही भारतीय संस्कृत है। जब मानव इस ज्ञान को प्राप्ति कर लेता है तो उसकी समस्त समस्याएं समाप्त हो जाती है। क्रियायोग ध्यान इस ज्ञान को प्राप्त करने का सरलतम उपाय है । वही इस कार्यक्रम में देश विदेश के साधकों ने भाग किया।


अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर किया गया सम्मानित

## व्यापार मंडल का 50वॉ वर्ष पूर्ण होने पर दीपोत्सव का आगाज : अनूप वर्मा

**प्रयागराज।** जिला महानगर उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50वीं वर्षगाँठ स्वर्ण जयंती के शुभ अवसर पर जनपद प्रयागराज मे आयोजित दीपोत्सव एवं 50वीं वर्षगाँठ में संस्थापक सदस्य रहे नगर के सम्मानित प्रेमचंद गुप्ता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय राम कृष्ण श्रीवास्तव के भाई को माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम भेट कर सम्मान किया गया आज के इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक/अध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव एवं जिला महिला अध्यक्ष एड०जूही जयसवाल ने दीप जलाकर इस दीपोत्सव कार्यक्रम प्रयागराज के चौक स्थिति ऐतिहासिक नीम के पेड़ पर 111 दीप दान जिला एवं नगर के समस्त पदाधिकारियों के साथ करते हुए व्यापार मंडल जिंदाबाद, लाला विशंभर दयाल अग्रवाल, पंडित श्याम बिहारी मिश्रा, स्व0 रामकृष्ण श्रीवास्तव, अमर रहे के नारों के साथ उद्घोष किया इस अवसर पर कार्यक्रम उपरांत मुख्य रूप से संस्थापक सदस्य रहे प्रेमचंद गुप्ता के आवास पर सहपत्नी को सम्मानित करने जिलाध्यक्ष अनूप वर्मा, नगरध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव, भगवान केसरवानी, महामंत्री निखिल पांडेय, कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी, मुकेश गुप्ता, जिला युवाध्यक्ष नेत्र श्रीवास्तव, नगर युवा अध्यक्ष गौरव करवरिया, महामंत्री अंकित गुप्ता, अरशद बालू, अभिषेक केशरवानी, रवि सेठ, विवेक खन्ना, शुक्ला जी, सौरभ जैन, नीरज साहू, विक्की जौहरी, महिला विंग से सुश्री जूही जैस्वाल, संदीपमा वर्मा, प्रीति गुप्ता, अंजलि केसरवानी, मालती केसरवानी, दीपा कपूर, मीरा राय, रीना खन्ना जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## संक्षेप

### कबड्डी में मोहरब ने नवाबगंज को हराया

**मंसूराबाद।** नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विकासखंड श्रृंगवेरपुर धाम के कराहा तालाब स्थित खेल मैदान पर रविवार को कबड्डी फाइनल मैच में डिफाल्टर किंग मोहरब की टीम ने नवाबगंज को हराकर खिताब अपने नाम किया। दूसरे दिन के खेल में वॉलीबॉल कबड्डी, दौड़, लंबी कूद, की प्रतियोगिता हुई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र सरोज रहे । उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा की खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए युवाओं को बढ़-चढ़कर खेल में हिस्सा लेना चाहिए है। वालीबाल फाइनल में गरियावां की टीम ने अब्दुल्लापुर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं कबड्डी के रोमांचक मैच में मोहरब की टीम ने नवाबगंज को हराकर जीत अपने नाम दर्ज किया। दौड़ में देव शंकर अब्बल रहे । अंकित सरोज द्वितीय स्थान और विजेता स्थान गुलफाम ने प्राप्त किया । लंबी कूद में विष्णु ने लंबी छलांग लगाते हुए प्रथम पर रहे। आकाश दूसरे और देव शंकर तीसरे स्थान पर बाजी मारी। विजेता खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी पुरस्कार प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन दारा सिंह सरोज ने किया। इस अवसर पर प्रमिला, राम लखन सरोज, संजय बाबा, उमेश कुमार फौजी, शीलू शुक्ला, भारत यादव, इंद्रेश, अभय सिंह, दिलकुश सरोज, सुधांशु मिश्रा, प्रतीक कुमार, रामबाबू, अतिमा, सपना, राधेश्याम, अनिल कुमार, विवेक कुमार अतुल कुमार कुंदन सिंह, पवन कुमार, तूफान सिंह, सचिन कुमार, दिनेश कुमार, आदि उपस्थित रहे।

### मिट्टी फेंकने को लेकर मार पीट, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में मिट्टी फेंकने के विवाद को लेकर एक को मारा पीटा गया। पुलिस ने एक के खलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम बडौरा निवासी शंकर लाल पुत्र राम दुलार का आरोप है कि पडोसी उसके घर के सामने मिट्टी फेंक रहे थे । मना करने पर मारे पीटे जान से मारे की धमकी दिए। शंकर लाल ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर कडेदीन पुत्र दुखी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### तुलसी पूजन दिवस पर चला स्वच्छता अभियान



**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से रविवार को तुलसी पूजन दिवस पर अरैल के नये पक्के घाट के गंगा तट पर कार्यक्रम अधिकारी धीरज यादव के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने स्नानार्थियों एवं आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की,कि गंगा में शरीर का मैल धोये, न कि घर की गंदगी को उसमें डालें। मां गंगा के आंचल को साफ सुथरा रखने से उसमें पलने वाले जलीय जीवों को जीवन जीने में सरलता एवं सुगमता होगी। संस्थाध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि आगामी दिनों में माघ मेला का पवित्र आयोजन होने जा रहा है, जिसमें सुदूर देशों एवं प्रदेशों से स्नान करने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों का आगमन होगा,तो हम सब प्रयागराज वासियों को मां गंगा के तटों पर साफ सफाई रखने का संकल्प लेना चाहिए, कि दूर-दूर तक स्वच्छता का संदेश जाएं, जिससे लोग प्रयागराज को विश्व पटल पर सम्मान की दृष्टि से देखें। कार्यक्रम में कुंवर तिवारी, सुनील कुशवाहा, सहदेव चौरसिया, रवि पटेल, आत्म प्रकाश यादव, संदीप कुमार सिंह, प्रतीक त्रिपाठी, श्याम बिहारी यादव, निखिलेश पाण्डेय, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रवीण तिवारी, कुंवर अलख प्रताप सिंह, सौरभ यादव, उज्जवल यादव, गौरव यादव, तुलसी चौरसिया, सनी, विशाल यादव, गोविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

### वेलांकिनी अरधनालय एवं शोध सेवा संथान में क्रिसमस का जलसा धूमधाम से मनाया गया

**नैनी।** रविवार को नई बस्ती महेवा स्थित वेलांकिनी अरधनालय एवं शोध सेवा संसथान में क्रिसमस का जलसा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालओु ने बाइबिल के वचन पर आधारित भजन गाकर प्रभु ईशु की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष सिस्टर मौली ने दुनिया में अमन चनै वा कोरोना से बचाव के लिए दुआ की तथा आए हुए, विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों की चगंई के लिए प्रार्थनर्था की या। इस अवसर पर बच्चों ने खेल कूद खो-खो,100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- प्रज्वल केसरवानी, द्वितीय स्थान- प्रथम केसरवानी तृतीय स्थान- आनदं कुमार,और खो-खो में प्रथम स्थान- रिंकी कुमारी द्वितीय स्थान- लक्ष्मी वर्मा तृतीय स्थान- श्रेया केसरवानी को परुष्कृत कि या गया। समारोह में सर्वश्री सरुेंद्र कुमार, शीतल प्रसाद, डॉक्टर ओम प्रकाश आर्य विमलेश सिहं, सरदार कुलदीप सिहं खालसा, रितश राज, पवन केसरवानी, लवकुश केसरवानी, उमेश कुमार गुप्ता, उज्ज्वल केसरवानी, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव,मन्नो देवी,सनु गीता श्रीवास्तव, जया केसरवानी, कुसमु देवी आदि की भुमिका महत्वपर्णू रही।

### मऊआइमा में स्वास्थ्य शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**मऊआइमा।** मऊआइमा में कई विद्यालय के छात्र छात्राओं को बुला कर स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मऊआइमा के ग्राम तिलई घीनपुर में एस आर एस चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से स्वास्थ्य और शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूकता अभियान चलाया गया। मऊआइमा के आदर्श इंटर कॉलेज ,जामिया मिल्लिया इस्लामिया एंव हायर सेकेंडरी स्कूल, संसकार भारतीय,गंगा पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयो जो ग्राम सभा घीनपुर में आते हैं। सभी छात्रों को एकत्रित कर स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संयोजक कमल लता शुक्ला ,डाक्ट एच एल शुक्ला ,डाक्ट गंगोली ,डाक्टर सुष्मिता शर्मा ,डाक्टर आर के राही ,डाक्टर रोहित मिश्रा आदि मौजूद थे।

### तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न।



**बहरिया।** ब्लाक बहरिया के मैलहा गांव में स्थित आर एस आनंद हुबराजी संवारी संस्कार इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्र ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के संस्थापक/डायरेक्टर राम सजीवन मौर्य द्वारा किया गया। इस वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम के क्रीड़ा अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप प्रजापति के नेतृत्व में खेलकूद कराया गया। जिसमें 1500 मीटर दौड़ में राजनाथ यादव प्रथम, राजू पाल द्वितीय एवं निरंजन पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजयी खिलाड़ियों को कॉलेज के डायरेक्टर द्वारा पदक देते हुए सम्मानित किया गया। इस आयोजन में गांव के प्रधान भुवर लाल यादव, भोले गुप्ता, अशोक यादव, अभय राज मौर्य, राजेश पटेल, शिव सूरत यादव, भूपेंद्र यादव, योगेंद्र त्रिपाठी, विनय पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने हथिगहां में सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**नवाबगंज।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हथिगहां में भाजपा नेता उमेश तिवारी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को ध्यानपूर्वक सुना उन्होंने काला जार के बारे में भी बताया इन्होंने कहा की काला जार अब कम हो रहा है हमारी संस्कृति में गंगा एवं गंगा जल का बड़ा ही महत्व है नमामि गंगे अभियान के बारे में भी प्रधानमन्त्री ने चर्चा की उन्होंने कहा की 8 साल पहले हमने इसकी शुरूआत की आज पूरी दुनिया में इसकी चर्चा व सराहना हो रही है। इसकी सबसे बड़ी ऊर्जा लोगों की लगातार सहभागिता है इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता व सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी,संजय केशरी,अमित जयसवाल,गुड्डू राजा,मनीष जयसवाल, राजेन्द्र मौर्या, मिथलेश मौर्या, मुन्ना, राकेश मौर्या, अंकित मिश्रा, जय प्रकाश मौर्या, ओम प्रकाश केसरवानी, रमेश मौर्या, शैलेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिवस

**जयंती**

**वरिष्ठ समाजसेवी संजय मिश्र बनकटा की ओर से कार्यक्रम आयोजित**

**जन्मदिवस पर कवियों ने बिखेरा जलवा कविता पढ़ अटल को किया याद**


गंगापार जिला अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी का स्वागत करते संजय मिश्र बनकटा

**प्रयागराज।** झूंसी योजना नंबर 3 आवास विकास कॉलोनी बालाजी मंदिर के पास में रविवार को स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी वाजपेई पूर्व प्रधानमंत्री के 98 वा जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कवियो ने कविता के जरिये अटल जी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके गुणों को याद किया। इसके पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी संजय मिश्र बनकटा ने जिला अध्यक्ष गंगा पार अश्वनी दुबे को साल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। इस दौरान अश्वनी दुबे जिंदाबाद भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। दरअसल 3 वर्षों से अश्वनी दुबे लगातार गंगा पार भाजपा जिला अध्यक्ष हैं। इस अवसर पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जन्मदिन मनाने वालों में समाजसेवी संजय मिश्र बनकटा मनोज कुमार निषाद प्रभाकर दुबे पंकज ओझा आरती अग्रवाल डॉक्टर विजयानंद अरुण कुमार मिश्र उर्फ पिंटू नेता गोपीनाथ स्वर्णकार अनुराग केसरवानी दिलीप निषाद शिव देवी कुशवाहा संजय कुशवाहा अमित यादव विजय लक्ष्मी चंदेल विपिन मिश्रा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# फांसी के फंदे पर लटककर विवाहिता ने कर ली जीवन लीला समाप्त

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव में एक विवाहिता ने फांसी के फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वही मांयके पक्ष वालों ने दहेज के लिए मार क ़ फांसी पर लटकाने का आरोप ससुराल जनों पर लगाया जब। मृतिका के पिता ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर प्रतिभा अपने दमाद व उसकी मां के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बड़गांव थाना उतराव निवासी अंकित मिश्रा जो प्रयागराज के टावर कंपनी में काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वहीं पति रोज की तरह अपनी ड्यूटी पर सुबह निकल गया था। लगभग साढ़े सात बजे के करीब उसकी पत्नी प्रियंका मिश्रा उम्र 24 वर्ष जो कमरे के अंदर छत पर लगे पंखे में साड़ी का फंदा बनाकर लटक गई । कमरे के अंदर उसका मासूम ढाई वर्ष का बच्चा औरव रो रहा था। अंकित की मां बाहर झाड़ू लगा रही थी बच्चे की रोने की आवाज सुनकर कमरे जाने का प्रयास किया तो दरवाजा बंद था तो खिड़की से देखा तो उसके होश उड़ गये। वही शोरगुल मचाया आसपास के लोग इकट्ठा हुए दरवाजा तोड़कर फांसी के फंदे पर लटकी प्रियंका मिश्रा को उतारकर फौरन अस्पताल के लिए भागे जहां फूलपुर के निजी अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वही सूचना पर मौके पर पति पहुंचा और चीख चीख कर रोने लगा। मायके पक्ष से मृतिका के पिता ने दहेज के लिए हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाते हुए उतराव थाने में दमाद व उसकी मां के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका प्रियंका मिश्रा की मौत से ससुराल व मायके पक्ष के लोगों का रो रो कर बुरा हाल हैं । 4 वर्ष पूर्व अंकित मिश्रा का विवाह जौनपुर जिले के कारों बनकट गांव में हुआ था।

# भाजपा गंगा पार महिला मोर्चा की ओर से मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिवस

**प्रयागराज।** महिला मोर्चा की ओर से शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के जयंती भाजपा महिला मोर्चा गंगा पार अध्यक्ष आरती अग्रवाल तथा वरिष्ठ समाजसेवी पिंटू अग्रवाल के नेतृत्व में झूंसी चौक स्थित हनुमान मंदिर कोहना में धूमधाम से जन्म दिवस मनाया गया । इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की मां दुर्गा काली राधे कृष्ण की झांकियां भी निकाली गई। जन्म दिवस मनाने का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अश्वनी कुमार द्विवेदी अध्यक्ष गंगा तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी सुशील दास जी महाराज जगतगुरु स्वामी माधव दास जी महाराज स्वामी सिद्ध बाबा रहे कार्यक्रम का संचालन प्रकाश चंद्र पिंटू अग्रवाल ने किया कार्यक्रम के आयोजक श्रीमती आरती अग्रवाल भावी पार्षद प्रत्याशी अध्यक्ष महिला मोर्चा गंगापार ने सभी अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण शाल देकर सम्मानित किया । इस मौके पर भाजपा गंगा पार पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को लेकर उनके विचारों को व्यक्त किया तथा उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया ।इस अवसर पर विजयालक्ष्मी चंदेल अनीता जी प्रिया प्रजापति संगीता श्रीवास्तव नीलम गिरी राजेश्वरी पांडे पूनम पांडे मिथलेश सोमवंशी अनिता राज समीर त्रिपाठी निराला अरुण कुमार मिश्र पिंटू नेता अधिवक्ता प्रभाकर दुबे काशी दुबे पवन पांडे विश्वास पांडे रामबाबू केसरवानी ऋषि निषाद आत्मा धर दुबे आशीष केसरवानी रजनीश पांडे आदि भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता सदस्य उपस्थित रहे।

# चौपाल लगा कर सुनी गयी समस्याएं


चौपाल में लोगों की समस्या सुनते इन्द्रसेन सरोज

**माण्डा।** सुशासन सप्ताह का आयोजन चल रहा जिसमें माण्डा विकास खण्ड के तहत दिघिया, बरहा कलां, माण्डा खास में चौपाल लगा कर समस्याएं सुनी गयी। चौपाल की अध्यक्षता इन्द्रसेन सरोज ने की जिसमें गांव की समस्याओं को सुना गया और बीडीओ माण्डा अमित मिश्रा ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण योजना, वृध्दा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजना की जानकारी दी। एडीओ पंचायत माण्डा विनोद कुमार दूबे ने सरकार की योजनाओं को बारिकियों की जानकारी दी और कहा कि आप इन सब योजनाओं का लाभ समुचित ढंग से ले सकते हैं।

# जीवन को टुकड़ों के बजाय पूर्णता में देखना होगा : योगेश शुक्ल

**भाजपाइयों ने मनाया सुशासन दिवस, सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात**


भाजपा नेता योगेश शुक्ल अटल जी को नमन करते हुए

**मेजा।** रविवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिन पर और देश के लोकप्रिय नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन कि बात कार्यक्रम में गुनई गांव में स्थित महाराज श्री दंडी स्वामी विद्यालय के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने अटल जी के जीवन, सिद्धांतो, विचारो और कार्यकाल की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए युवाओं के लिए अटल बिहारी वाजपेई के ध्येय वाक्य ₹ मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े 'का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को अटल जी से प्रेरणा लेते हुए हर प्रकार की निराशा को दूर करना होगा, जीवन को टुकड़ों को देखने के बजाय पूर्णता में देखना होगा।

हमारे कोई सपना टूटे तो हमे अगले सपने पर काम करते रहना होगा, उन्होंने ने अटल जी की एक और पंक्ति का उल्लेख करते हुए कहा हम सब को इंसान बनना होगा, केवल नाम से नही , केवल रूप से नही, केवल शक्ल से नही बल्कि हृदय से, बुद्धि से, ज्ञान से । योगेश शुक्ल ने बताया कि अटल जी कहते थे कि मन हारकर मैदान नही जीते जाते, न मैदान जितने से मन जीते जाते है इसलिए हमे लोगो का मन जितने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के शुरूआत में योगेश शुक्ल ने उपस्थित जनसमुदाय के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात सुनी।

इस अवसर पर भाजपा नेता संजय तिवारी, पंकज राव प्रधान गहरपुर, अतुल द्विवेदी, आचार्य हिंछ लाल तिवारी, सूरज शुक्ल, सुरेंद्र मिश्र, तारकेश्वर दुबे, रजनीश तिवारी, हिमांशु पांडेय, उर्मिला आदिवासी, रेशमा आदिवासी, क्षमा पांडेय, सरमिला सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


सुशासन दिवस के रूप में अटल जी की जयंती मनाते लोग

## कोहड़ार मंडल में धूमधाम से मनाया गया सुशासन दिवस

**मेजा।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कोहडार मंडल के कार्यकर्ता कोहडार बाजार में बड़ी धूमधाम से पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता गोविंद प्रसाद मिश्रा ने अटल जी के जीवन और जीवन में किए गए कार्यों के बारे में लोगों को जानकारी दी। यह कार्यक्रम जैन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंटरप्राइजेज के प्रतिष्ठान पर मनाया गया। प्रतिष्ठान के मालिक विमल जैन अटल जी की कविता पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों ने अटल के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा मिठाइयां बांटी ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोहडार शक्ति केंद्र संयोजक पवन तिवारी, प्रभारी शिव शंकर, मंडल मंत्री वेद मिश्रा, महामंत्री राजीव द्विवेदी, बूथअध्यक्ष कृष्णाकांत पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष अश्वनी जैन और विनय जैन आदि उपस्थित रहे।

## प्रेमी जोड़ों का अलग-अलग घाटों पर हुआ अंतिम संस्कार

**करछना।** थाना क्षेत्र के बसरिया गांव में शनिवार को देर शाम दो प्रेमी जोड़े घर से डाट खाने के बाद घर के पास में गुजरी दिल्ली हावड़ा रेलवे लाइन पर जाकर दोनों ने ट्रेन के सामने छलांग लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी जिसका पुलिस ने देर रात पोस्टमार्टम के लिए शव भिजवा दिया था रविवार को पोस्टमार्टम के पश्चात नाबालिक प्रेमिका का अंतिम संस्कार प्रयागराज के दारागंज घाट पर परिजनों द्वारा कर दिया गया जिसका शव घर नहीं लाया गया, वही प्रेमी युवक का शव उसके परिजन घर लाकर उसके पश्चात गंगा तट घाट मनैया में ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया बता दें कि शनिवार को दोनों प्रेमी जोड़े पड़ोस के रहने वाले हैं जिसका काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था परिजनों के द्वारा जानकारी होने पर प्रताड़ित होने से बचने के लिए तथा परिजनों का सामना न कर पाने की स्थिति में दोनों ने निर्णय कर ट्रेन के आगे प्रेमी जोड़े ने छलांग लगाकर जान गवा दी थी जिनका रविवार को दो अलग-अलग जगहों पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# प्रधानमंत्री के हर घर शुद्ध जल पहुंचाने के सपने को साकार कर रही योगी सरकार


प्लम्बर व ऑपरेटरों के साथ नीलम करवरिया व मुन्नन शुक्ल

**मेजा।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन के अवसर पर रविवार को जलजीवन मिशन के अंतर्गत संकल्प अटल हर घर घर जल सप्ताह मेजा खास के स्वराज गेस्ट हाउस में मनाया गया। इस दौरान जलजीवन मिशन में कार्य करने वाले 150 पम्प ऑपरेट और 150 प्लम्बर को किट दिया गया । इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया रही । नीलम करवरिया ने अटल बिहारी वाजपेयी के प्रतिमां पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया ।श्रीमती करवरिया ने किट वितरित करते हुएने कहा कि यूपी में आज हर घर जल अभियान जनआंदोलन बन चुका है। पीएम नरेन्द्र मोदी की गांव के जन-जन तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के सपने को प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने सभी को जल बचाने का संदेश दिया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख मुन्नन शुक्ल, शेषमणि शुक्ल, ग्राम प्रधान लूतर पप्पू काजी सहित दर्जनों प्रधान रहे।

## पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम की छापेमारी

**थरवई ।** रविवार को पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल निर्देशन में व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी व आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थरवई क्षेत्र के बहमलपुर गांव में अवैध देशी कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत संयुक्त पुलिस टीमें पहुंचकर शराब बनाने के उपकरण साथ ही लगभग चार कुंतल लहन को मौके पर नष्ट कराया गया। ग्रामीणों को कच्ची शराब ना बनाने के प्रतिजागरूक भी किया गया। मौके पर एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जिसमें धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

# सेंट पैट्रिक में हर्षोल्लास से मना क्रिसमस का पर्व


क्रिसमस डे पर प्रभु यीशु की झांकी सजाती सिस्टर रीटा


क्रिसमस डे पर उपस्थित सिस्टर ग्रेसी जोसेफ व अन्य

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** नगर के पंचहटिया स्थित सेंट पैट्रिक स्कूल में शनिवार को क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी और मुंह मीठा कराया।

आये हुए अतिथियों ने सिस्टर ग्रेसी जोसेफ को उपहार देकर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर सिस्टर ग्रेसी ने कहाकि क्रिसमस पर्व शांति का पर्व है। इस दिन प्रभु यीशु ने जन्म लिया था और उन्होंने संसार को करूणा, दया और सत्य के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया था। हम सभी को एक दूसरे की मदद करनी चाहिये क्योंकि हम सभी एक ईश्वर की ही संतान हैं। इस मौके पर स्कूल की सिस्टर रीटा, सिस्टर पुष्पा, वाइस प्रिंसिपल सिस्टर बीना, किरन, राकेश उपाध्याय, शैलेन्द्र निषाद, उज्जवल मिश्रा समेत पूरा स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा। लोगों ने एक दूसरे को केक खिलाकर क्रिसमस की बधाइयां दी।

# प्रभु यीशु का अवतरण मानवता की रक्षा के लिए हुआ था : फादर पी विक्टर

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** प्रभु यीशु के जन्मदिवस के अवसर पर सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को फूल-पत्तियों एवं इलेक्ट्रिक झालरों से सजाया गया।

रात्रि में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने विश्वशांति एवं मानवता के कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की। विश्व के लोग प्रेम पूर्वक आपस में मिल-जुलकर रहें और विनाशक युद्ध एवं तनाव से संसार बचा रहे। इस अवसर पर फादर ने कहा कि प्रभु का अवतरण मानवता के कल्याण के लिए हुआ था। दीन दुखियों की सेवा किए बिना क्रिसमस का त्योहार अधूरा है। इस अवसर पर फादर को क्रिसमस की बधाई देने वालों में नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन दिनेश टण्डन, रामदयाल द्विवेदी, वीरेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री डॉक्टर भारतेन्दु मिश्र, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉक्टर आलोक दास, मग्हर कबीर मठ के महंत, पूर्व डीजीसी रामाश्रय यादव, विपिन मिश्र, अमित पाठक, जिला बाल कल्याण अधिकारी चंदन राय, पत्रकार देवी सिंह आदि रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

**क्रिसमस**

**सेंटजॉन्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का त्योहार**





## संक्षेप

### पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन



**सिंगरामऊ।** राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ में रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर में विगत चार दिन से रोवर्स रेंजर्स प्रवेश प्रशिक्षण शिविर चल रहा था। प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा काव्य पाठ, गीत, कव्वाली, नुक्कड़ नाटक जैसे विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात समापन समारोह के मुख्य अतिथि सल्तनत बहादुर महाविद्यालय बदलापुर के प्राध्यापक डॉ. अशोक उपाध्याय ने रोवर्स रेंजर्स द्वारा बनाए गए टेंट का निरीक्षण करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होता है और उसमें देश एवं समाज के प्रति सेवा भाव भी उत्पन्न होता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गिरीश मणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर रेंजर्स प्रभारी डॉ. सारिका सिंह, जिला सचिव निसार अहमद, तहसील प्रभारी सुनील यादव, प्रशिक्षक अंकित यादव सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### मां मालती हाईस्कूल विद्यालय का वार्षिकोत्सव मना



**केराकत।** क्षेत्र के थानागद्दी बाजार स्थित मां मालती विद्यालय का 28वाँ वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जहां बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य व नाटक मंचन से लोगों का मन मोहा। मुख्य अतिथि प्रबंधक एमएफडी बालिका महाविद्यालय सुल्तानपुर जैनुराम राम यादव व एक्सक्यूटिव इंजीनियर कोल माईन लालमन प्रजापति रहे। प्रबंधक बाल गोविंद सोनवाल, अध्यक्ष रामभजन सोनवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ. माधवा नन्द शुक्ला, थानागद्दी ग्राम प्रधान रमाकांत मौर्य, ग्राम प्रधान बेहड़ा राममूरत, समिति सदस्य डॉ. मंगला मौर्य, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, कृष्ण कुमार वर्मा, एचडीएफसी बैंक सर्वेयर राजेश वर्मा, अध्यापकगण में रजनीश सिंह, पूनम सेठ, शोभनाथ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन मोहन यादव ने किया।

### सपा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन



**मुफ्तीगंज/जलालपुर।** केराकत क्षेत्र के जंगी पीजी कॉलेज असबरनपुर में रविवार को समाजवादी पार्टी के विधायक एवं पूर्व सांसद मछलीशहर तूफानी सरोज द्वारा समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विधानसभा केराकत, मछलीशहर, पिण्डरा, मड़ियाहूं के समाजवादी पार्टी के नये छः सौ सक्रिय सदस्य एवं पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों के प्रति विधायक केराकत ने आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन नीरज पहलवान ने किया। इस अवसर पर रत्नाकर चौबे, कैलाशनाथ यादव, श्रीराम यादव, योगेंद्र सरोज, पूनम मौर्य, मिन्टू यादव, राजेंद्र यादव, डॉक्टर अवधनाथ पाल पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, प्रधान बृजेश यादव, शिवपूजन, इकबाल अहमद, उमाशंकर पाठक, शिवमूरत सरोज, अरुण कुमार यादव के आलावा सैकड़ों के संख्या में लोग मौजूद रहे।

### महाराजा बिजली पासी ने किसी की अधीनता नहीं स्वीकारी : बीपी सरोज



**मछलीशहर।** क्षेत्रीय भाजपा सांसद बीपी सरोज ने महाराजा बिजली पासी की जयंती पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा बिजली पासी ने अपने पूरे जीवन काल में किसी की भी अधीनता स्वीकार नहीं की और एक पराक्रमी राजा के रूप में उन्हें याद किया जाता है। कहाकि पासी समाज को वर्तमान में अपनी शिक्षा,राजनैतिक और सामाजिक स्तर को सुधारने के लिए पूरा प्रयास करना चाहिए। कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पासी समाज से मुझे संसद भेजने का मौका दिया। कहा कि दलितों का हित सिर्फ भाजपा में ही सुरक्षित है। इस मौके पर महाराजा बिजली पासी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा जयंती के अवसर पर केक भी काटा गया। प्रमुख उपस्थित लोगों में राकेश रावत, रंजीत पासी, आकाश पासी, शिवम पासी, शिव कुमार पासी, रामआसरे सरोज, हरीलाल सरोज, अंगनू राम सरोज, विनोद सरोज, लालाराम सरोज, शुभम पासी, डॉक्टर सूरज पासी, नरेंद्र पासी, विजय कुमार सरोज, धर्मेंद्र कुमार सरोज आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतुल पासी ने किया।

### चोरी के माल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने पुलिसबल के साथ नाथूपुर राइस मिल तिराहे से चोरी के अभियुक्त धीरज कुमार गौतम पुत्र रामसजीवन गौतम निवासी शाहपुर थाना पवांरा नाथूपुर को गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर चोरी किये गये पंपिंग सेट के इन्जन का हेड बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये अभियुक्त को जेल भेज दिया।

### सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया जन्मदिन



**चंदवक।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन विभिन्न स्थानों पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। क्षेत्र पंचायत डोभी के सभागार में खंड विकास अधिकारी डॉ. छोटेलाल तिवारी, पतरही में भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय पांडेय, बजरंगनगर में मंडल अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया वहीं भाजपा डोभी मंडल व बजरंगनगर मंडल के सभी सेक्टरों व अधिकांश बूथों पर कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर प्रधान धर्मेंद्र सिंह, एडीओ अजीत कुमार, सुशील कुमार, किशन कुमार, पंकज सिंह, बिजेंद्र विक्रम सिंह, आशीष सिंह, रमेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भारत रत्न अटल बिहारी की मनाई गयी जयंती



**मड़ियाहूँ।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के गौरा ग्राम सभा में जिला कोषाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा उमानाथ चौहान के आवास पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष पं. राज कृष्ण शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई सुसाशन और शुचिता के प्रतीक थे। उन्होंने गांव के निचले तबको के लिए योजनाएं चलाई। सड़कों नदियों बिजली, सीमा सुरक्षा सभी क्षेत्रों में बुनियादी काम किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राधेश्याम उपाध्याय, बृजभान चौहान, मनोज पाठक, संजीव गुप्ता, रघुनंदन चौहान, त्रिलोकी चौहान, मनोज सरोज सहित अन्य ग्रामवासी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

**जफरबाद।** क्षेत्र के राजेपुर में रविवार को भाजपाजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाकर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत के विकास में अटल जी की नीतियां काफी मददगार रही। वे अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में गरीबों व असहायों के लिए कई अति महत्वकांक्षी योजनाओं को लाये थे। आज देश अटल जी के योगदान को भुला नहीं सकता। इसके पूर्व सभी ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य आमोद सिंह रिंकू ने किया। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, संदीप पाल, सत्य प्रकाश सिंह, अनुज सिंह, रणविजय सिंह, शैलेष सोनी, विशाल मिश्र, पन्ना लाल सरोज, छोटेलाल सरोज, अच्छेलाल नागर आदि मौजूद रहे।

### रिश्तेदार बताकर जालसाजों ने खाते से उड़ाए 76999

**पराऊगंज।** रिश्तेदार बताकर जालसाजों ने खाते से 76999 रूपये उड़ा दिये। मामला खालिसपुर खुर्द कुटीर चक्के निवासी आशीष कुमार दुबे का है। उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम एक व्यक्ति ने मेरे मोबाइल नंबर पर फोन कर रिश्तेदार बताया और उपरोक्त मोबाइल नंबर 8958556610 से फोन पर एक लिंक मेरे मोबाइल नम्बर पर भेजा। लिंक खोलते ही मेरे खाते से 4 बार में 76,999 रुपया कट गया जिसका अलग-अलग मैसेज मेरे फोन पर प्राप्त हुआ। उक्त घटना को देखते ही तुरंत स्थानीय चौकी पराऊगंज पर पहुंच कर प्रार्थना पत्र देकर चौकी प्रभारी जितेंद्र पटेल को सूचित किया। प्रभारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए खाते को अवरुद्ध करवाया और आश्वासन दिया कि पुलिस साइबर सेल की मदद से जालसाजी करने वाले व्यक्ति की पहचान कर एवं पैसे को जल्द से जल्द वापस खाते में लाने का प्रयास करेगी।

# कमला हॉस्पिटल पर महा मेगा कैंप का आयोजन


महा मेगा कैंप में उपस्थित मरीजों की भीड़

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** नगर के मीरपुर तिराहे पर स्थित कमला हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च ट्रामा सेंटर पर क्रिसमस डे के अवसर पर महा मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस महामेगा कैंप में मानसिक रोग, पेट रोग, मस्तिष्क रोग, बीपी, शुगर, हड्डी एवं नस संबंधी बीमारियों का निःशुल्क परामर्श दिया गया और उनका मुफ्त में इलाज भी किया गया।

इस महामेगा कैंप में दूर दराज से आए हुए जाने माने डाक्टर मोहम्मद अरशद, डाक्टर एमपी सिंह व डाक्टर हितेश शुक्ला, डॉक्टर यशस्विनी उपाध्याय, डाक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर आरबी चौहान, डा. राजेश सिंह, डा. राकेश सिंह, डा. रायसाहब व डाक्टर आनंद चौधरी आदि उपस्थित रहे। बता दें कि कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर आरबी चौहान ने आए हुए सभी रोगियों का एवं सभी उपस्थित डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन हर वर्ष क्रिसमस डे के अवसर पर होता रहेगा जिससे कि गरीब असहाय लोगों की सेवा सदैव कर सकें।

## प्रयागराज व लखनऊ की टीम ने जीता मैच

**नौपेड़वा।** प्रदेश स्तरीय श्री यादवेश क्रिकेट क्लब खेल के 39वें वर्ष की प्रतियोगिता रविवार को गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई। खेल प्रतियोगिता के उद्धघाटन मैच में प्रयागराज व लखनऊ की टीम ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वी टीम को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर गई। खेल शुरू होने से पूर्व मुख्य अतिथि मल्हनी विधायक लकी यादव ने प्रतियोगिता का उद्धघाटन फीता काटकर किया। अपने संबोधन में लकी ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से ही खेले। खेल में हार के बाद अपने प्रतिद्वंद्वी टीम से सीख अवश्य लेनी चाहिए। उद्धघाटन मैच पहला मैच भानू सिंह एकेडमी प्रयागराज एवं सारनाथ वाराणसी एकेडमी टीम के बीच खेला गया। टॉस प्रयागराज ने जीत कर निर्धारित 15 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाए। जिसमें अखिल कश्यप नाबाद 100 रन बनाए। जवाब में सारनाथ वाराणसी की टीम 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 145 रन ही बना सकी। अखिल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच सुल्तानपुर बनाम लखनऊ के बीच खेला गया। टॉस सुल्तानपुर ने जीत पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित ओवर में 73 रन बनाकर आल आउट हो गई। जवाब में उतरी लखनऊ की टीम बिना विकेट खोए लक्ष्य को हासिल कर विजेता बन गई।

# गुणवत्तापरक शिक्षा पर अमल करें छात्र : डॉ. अजीम अनवर खान

**आयोजन**

**अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कॉलेज में चल रहा है स्काउट गाइड शिविर**

जनसंदेश न्यूज


स्काउट गाइड शिविर में उपस्थित अतिथिगण

**खेतासराय।** खेतासराय-शाहगंज मुख्य मार्ग से लगे लिंक रोड पर स्थित अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कॉलेज मजडीहा, शाहगंज में स्काउट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के चौथे दिन अतिथि के रूप उपस्थित हुए अवर सचिव राज्यसभा ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के बारे में जागरूक किया।

शिविर के चौथे दिन रविवार की सुबह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए अवर सचिव राज्यसभा डॉ. अजीम अनवर खान ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात स्काउड गाइड मार्चपास का सैल्यूट किया। उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्काउट एंड गाइड बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने में अहम भूमिका निभाता है। इसमें न सिर्फ बच्चे अनुशासन में रहना सीखते हैं। बल्कि उनके चरित्र के निर्माण में भी काफी बदलाव आता है। उन्होंने बच्चों से शिविर के दौरान दी गई शिक्षा को अपने जीवन में उतारने एवं समाज को नया आयाम देने की बात कही। उन्होंने आगे शिक्षा पर जोर देते हुए कहा छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा पर अमल तथा मानवता की भावना जन-जन में प्रसारित करना चाहिए। वहीं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनपी उपाध्याय ने अतिथि के प्रति आभार प्रकट किया। प्रशिक्षुओं ने सहयोग, समर्पण एवं त्याग की भावना जागृत करने का संकल्प दिलाया। अंत में कॉलेज के सेक्रेटरी मिर्जा अजफर बेग, मिर्जा अनवर बेग इण्टर कॉलेज के प्रबंधक अलतमश बरलास ने शिविर का निरीक्षण करते हुए शिविर्थियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्य रूप से आशीष कुमार अस्थाना, लालचन्द्र, अनुराग, अनुपम, उपस्थित रहे। संचालन राकेश मिश्रा, अम्बुज सिंह, अशोक गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का व्यापार मंडल ने किया सम्मान

**समारोह**

**मेहनत के बलबूते खोले जा सकते हैं सफलता के सारे द्वारं**



गौराबादशाहपुर व्यापार मण्डल कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

**गौराबादशाहपुर।** अच्छा छात्र बनने के साथ-साथ एक अच्छा और संस्कारी इंसान बनना सबसे महत्वपूर्ण होता है। अगर विद्यार्थी अच्छा इंसान और संस्कारी बालक होगा तो देश अपने आप अच्छा और संस्कारी बनता चला जाएगा। उक्त बातें व्यापार मंडल द्वारा आयोजित सातवें प्रतिभा सम्मान समारोह में आए छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष और जौनपुर जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल इंद्रभान सिंह इंदू ने कही। आगे उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना और कठिन मेहनत का कोई दूसरा विकल्प नहीं होता है। कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह, जिला संगठन मंत्री अब्दुल हक अंसारी, नगर अध्यक्ष घश्याम साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अपने अपने विद्यालय में सर्वोच्च अंक पाए 21 छात्र-छात्राओं को मेडल प्रशस्ति पत्र और स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि इंद्रभान सिंह इंदू द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात रश्मि तिवारी द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार धनन्जय राय अर्जुन द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल महामंत्री इकराम अंसारी, थानाध्यक्ष विक्रम लक्?मण सिंह, डॉक्टर आरके त्रिपाठी, समाजसेविका तारा त्रिपाठी, अजय सिंह, अंकुर सिंह, विनय कुमार मिश्रा, कुमकुम इत्यादि मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा नेता और ग्रामोदय इण्ट कालेज के प्राचार्य विनोद राय ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। गौराबादशाहपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त व्यापारियों के सहयोग हेतु उनको धन्यवाद ज्ञापित किया और आभार व्यक्त किया।

# तीन के विरुद्ध एससी एसटी का केस दर्ज

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के रैभानीपुर गांव निवासी तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने रविवार को एससी एसटी का केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। बताते चलें कि गांव निवासिनी संगीता पत्नी राजेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अलाउद्दीनपुर गांव निवासी भोले सिंह, चंद्रभान सिंह पुत्रगण हरिहर सिंह व मनीष सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह ने 21 दिसम्बर को दोपहर लगभग 12 बजे रेलवे लाइन के किनारे चूल्हा जलाने हेतु लकड़ी काटते समय आये तथा गाली देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किये। शोर मचाने पर मेरी बेटी साधना भी मौके पर पहुंच गई। उसे भी गाली देते हुए मारने पीटने लगे। किसी तरह लोगों ने बीच बचाव किया। जाते-जाते उक्त तीनों लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दिया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

# मिट्टी खोदने से मना करने पर हिस्ट्रीशीटर ने तानी पिस्टल

**दबंगई**

**चंदवक पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा, मामला अमिलिया गांव का**


तमंचा लहराता हिस्ट्रीशीटर

**केराकत/सरकी।** खेत की मिट्टी खोदने से मना करने पर एक हिस्ट्रीशीटर ने पिस्टल लेकर दौड़ा लिया। किसी ने पूरे मामले का वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसके आलावा पीड़ित की शिकायत पर चन्दवक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

मामला चन्दवक थाना क्षेत्र के अमिलिया गांव का है। गांव के पवन बहादुर सिंह की शिकायत है कि गांव का प्रद्युम्न शर्मा उनके खलिहान खाते की जमीन पर जेसीबी से मिट्टी खुदवा रहा था। मना करने पर पिस्टल लेकर दौड़ा लिया। पवन सिंह के अनुसार जब वह भागकर घर में छिप गया तो प्रद्युम्न उसके घर पर भी चढ़ गया और जान से मार देने की धमकी देने लगा। इसी बीच आसपास के लोग जुट गए। भीड़ जुटती देख प्रद्युम्न भाग गया। बताया जाता है कि प्रद्युम्न चन्दवक थाना का हिस्ट्रीशीटर है। घटना के समय जुटी भीड़ में से किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। मामला संज्ञान में आने और पीड़ित की ओर से पड़ी तहरीर पर चन्दवक पुलिस सक्रिय हो गई और घटना के आधे घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में सीओ गौरव शर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज में कला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के काजीपुर स्थित सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज में रविवार को कला और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि फादर अरुलानंद ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। विज्ञान प्रदर्शनी व खेल कूद में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए। इस मौके पर बच्चों के गेम व खेलकूद की अलग से प्रदर्शनी आयोजित हुई। इस क्रिसमस डे पर स्कूल प्रिंसिपल मेरी फ्रैंक ने विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए स्कूल प्रिंसिपल मेरी फ्रैंक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा निखरती है। उन्होंने कहा कि आज इनोवेशन का समय है। नवाचार को हर क्षेत्र में बढ़ावा मिल रहा है और इससे अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। स्कूल के मैनेजर सिस्टर अनुपा ने कहा विज्ञान प्रदर्शनी विज्ञान के शिक्षण और अधिगम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच अवसर प्रदान करते हैं। इस प्रदर्शनी में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने हेतु उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय परिवार के अध्यापक अजय मिश्रा, सुशील रफाएल, राजेश दुबे, नरेंद्र कुमार तिवारी, मदन मिश्रा, सविता यादव, सैंड्रा फ्रैंक, सविता दुबे, इंदु पटेल आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही। अंत में विद्यालय के प्रिंसिपल ने सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हादसे में युवक की मौत साथी समेत चार घायल

**दुर्घटना**

**वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर नेवादा में बाइक में टक्कर मारने के बाद पलट गई कार**

**घायलों में कार सवार लखनऊ निवासी मां-बेटी व एक अन्य महिला**

जनसंदेश न्यूज


हादसे में क्षतिग्रस्त कार व जांच करती पुलिस

**जौनपुर।** वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाइन बाजार के नेवादा में ब्लैक स्पाट के पास रविवार की शाम तेज रफ्तार कार बाइक में जोरदार टक्कर मारती हुई पलट गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी व कार में सवार मां-बेटी समेत तीन महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है।

शहर कोतवाली के चकप्यार अली (बलुआघाट) निवासी लालमन उर्फ लब्बर सोनकर का 20 वर्षीय पुत्र विशाल अपने दोस्त मानिक चौक निवासी 20 वर्षीय रोहित साहू के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। कुद्दूपुर लिंक रोड से शाम करीब चार बजे बाइक से जैसे ही हाईवे पर चढ़े लखनऊ से वाराणसी जा रही तेज रफ्तार कार जोरदार टक्कर मारती हुई पलट गई। हादसे में विशाल सोनकर की मौके पर ही मौत हो गई वहीं रोहित घायल हो गया। कार में सवार 65 वर्षीय निकहत खान पत्नी निज्जन खान, उनकी 36 वर्षीय पुत्री शर्मिला खान व रिश्तेदार 38 वर्षीय करिश्मा पत्नी काविश खान निवासी एल्डिको सिटी आइएम रोड, लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर दुर्घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है। मृत विशाल सोनकर के स्वजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई की। कार सवार महिलाएं किसी रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने वाराणसी जा रही थीं।

# आबकारी विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**जफरबाद।** क्षेत्र के हौज टोल प्लाजा पर शनिवार की देर रात आबकारी विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस कार्यवाही के दौरान हाइवे पर हड़कम्प की स्थिति बनी रही। आबकारी अधिकारी तथा आबकारी इंस्पेक्टर अब्दुल कैश टीम के साथ उक्त टोल प्लाजा पर पहुंच गए। वहां पर दो घण्टे से ज्यादा पूरी टीम मौजूद रही। टीम ने कई चार पहिया तथा कन्टेनर आदि को रोककर उनकी चेकिंग की। चेकिंग के दौरान वाहनों के चेंबर तक की गहन तलाशी की गयी। तलाशी के दौरान मौके पर हड़कम्प मच गया। आबकारी निरीक्षक श्री कैश ने बताया कि निकाय चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के आने की संभावना पर यह कार्यवाही चल रही है। हाइवे के वाहनों तथा आस पास के ईंट भट्ठों पर भी निगरानी चल रही है। अवैध शराब की बिक्री किसी हाल में नहीं होने दी जाएगी।

# दुल्हन की तरह सजा चर्च, मनाया गया क्रिसमस पर्व



प्रभु यीशु के जन्म के उपलक्ष्य में जुटे ईसाई समुदाय के लोग संदेश सुनते हुए

जनसंदेश न्यूज

**उत्साह**

**देर रात तक मसीही समुदाय में रहा जश्न का माहौल**

**गोपीगंज।** नगर के पड़ाव स्थित चर्च में रविवार को क्रिसमस पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पादरी अजीत आलीवर फ्रांसिस ने प्रभु यीशु के जन्म के उपलक्ष्य में ईसाई समुदाय को संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि यीशु का जन्म मानव के उद्धार के लिए हुआ। सृष्टि के उद्धार के लिए हुआ। जो संसार में प्रेम और शांति लेकर आया। यीशु का जन्म मानव के प्रति परमेश्वर के प्रेम को प्रकट करता है। ईश्वर प्रेम और मानव के प्रति ईश्वर के अपार प्रेम के कारण ही उन्होंने अपने इकलौते पुत्र को जगत में भेजा। ईसाई धर्म के ईश्वर के तीन स्वरूप बताए गए हैं, जिसमें पिता पुत्र एवं पवित्र आत्मा है। ईश्वर ने मानव को स्वयं के रूप में रचा, परंतु मानव पाप करके ईश्वर से दूर भटक गए। इसी खाई हुई मानव जाति को वापस अपने पास लाने के लिए ईश्वर ने ईसा मसीह को मानव के रूप में जगत में भेजा। मानव जाति की सृष्टि के बारे में अपने स्वरूप के अनुसार उत्पन्न किया। नर और नारी करके उसने मनुष्यों की सृष्टि की उत्पत्ति की। उन्होंने कहा कि शांति एवं सद्भावना ईसाई धर्म के बुनियादी आदर्श हैं। पवित्र शास्त्र में ईशा को शांति का राजकुमार नाम से पुकारा गया है। त्याग एवं सेवा की भावना भी ईशा की शिक्षा के मुख्य भाग रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में फ्रांसिस, मसीह, मैथ्यू, डेनियल, नाथ एवं दास परिवार के लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## परंपरागत तरीके से मना सेंट मेरिज स्कूल का क्रिसमस-डे



**भदोही।** नईबाजार स्थित सेंट मैरीज स्कूल में रविवार को इसाई समुदाय का महत्वपूर्ण पर्व क्रिसमस डे धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर सभी ने प्रभु इशा मसीह और उनके बलिदान को याद किया। वहीं स्कूली बच्चों ने आकर्षक, सुंदर, मनोहारी झांकी सजाई थी। साथ ही प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित संगीतमय नाटक भी प्रस्तुत किया गया। सैंटा क्लोज के रूप में सजे छोटे छोटे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस डे की बधाई दी। साथ ही विभिन्न तरह के बने पकवान खिलाया। लोगों को उपहार दिए गए। आया मसीह चरनी में तू पापियों को बचाने को गीत के साथ शुरू हुए समारोह में स्कूल के प्रिंसिपल फादर आनंद लाकरा ने सभी को यीशु के जन्म से जुड़े कई रोचक प्रसंग बताते हुए प्रभु यीशु का संदेश दिया। कहा कि पवित्र आत्मा की सामर्थ्य और माता के द्वारा यीशु का इस संसार में जनम लेने का उद्देश्य इस संसार को पापों से मुक्ति दिलाने का था। कहा कि उनका अवतरण दबे कुचले लोगों को बंधन से मुक्त करने के लिए, अंधो, दिव्यांगों सबका भला करने के लिए हुआ था। सारे संसार के लोगों के लिए यीशु मसीह ने इस संसार में जनम लिया था ताकि वह हम सब को पापों से बचा सके। उसी यीशु मसीह के शुभ संदेश के साथ सारा संसार इस पवित्र बड़े दिन को यीशु के जन्मदिन के रूप में मनाते हैं। इस मौके पर पल्लीपुरोहित फादर डेविड, सिस्टर रेनू, सिस्टर फ्लोरेसिया, सिस्टर कृपावती नीरज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# बरनवाल समाज ने महाराजा अहिबरन की शोभायात्रा निकाल मनाई जयंती



महाराजा अहिबरन की शोभायात्रा निकाल जयंती मनाते बरनवाल समाज के लोग

जनसंदेश न्यूज

**कार्यक्रम**

**शोभायात्रा में शामिल हुए शहर भर के बरनवाल समाज के लोग**

**भदोही।** रविवार को महाराजा अहिबरन जयंती मनाने के लिए बड़ी संख्या में बरनवाल सेवा समिति भदोही के लोग इकट्ठा हुए और भव्य शोभायात्रा निकाल समारोह का आयोजन किया। शोभायात्रा में काफी संख्या में बरनवाल समाज के लोग शामिल रहे।

इस अवसर पर नगर के मेन रोड पर स्थित प्रभु कुंज से महाराजा अहिबरन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर के औराई रोड पर स्थित सेलिब्रेशन हाल में शोभायात्रा के पहुंचने के बाद महाआरती की गई। इसके साथ ही प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा में काफी संख्या में बरनवाल समाज के महिला व पुरुष के साथ बच्चे भी शामिल रहे। शोभायात्रा में बैंड बाजा, डीजे साथ रहा और गाड़ी पर महाराजा अहिबरन का चित्र रखा हुआ था। लोग श्रद्धा के साथ शोभायात्रा में शामिल होकर साथ-साथ चल रहे थे। सेलिब्रेशन हॉल में शोभायात्रा पहुंचने के बाद वहां पर समारोह का भी आयोजन किया गया। महाराजा अहिबरन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

# वुडवर्ड स्कूल में आयोजित किया एनुअल फेट-2022

**क्रिसमस डे**

**मुख्य अतिथि विधायक जाहिद बेग ने फीता काट कर किया वुडवर्ड पब्लिक स्कूल के एनुअल फेट का उद्घाटन**

जनसंदेश न्यूज



वुडवर्ड स्कूल में आयोजित एनुअल फेट में लगे स्टालों के देखते कालीन निर्यातक फहद अंसारी व स्टेशन अधीक्षक कोमल सिंह

**भदोही।** वुडवर्ड पब्लिक स्कूल में रविवार को क्रिसमस डे के दिन एनुअल फेट-2022 का आयोजन किया गया। जहां पर क्रिसमस डे भी मनाया गया। आयोजित एनुअल फेट का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक जाहिद बेग ने फीता काट कर किया।

इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित किए गए एनुअल फेट-2022 में छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा तमाम प्रकार के खाने-पीने वाले सामानों की दुकानें सजाई गई थी। वहीं उनके द्वारा गेम्स के भी स्टाल लगाए गए थे। एनुअल फेट में छात्र-छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी शामिल होने के लिए पहुंचे। छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में लगे सभी स्टालों को घूम-घूमकर देखा। वहीं बच्चों तथा टीचर्स द्वारा बनाए गए तमाम प्रकार के व्यंजनों को खरीदकर उसका जमकर लुत्फ उठाया। सभी ने वहां पर बनाए गए व्यंजनों की खूब तारीफ की।

एनुअल फेट-2022 में बच्चों ने खूब धमाल मचाते हुए उसका भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक पुनीत मेहरा, प्रिंसिपल शालिनी मेहरा, प्रशासक राजीव कुमार मौर्य, कालीन निर्यातक फहद अंसारी, भदोही रेलवे स्टेशन के अधीक्षक कोमल सिंह के साथ ही छात्र-छात्राएं और काफी संख्या में उनके अभिभावक मौजूद रहें।

## अटल चौक का निर्माण होने पर भाजपा नेता राहुल चतुर्वेदी ने जताई खुशी

**ज्ञानपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं क्षेत्रीय लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक राहुल चतुर्वेदी ने सुरियावा बाईपास चौराहे के नाम को अटल चौक रखते हुए अटल बिहारी वाजपेई पूर्व पीएम प्रतिमा लगाने के साथ ही चौक निर्माण को लेकर शासन-प्रशासन हुआ व जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। उन्होंने एक औपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि जिले के विकास के लिए शासन प्रशासन को पत्र भेजकर अवगत कराया जिसमें से सुरियावां चौराहे को अटल चौक करने की मांग को लेकर तत्कालीन डीएम राजेंद्र प्रसाद को पत्रक सौंपा था और आज देश के महान पुरुष व पूर्व पीएम अटल बिहारी के जयंती अवसर पर जनपदवासियों को सुखद व खुशी की एक सौगात मिला जो सुरियावा बाईपास चौराहे के नाम पर जाना जाता था अब वह अटल चौक के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि हम इस कार्य को लेकर जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार समेत जिले के जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हैं और मांग करते हैं कि जनपद में और भी जो समस्याएं हो समाप्त करते हुए विकास कार्य को तेजी के साथ आगे बढ़ाएं। वही उन्होंने महान पुरुषों के द्वारा किए गए कार्यों की भी जानकारी देते हुए लोगों को आत्मसात व उनके बताए गए मार्ग पर चलने के लिए संकल्पित कराता रहा।

# आरएएफ जवानों के साथ नायब तहसीलदार व एसओ ने किया फ्लैग मार्च

**सुरियावां।** आगामी उप्र ननि नगर पंचायत सुरियावा निर्वाचन-2022 को शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत रविवार को डीएम भदोही गौरांग राठी, डॉ. अनिल कुमार, एसपी के निर्देश पर आरएएफ जवानों के साथ नायब तहसीलदार व थानाध्यक्ष ने फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास दिलाया।

नायब तहसीलदार भदोही बलवंत उपाध्याय व थाना प्रभारी राकेश सिंह निरीक्षक, स्थानीय पुलिस बल व अमिताभ कुमार, कमांडेंट, 91 आरएएफ टीम के जवानों के साथ थाना सुरियावा क्षेत्र अंतर्गत थाना स्थानीय के बाईपास चौराहा, कुंदीपुर, पुरानी बाजार, नेता नगर, चौक गल्ला मंडी होते हुए नगर के विभिन्न हिस्सों तक फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन किया गया। फ्लैग मार्च एरिया डोमिनेशन परिचितीकरण भ्रमण कार्यक्रम कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया व शांतिपूर्ण वातावरण में कोविड-19 गाइडलाइंस का पालन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया।

# ग्राम पंचायत सचिवालय का जिपं अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**लोकार्पण**

**ग्राम प्रधान ने सभी अतिथियों को अटल की फोटो व अंगवस्त्रम देकर किया सम्मानित**

**ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिध व विधायक प्रतिनिधि रहे मौजूद**

जनसंदेश न्यूज



ग्राम पंचायत सचिवालय के लोकार्पण समारोह में उंपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते जिपं अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी

**ज्ञानपुर।** ऊंज क्षेत्र के दशरथपुर द्वितीय बयांव गांव में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिन पर सुशासन दिवस के अवसर पर नवनिर्मित ग्राम पंचायत सचिवालय का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने किया।

इसके उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्राम प्रधान की मांग पर गांव में एक हाई मास्ट सोलर लाइट तथा स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं आंगनवाड़ी केंद्र के भवन बनवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ज्ञानपुर अखिलेश्वर प्रताप सिंह उर्फ बबलू गांव में लगभग सात सौ मीटर इंटरलॉकिंग कराने का आश्वासन दिया। खंड विकास अधिकारी बृजेश नारायण त्रिपाठी ने पक्की सड़क से ग्राम सचिवालय होते हुए शर्मा बस्ती तक जाने वाली लगभग 500 मीटर कच्ची सड़क को इंटरलॉकिंग करने का आश्वासन दिया।

क्षेत्रीय विधायक विपुल दुबे नहीं आ पाए थे लेकिन उनके प्रतिनिधि सचिन दुबे ने गांव में प्रधान की मांग पर एक बारात घर बनवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मुनेश्वर गुप्ता, समाजसेवी आर के तिवारी, एडीओ पंचायत रमाशंकर मिश्र, पंचायत सचिव राम इकबाल, विजय बहादुर सिंह, अभोली ब्लाक प्रमुख के पति शेष धर बिंद, राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार बिंद, महेंद्र सिंह, राजन, विजय बहादुर सिंह, राम लाल यादव, सुखराज यादव, विनोद कुमार मिश्रा, अनिल कुमार तिवारी, शिव शंकर पांडेय, राधेश्याम तिवारी, शिव शंकर आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

लोकगीत गायक जटाशंकर रामराज एवं उषा देवी ने संगीत के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन शिवपागर शुक्ला ने व अध्यक्षता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हौसिला पाठक ने किया।

# साइंस प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन में 81 छात्रों को मेडल

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पालामऊ आरएन इंटर इंटरनेशनल स्कूल में साइंस प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन में 81 छात्रों को मेडल मिला और छात्रों के प्रजेंटेशन पर लोगों ने सराहना की।

स्कूल में साइंस प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन का आयोजन किया गया था जिसमें कक्षा एक से लेकर 8 तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और ग्रुप टीम के जरिए कुल 27 प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन छात्रों ने दिया। जिसमें जल संचय योजना, हार्ट अटैक से बचने के उपाय, शरीर के अंगों के बारे में ममी के जरिए जानकारी सौर ऊर्जा, बिजली की कम खपत, सूरज की रोशनी का इस्तेमाल, हेलीकॉप्टर, हाइड्रोलिक पावर मशीन की मशीनें जैसी कुल 27 प्रोजेक्ट छात्रों ने प्रदर्शनी में लगाई जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. विक्रम सिंह ने बारी-बारी से उनके प्रोजेक्ट को देखा और छात्रो के कौशल की सराहना की। कहा कि विज्ञान और तकनीक दोनों का समावेश इस प्रोजेक्ट में देखने जानने को मिल रहा है और छात्रों का प्रजेंटेशन काफी काबिले तारीफ है। इसमें आयुष्मान यादव, नैंसी यादव, दीपक, राहुल, सुनील, सोनाली, रिशु महिमा के प्रजेंटेशन को भी काफी सराहा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छोटेलाल यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन एमपी प्रजापति ने किया। मौके पर हर्षवर्धन, राधेश्याम, प्रिंसिपल सीनू यादव, डायरेक्टर शैलेंद्र यादव, रामफेर, वीरेंद्र, धीरज दुबे, अमृता यादव, जागृति, पूजा, प्रिया, वीरेंद्र कुमार मौजूद रहे।



जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## नाबालिग को भगाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार


**भदोही।** थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत आरोपी युवक द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुअसं.-214/2022 धारा-363, 366 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्रवाई प्रचलित की गयी। डॉ. अनिल कुमार, एसपी भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला संबंधित अपराध में त्वरित कार्रवाई के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद कर उक्त अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त मुलायम पुत्र बेचूलाल सरोज उम्र 22 वर्ष निवासी भावापुर थाना सुरियावां जिला भदोही को गिरफ्तार करने में सफलता रहे। साक्ष्य संकलन, मेडिकल परीक्षण व अपहृता द्वारा धारा-164 सीआरपीसी अंतर्गत दिए गए बयान के आधार पर विवेचना के क्रम में दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आने पर विधिक कार्रवाई करते हुए पंजीकृत अभियोग में धारा-376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

# सुशासन शिविर लगाकर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**बैठक**

**विकलांग पेंशन व आवास आवेदनों को प्राथमिकता से निस्तारित करने का दिया गया निर्देश**

जनसंदेश न्यूज



शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते वक्ता

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के राजेपुर ग्राम पंचायत में सुशासन शिविर लगाया गया। सुशासन शिविर में राजेपुर के ग्रामीणों ने सरकार की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना तथा विकलांग पेंशन योजना के लिए सचिव व ग्राम प्रधान के समक्ष प्रस्ताव दिया।

रविवार को ब्लॉक के राजेपुर गांव के पंचायत भवन पर सुशासन सप्ताह के अंतर्गत सुसाशन शिविर लगाया गया। सर्वप्रथम इस शिविर में 14 लोगों ने मुख्यमंत्री आवास, 8 लोगों ने वृद्धा पेंशन व एक ने विकलांग पेंशन के लिए आवेदन किया जिसको गंभीरता से लेते हुए ग्राम प्रधान मनोरमा सिंह ने उपस्थित ब्लॉक कर्मियों को पात्रता की जांच करवाने का निर्देश दिया। इस शिविर में ग्राम प्रधान मनोरमा सिंह व सेक्रेटरी अखिलेश कुमार गौड़ द्वारा 59 पात्रों को सरकार की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। इस दौरान बुलट सिंह, सेक्रेटरी अखिलेश कुमार, टिंकू, वीरेंद्र कुमार, हलवलदार, अभिषेक जायसवाल व साहब लाल उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### भाजपा कार्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

**ज्ञानपुर।** भाजपा के जिला कार्यालय ज्ञानपुर में सुशासन दिवस जन्मदिन के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल ने कहा की जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी में सभी को एक साथ लेकर चलने की क्षमता अटल बिहारी वाजपेई ने प्रदान किया था और देश की स्थिति को मजबूत किया था आज उसी पद चिन्हों पर हमारे देश के प्रधानमंत्री उसको चरितार्थ करने का काम किया है। मुख्य अतिथि ने कहा की आज ही के दिन भदोही से सटे प्रयागराज जनपद में जन्म लेने वाले पंडित मदन मोहन मालवीय जिन्होंने इतिहास रचा और विश्व पटल पर देश के नाम को रोशन किया और बनारस में जो ख्याति उन्होंने प्राप्त किया। इसी क्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद, गोरख नाथ पांडेय, नागेंद्र सिंह, रमेश पांडेय, गोवर्धन राय, मदनलाल बिंद, सत्य शील गुप्ता, लालता प्रसाद सोनकर, सुरेंद्र पांडेय, प्रदीप सिंह, गोरेलाल पांडेय, अखंड प्रताप सिंह, सपना दुबे, मनीषा, सविता गौतम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेई का मनाया जन्मदिन

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज के वार्ड नं 22 काली देवी पर भारत गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री मिसाइल मैन के नाम से मशहूर पं. अटल बिहारी वाजपेयी का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सुशासन के रूप में जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व सभासद विन्देश गुप्ता, वार्ड अध्यक्ष उमेश मोदनवाल, वार्ड अध्यक्ष राकेश मोदनवाल, रविन्द बाजपेयी, शंकर लाल गुप्ता, चन्दन कनौजिया, रवि मोदनवाल, ज्ञानेश बिंद, मनीष मोदनवाल, सूरज जायसवाल, राजू मोदनवाल, अनूप कसेरा, मन्नू बाजपेयी, प्रदीप पंजाबी, राजेश मोदनवाल, गणेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### फांसी लगाकर महिला ने दी जान

**मड़ियाहूं।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रजमलपुर गांव निवासी अनिल पटेल पत्नी बेबी देवी 35 वर्ष बीती रात कमरे का दरवाजा बंद करके सो रही थी। दोपहर 12 बजे तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से आवाज न आने पर परिजनों ने किसी तरीके से दरवाजा खोला तो देखा साड़ी का फंदा बनाकर बेबी पंखे से लटक रही है। परिजनों ने शंव को नीचे उतारकर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन कर शंव को अपने कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेज दिया। महिला अपने पति से अलग अपने ही ससुराल में रह रही थी और कोर्ट में मुकदमा भी चल रहा था।

### जन चौपाल में ग्रामीणों के साथ बैठक कर सुनीं समस्याएं

**सुइथाकला।** शासन की मंशानुरूप सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत रविवार को हमजापुर गांव में पंचायत भवन पर जन चौपाल का आयोजन हुआ। पंचायत भवन पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में सचिव सौरभ मिश्रा ने उपस्थित ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया। उन्होंने मनरेगा जाबकार्ड, पेंशन, श्रमकार्ड एवं आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि आदि बनवाने की प्रक्रिया तथा उसमे मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार, लेखपाल ऋतुराज, हसन अब्बास, सौरभ सिंह सहित आशा, सफाईकर्मी व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### रस्साकशी में येलो व कबड्डी में ब्लू हाउस ने मारी बाजी



**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय नगर के जंघई मार्ग स्थित द्विवेदी पैराडाइज स्कूल एंड कॉलेज में रविवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन गीत और नृत्य के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान कक्षा प्ले ग्रुप से लेकर 12 तक के छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। खेलकूद प्रतियोगिता के आखिरी दिन छात्र-छात्राओं ने डिस्क थ्रो, 50 व 100 मीटर रेस, कबड्डी, रस्साकशी व रिले रेस में चार हाउस जिसमें रेड, ग्रीन, एलो व ब्लू हाउस ने भाग लिया। 200 मीटर लम्बी दौड़ प्रतियोगिता लड़कों में ग्रीन हाउस व लड़कियों में रेड हाउस प्रथम रहा। सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता लड़कों में येलो व ब्लू हाउस में 8 पॉइंट से ब्लू हाउस प्रथम रहा तथा रस्साकशी में रेड व येलो हाउस में येलो हाउस प्रथम रहा। जूनियर वर्ग रिले रेस बालक व बालिकाओं की प्रतियोगिता में बालक वर्ग से ग्रीन व बालिकाओं से रेड हाउस प्रथम रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में समीर, राहुल पाल, अब्दुल हाफिज, आंचल आदि को मुख्य अतिथि जिला फिरोजाबाद के जज पवन तिवारी, विशिष्ट अतिथि डिप्टी कमिश्नर रमेश सिंह, भूपेंद्र सिंह डिप्टी कमिश्नर व संस्थापक चंद्रकांत द्विवेदी के साथ ही डायरेक्टर प्रभाकर महराज व प्रधानाचार्य मनीष मिश्रा ने संयुक्त रूप से छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

### इम्बार्क ऑन 2022 के माध्यम से नवप्रवेशी छात्रों का हुआ स्वागत



**जौनपुर।** तिलकधारी महाविद्यालय के परास्नातक द्वितीय वर्ष (अंग्रेजी) के छात्रों ने परास्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले नवीन छात्रों के लिए इम्बार्क ऑन 2022 शीर्षक फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. आरएन ओझा, अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. वन्दना दूबे, प्रो. ज्ञानेंद्र धर दुबे, एसोसिएट प्रो. कनक सिंह तथा प्राध्यापक कुँवर शेखर गुप्ता ने अपने आशीर्वचन के माध्यम से सभी छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एमए द्वितीय वर्ष से वैष्णवी, साक्षी, दिव्यांशी, प्राची, रानी पाठक ने एवं एमए प्रथम वर्ष से शालिनी राजभर, सचिन उपाध्याय, नेहा मिश्रा, खुशी सिंह, सृष्टि तिवारी, प्रिया गुप्ता, निधी, आकांक्षा मौर्या, वंशिका सिंह, राधिका समेत दर्जनों अभ्यर्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभी का मन मोहा। परम्परानुसार सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए मिस फ्रेशर के रूप में नेहा मिश्रा एवं मिस्टर फ्रेशर के रूप में किशन उपाध्याय को चयनित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश के लिए बधाइयाँ दी। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वन्दना दूबे ने नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें अपने अंदर सहनशीलता एवं सकारात्मकता जैसे गुणों को अपनाते हुए अध्ययन को करने की सलाह दी और अपने ज्ञान के माध्यम से महाविद्यालय का नाम रौशन करने के लिए शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अरशद खान व दिव्यांशी गुप्ता ने किया।

### भविष्यद्रष्टा व राजनीति के अजातशत्रु थे अटल बिहारी वाजपेयी : राकेश त्रिवेदी

**जौनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती पर रविवार को भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के अध्यक्षता में संगोष्ठी मतापुर वार्ड में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी डॉ. राकेश त्रिवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डॉ. राकेश ने कहा कि मूल्यों और आदर्शों की राजनीति के साधक, प्रखर वक्ता, उत्कृष्ट कवि, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि आपका ऋषियों जैसा जीवन सभी राष्ट्र आराधकों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने आगे कहा कि माता सरस्वती जिनकी वाणी में वास करती थीं, ऐसे हमारे अग्रज पूर्व प्रधानमंत्री अटल संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी में अपना विचार व्यक्त करते हुये अटल जी ने हिन्दी को प्रतिष्ठित किया। केवल हिन्दी को नहीं, अपितु हमारे देश के स्वाभिमान को प्रतिष्ठित किया। उन्होंने कई बार भारतीय सदन के अंदर भी कविताओं के जरिए पक्ष और विपक्ष के नेताओं का दिल जीत लिया था। इसी क्रम में एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु ने कहा कि देश की नदियों को परस्पर जोड़कर एक नये भारत के निर्माण का सपना देखने वाले भविष्यद्रष्टा, श्रद्धेय अटल जी के विचारों को प्रधानमंत्री मोदी मूर्तरूप दे रहे है। राजनीति के अजातशत्रु, विचारों के धनी अटल जी स्वतंत्रता से पहले अंग्रेजों से लड़ते हुए और आजादी के बाद आपातकाल में भी जेल गये। उन्होंने कभी विचारों से समझौता नहीं किया। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक और उपयोगी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने आये हुये सभी कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन किया। संगोष्ठी के उपरांत मतापुर वार्ड के कार्यालय का उद्घाटन जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम को दिनेश सिंह बब्बू, नीरज सिंह, नंदलाल यादव, सुनील यादव मम्मन, सतीश सिंह त्यागी आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव, पीयूष गुप्ता, जिला मंत्री रविन्द्र सिंह राजू दादा, प्रमोद यादव, उमाशंकर सिंह, धनन्जय सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना, राम सिंह मौर्या, मेराज हैदर, अंकित गुप्ता जगमेंद्र निषाद आदि उपस्थित रहे।



# क्रिसमस के जश्न में डूबी काशी, कैरोल गीत से गूंजे चर्च

**मैरी क्रिसमस**

**नगर के विभिन्न चर्चों में मेला सा रहा नजारा एक दूसरे को दी बधाई**

**सांता क्लॉज रूपी बच्चों ने लोगों का मोहा मन, उपहार पाकर खुशी से झूमें**

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** दिसंबर की रात 12 बजे के बाद सेंट मेरी महागिरजा में जब बिशप फादर यूजीन जोसफ ने प्रभु यीशु के जन्म की घोषणा की तो शहर के सभी चर्चों में पवित्र घंटे बजने लगे। सभी चर्चों में कैरोल सांग गूंज उठा और सभी एक दुसरे को मैरी क्रिसमस कह बधाइयां देने लगे।





सिर्फ 24 की मध्य रात्रि ही नहीं बल्कि क्रिसमस का जश्न 25 दिसंबर रविवार को दिन भर देखने को मिला। शहर के सभी चर्चों में लोग एक दूसरे को बधाई देते दिखे। महादेव की नगरी काशी में सभी धर्म और सम्प्रदाय के लोग क्रिसमस की मस्ती में डूबे दिखे।

शहर के लाल गिरजाघर सहित सभी चर्च में रविवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सभी सम्प्रदाय के लोग यहां पहुंचे और प्रभु यीशु के जन्मस्थल की झांकी के समीप मोमबत्ति जलाते हुए प्रभु यीशु से आने वाले साल में सुख समृद्धि की कामना की, वहीं चर्च में खास प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

### फूलों व झालरों से सजे रहे चर्च

क्रिसमस को देखते हुए लाल गिरजाघर, सेंट मैरीज कैथोलिक चर्च, सेंट मैरीज इंग्लिश चर्च, सेंट पॉल चर्च, सेंट थामस चर्च सहित शहर के तमाम गिरजाघरों को खूबसूरत तरीके से सजाया गया था। शहर भर के चर्चों में केक काटा गया और आगंतुकों को केक खिलाया गया।

### गुनगुनी धूप में चहके चेहरे सेल्फी की धूम

रविवार को मौसम भी खुशगवार बना रहा। सुबह से ही गुनगुनी धूप निकली रही। ठंड का प्रभाव रोजाना से कम रहा। गिरजाघरों के बाहर युवा एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई देते और सेल्फी लेते देखे गए। लोगों में क्रिसमस को लेकर काफी उत्साह भी रहा। गुनगुनी धूप के बीच सेल्फी का दौर चला। एक दूसरे को बधाई देते पूरा दिन बीता। सभी ने चर्च मेला की सराहना की,

### सांता क्लॉज बनें बच्चों ने की मस्ती

क्रिसमस पर वैसे तो सांता क्लाज रात को लोगों तक उनके केहे अनुसार उपहार देतें हैं लेकिन रविवार को भी गिरजाघरों में सांता क्लाज के रुप में आएं बच्चों ने सभी को मैरी क्रिसमस की बधाई देते हुए अपनी जेब से टॉफी भी वितरित किया। बच्चों के मनमोहक छवि लोगों को मंत्रमुग्ध करती रही।





### गोशाला में सजी झांकी ने मोहा मन

चर्चो में सजी गौशाला की झांकी ने सभी का मन मोह लिया, माता मरियम की गोद में प्रभु यीशु और चरवाह के आसपास पशु पक्षियों की जमघट की अद्भुत झांकी और आकर्षध विद्युत झालरों की जगमगाहट ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। इसके साथ ही क्रिसमस ट्री ने भी सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। माना जाता है कि प्रभु यीशु का जन्म गौशाला में चरनी में हुआ था। इसके साथ ही चर्च एवं घरों को वेलवेट पेपर, झालर बिजली, तोरण आदि से सजाया गया था।

### क्रिसमस डे पर क्यों बनाते हैं क्रिसमस ट्री

एक मान्यता के अनुसार, क्रिसमस ट्री घर में लगाने से बुरी शक्तियां दूर रहती हैं और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। क्रिसमस ट्री को जीवन की निरंतरता का प्रतीक भी माना जाता है। कहते हैं कि ईसा मसीह के जन्म के समय पेड़ों ने अपने ऊपर जमी बर्फ को हटाकर नए हरे पत्तों का उत्पादन किया था। जिस वजह से क्रिसमस ट्री सर्दियों में जीने के साहस का प्रतीक भी है। ऐसा माना जाता है कि क्रिसमस ट्री लगाए जाने वाले स्टार जीवन से अंधेरा दूर कर रोशनी भरने की आशा पैदा करते हैं । क्रिसमस ट्री पर लगा छोटा सा सांता क्लॉज जीवन में छोटी-छोटी चीजों से मिलने वाली खुशियों का एहसास कराता है।



**सेंट मैरीज इंग्लिश चर्च**

# बनारस प्रवास के दौरान क्वीन एलिजाबेथ ने इस गिरजाघर में की थी प्रार्थना

**कैंटोमेंट स्थित सेंट मैरीज इंग्लिश चर्च की 18वीं शताब्दी में डैनियल कोरी ने रखी थी नींव**

**11.5 एकड़ में बना है सेंट मैरीज इंग्लिश चर्च, आज भी ब्रिटिश काल की बनीं दीवारें जस की तस**

**वाराणसी।** छावनी क्षेत्र स्थित 18वीं शताब्दी में निर्मित सेंट मेरीज चर्च बनारस ही नहीं बल्कि उत्तर भारत का संभवतः सबसे पुराना प्रोटेस्टेंट चर्च है। 29 अप्रैल 1810 में डेनियल कोरी ने इसकी नींव रखी थी। 1812 में चर्च बनकर तैयार हुआ। बाद में इसमें और निर्माण होते रहे। इसके पहले पादरी सी. साइमन थे। चर्च को एंग्लिकन चर्च, गैरिसन चर्च व वेस्टेड इन क्राउन के नाम से भी जाना जाता है।

18वीं शताब्दी में कैंटोमेंट का यह स्थान ब्रिटिश छावनी के रुप में जाना जाता था, नक्काशीदार शैली में बने इस गिरजाघर की फर्श पिकॉक कार्पेट से सुसज्जित थी। चर्च में लगे ब्रेंच इस तरह से डिजाइन किए गए थे कि प्रार्थना करने आने सैनिकों की बंदूकें आराम से रखी जाएं। कहीं जाने से पहले सैनिक यहां प्रार्थना करना नहीं भूलते थे। अंग्रेजी में प्रेयर की परंपरा होने के कारण ही इसे इंग्लिश चर्च का नाम दिया गया। 1961 में बनारस प्रवास के दौरान क्वीन एलिजाबेथ ने इसी गिरजाघर में प्रार्थना की थी। वहीं स्कॉटलैंड के राजकुमार जॉन ड्यूक भी इस पवित्र स्थल पर प्रभु यीशु की आराधना करने आ चुके हैं।

## प्रभु यीशु की शहादत की याद दिलाता लाल गिरजाघर

आजादी के पहले छावनी स्थित लाल गिरजाघर में अंग्रेज सैनिक आराधना करते थे। उस समय भी इस गिरजाघर का रंग लाल था। आज भी इस गिरजाघर का लाल रंग और स्वरूप बरकरार है। चर्च का लाल रंग ईसामसीह की शहादत का प्रतीक है, वहीं श्वेत रंग शांति का। इसी रंग ने गिरजाघर को खूबसूरत प्रदान की है। समय-समय पर यहां ङ्क्षहदी के साथ ही अंग्रेजी व उर्दू में आराधना होती है। पादरी संजय दान के अनुसार ब्रिटिश पादरी एनवर्ट फैंटीमैन ने इस खूबसूरत चर्च की आधारशिला 1879 में रखी थी। पूर्व पादरी सैम जोशुआ सिंह बताते हैं कि 1887 में जब चर्च बना तो इसके पहले पादरी भारतीय मूल के ईश्वरी लाल बनाए गए। उन्होंने 1903 तक चर्च में सेवा दी। वहीं 1903 में आइ सआदतउल्लाह इसके दूसरे पादरी बने। चर्चेज ऑफ नार्थ इंडिया (सीएनआइ) ने 1995 में सैम जोशुआ सिंह को गिरजाघर का 60वां पादरी बनाया था। संजय दान इसके 61वें पादरी हैं।



## खूबसूरती को समेटे है तेलियाबाग का चर्च

देश में क्रिश्चियन इतिहास का दस्तावेज है तेलियाबाग सीएनआइ चर्च। इसकी आधारशिला 1856 में जॉन मुलेट ने रखी और इसके पहले पादरी भी बने। दस्तावेजों के अनुसार चर्च के लिए जमीन जमींदार बटुक दयाल सिंह से खरीदी गई थी। अन्य गिरजाघरों में ईसाईयों की बढ़ती आबादी के कारण प्रभु यीशु की आराधना के लिए एक और चर्च की जरूरत महसूस की गई, जिसके फलस्वरूप तेलियाबाग के इस चर्च की स्थापना हुई।

## इस चर्च में गीता के श्लोक सभी धर्मो के देते हैं संदेश



छावनी क्षेत्र स्थित सेंट मेरीज महागिरजा मसीही आस्था का प्रमुख केंद्र है। वाराणसी धर्मप्रांत द्वारा संचालित सेंट मेरीज चर्च को भव्यता और सुंदरता 1970 में बिशप बने पैट्रिक डिसूजा ने अपने कार्यकाल में प्रदान की थी। उन्होंने आठ अगस्त 1970 कार्यभार ग्रहण किया था। इससे पहले बनारस आगरा धर्मप्रांत द्वारा संचालित होता था। इस भव्य चर्च की आधारशिला 1840 में अंग्रेजी हुकूमत के दौरान रखी गई थी, लेकिन इसका लिखित इतिहास 1920 से मिलता है। पैट्रिक डिसूजा के प्रयास से चर्च को महागिरजा का दर्जा मिला। भव्यता प्रदान करने के लिए 1989 में इसका दोबारा निर्माण शुरू हुआ। कुशल वास्तुविद की देखरेख में जब यह कैथेड्रल 1993 में बनकर तैयार हुआ तो सभी ने इसकी खूबसूरती की सराहना की। धर्मप्रांत के बिशप यूजीन जोसेफ सेंट मेरीज महागिरजा की गिनती दुनिया के खूबसूरत गिरजाघरों में होती है। पर्यटक इस महागिरजा की खूबसूरती को देखते ही रह जाते हैं। महागिरजा वास्तुकला और खूबसूरती के हिसाब से देश की शान है। बेसमेंट में बाइबल प्रदर्शनी इसका मुख्य आकर्षण है। फादर चंद्रकांत बताते हैं कि पवित्र बाइबल में वर्णित सृष्टि की रचना से लेकर मानव मुक्ति योजना व प्रभु यीशु मसीह के जन्म से लेकर पुनरुत्थान तक की घटनाएं सजीव झांकियों द्वारा प्रदर्शित हैं। सारी झांकियां अत्याधुनिक तकनीक की सहायता से विद्युत मशीनों द्वारा संचालित होती हैं। लकड़ी की प्रतिमाओं में मशीनों द्वारा गति व आडियो के समन्वय को देखकर लगता है मानों प्रतिमाएं जीवित हो उठी हैं। इस महागिरजा की बाहरी दीवारों पर प्रभु यीशु के संदेश लिखे हैं वहीं भीतरी दीवार पर गीता का श्लोक 'सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः' भी अंकित है। क्रिसमस पर यहां तीन दिनों तक मेले का आयोजन होता है। भव्य मेले के बहाने सभी धर्म के लोगों की जुटान होती है, जो काशी की गंगा-जमुनी तहजीब को प्रगाढ़ता प्रदान करता है।



# सूफी गायक महेश चंदर ने गीतों से समां बांधा

**महिलाओं संग युवाओं व बच्चों ने भी लिया आनंद**

**सिंधु महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम**



**वाराणसी।** सिंधु विकास समिति की ओर से सिंधी सभ्यता, संस्कृति पर आधारित सिंधु महोत्सव का रविवार की शाम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इष्टदेव झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु रहे। अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष चंदन रूपानी ने किया। कार्यक्रम की रुपरेखा हेमनदास तलरेजा ने रखा। समारोह में समाज के युवा वर्ग सिंधी परिधानों में दिखायी दिये। साथ हळ्ी समाज की महिलाओं ने भी अपने परिधानों का प्रदर्शन बखूबी किया। तत्पश्चात मुंबई से आये प्रसिद्ध सूफी गायक महेश चंदर ने गीतों से समां बांध दिया। सिंधी समाज के रॉक स्टार के रूप में मशहूर विपिन शिवानी ने गीत व संगीत से सभी को झूमने के लिए बाध्य कर दिया। संचालन मान्या चंदानी, सात्विक तलरेजा, दीपक वासवानी, नरेश बडानी ने किया। सुबह सिंधु विकास समिति की ओर से ऊर्जा के सहयोग से प्रदर्शनी भी लगायी गई। जिसमें समाज की लगभग महिलाओं ने 50 से अधिक स्टॉल लगाये गये थे। जिसका संचालन मधु मोटवानी, हर्षा केशवानी व वर्षा बडानी ने किया। कार्यक्रम में अशोक तलरेजा, श्याम खेमानी, श्रीचंद्र पंजवानी, सुरेश बाध्या, हीरानंद लखमानी, मनोज लखमानी, राज चांगमानी, जगदीश पेशवानी, सागर लालवानी, दिलीप मोटवानी, गौतम वाधवानी, भानु वाधवानी, सुमित धमेजा आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन ओम किमतानी व ओम डोडवानी ने दिया।

# फूलों का राजा गुलाब ही नहीं गुलदावदी और रजनीगंधा का भी आकर्षण

**आयोजन**

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में तीन दिनी मालवीय स्मृति पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ**

**विभिन्न विभागों, नर्सरियों, संस्थाओं तथा आसपास के जनपदों से भी है भागीदारी**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती पर रविवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मालवीय भवन में तीन दिनी मालवीय स्मृति पुष्प प्रदर्शनी आरंभ हुई। इस अति प्रतिष्ठित आयोजन में बीएचयू के विभिन्न विभाग, छात्रावास तथा उद्यान समेत जनपद और आसपास के जिलों के कई सरकारी महकमें, संस्थाएं और नर्सरियों के अलावा आमलोगों की ओर से भी हिस्सेदारी हो रही है। पहले ही दिन प्रदर्शनी देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। परिसर में सुसज्जित कई फूल अत्यधिक आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं।



## गुलाब के यह फूल रहे चर्चित

1. किंग ऑफ द शो : जुमेलिया
2. क्वीन ऑफ द शो : रिवाइल
3. प्रिंस ऑफ द शो : ट्रॉपिकल अमेजन
4. प्रिंसेस ऑफ द शो : पी चावलेंथु

बीएचयू के कुलगुरु प्रो. वीके शुक्ल ने पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। आयोजन सचिव एवं आचार्य प्रभारी उद्यान विशेषज्ञ इकाई प्रो. आनंद कुमार सिंह ने प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। परिसर में मुख्य रूप से गुलदावदी के गमले एवं फूलों के संग्रह ने लोगों का ध्यान आकृष्ट किया। वहीं, कोलियस, कई प्रकार के शोभाकारी पौधे और रंगीन पत्तियों के समूहों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। गुलदावदी के कटे फूल, गुलाब के कटे फूल, लीलियम, जरबेरा, कार्नेशन, ग्लैडियोलस, रजनीगंधा, बर्ड ऑफ पैराडाइज, गेंदा तथा गुलाब आदि फूलों के गमले लोगों के लिए सेल्फी प्वॉइंट बन गए।







यहां रिफ्लैक्स्ड, इनकर्वड, इनकर्विंग, स्पाइडर, पोममैन, स्पून, एनिमोन आदि प्रारूप प्रदर्शित किये गए हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जियों सहित कलात्मक पुष्प सज्जा, फूलों से तैयार मंडप, पुष्पों से तैयार किया गया विश्वविद्यालय के मुख्यद्वार की प्रतिकृति, फूलों से तैयार रंगोली, सुकर्तन कला (टॉपियरी), बोनसाई और हरी पत्तियों के संग्रह पेश किये गये हैं। साथ ही महामना पर आधारित वास्तुकला के नमूने, मानव, पक्षी एवं जलप्रपात आदि भी आकर्षण का केंद्र हैं। आगामी 27 दिसंबर तक चलने वाली यह प्रदर्शनी आमलोगों के लिए प्रतिदिन शाम छह बजे तक खुली रहेगी।



## इनकी भी है हिस्सेदारी

39 जीटीसी छावनी परिषद, उप निदेशक उद्यान वाराणसी, जिला उद्यान अधिकारी वाराणसी, आजमगढ़, गाजीपुर, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, संत रविदास नगर (भदोही), चंदौली, मऊ, बनारस रेल इंजन कारखाना, केंद्रीय कारागार, पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी, जिला कारागार, धीरेंद्र कन्या महाविद्यालय, विंध्य गुरुकुल कॉलेज मीरजापुर, वाराणसी के विभिन्न नर्सरी एवं होटल आदि।

## सजे हैं आठ हजार प्रदर्श

तीन दिनी मालवीय स्मृति पुष्प प्रदर्शनी में लगभग आठ हजार फूल-फल व सब्जी समेत विभिन्न प्रदर्श प्रस्तुत किये गये हैं जो बीते साल की तुलना में अधिक हैं। आयोजन के उद्घाटन के अवसर पर छात्र अधिष्ठाता प्रो. एके नेमा, वित्ताधिकारी डॉ. अभय कुमार ठाकुर, कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. यशवंत सिंह, पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान के निदेशक प्रो. एएस रघुवंशी, विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिकारी (उद्यान) अश्निनी कुमार देशवाल, उद्यान विज्ञान विभाग के डॉ. एके पाल आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

फोटो : शंकर चतुर्वेदी/बीबी यादव